सुप्रभात
रांची, मंगलवार
25.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | वैशाख, शुक्ल पक्ष, पंचमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 280



12 अपने बोल्ड लुक की वजह से ट्रोल हुई नेहा शर्मा

## न्यूज डायरी

### नहीं रहे मशहूर पत्रकार सह लेखक तारेक फतह

**ओटावा।** मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार और लेखक तारेक फतह (73) का निधन हो गया। कैंसर के कारण लंबे समय से बीमार फतेह की बेटी नताशा ने उनके निधन की पुष्टि की।

### ट्रेन के सामने कूदने से बच्ची की मौत, मां गंभीर

**लोहरदगा।** रेलवे स्टेशन के करीब हिंडाल्को साइडिंग पुल के पास दोपहर करीब ढाई बजे चोपन रांची ट्रेन के सामने मां-बेटी कूद गयी, जिसमें बच्ची की मौत हो गयी। वहीं गंभीर मां रिम्स रेफर की गयी है।

### प्रेस सलाहकार की मां का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रांची।** सोमवार को सीएम के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद की मां विमला देवी का निधन हो गया। सीएम ने उनके निधन पर शोक जताया है। वे श्री प्रसाद के अपर शिवपुरी स्थित आवास पहुंचे और पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किये और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

### गैंगस्टर एक्ट में सजा को मुख्तार अंसारी ने दी चुनौती

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में सजा के खिलाफ 63 दिन की देरी से दाखिल आपराधिक अपील पर राज्य सरकार को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का समय दिया है। अगली सुनवाई 15 मई को होगी।

### भारत-चीन सैन्य कमांडरों की वार्ता का नतीजा नहीं

**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन से सैन्य गतिरोध के समाधान को दोनों देशों की सेनाओं के कोर कमांडरों की बैठक हुई, जिसमें विवादास्पद मुद्दों के बातचीत से शीघ्र समाधान पर एक बार फिर सहमति बनी है।

### सूडान से भारतीयों को निकालने का अभियान

**नयी दिल्ली।** भारत ने सूडान में गृह युद्ध के बीच वहां रहने वाले प्रवासी भारतीयों को इस स्थिति में सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को ऑपरेशन कावेरी शुरू कर दिया।

### कोरोना संक्रमण के मामले 65,000 से ज्यादा

**नयी दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के सात हजार से ज्यादा नये मामले सामने आये हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 65 हजार से अधिक हो गयी है।

### श्रमिकों को फ्री बस पास देगी दिल्ली सरकार

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने मजदूरों को बस यात्रा के लिए मुफ्त पास देने का निर्णय लिया है। सोमवार को ट्वीट कर मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने श्रम विभाग संग समीक्षा बैठक के दौरान विभाग को आदेश दिया कि सरकारी सुविधाओं एवं योजनाओं को दिल्ली में पंजीकृत सभी 13 लाख श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए काम हो।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

---

## सभी को एक साथ बैठा कर छवि रंजन से 11 घंटे पूछताछ

# इडी ने पूछा- घोटाले के आरोपियों को जानते हैं, पहचानने से मुकरे

➲ साढ़े दस बजे इडी दफ्तर पहुंचे रांची के पूर्व डीसी, 11 घंटे बाद निकले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सैन्य जमीन घोटाले के मामले में इडी के तीसरे समन पर रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन सोमवार को इडी कार्यालय पहुंचे। वह 10.30 बजे पहुंचे और सीधे इडी दफ्तर के अंदर गये। उन्होंने मीडिया के सवालों का कोई जवाब नहीं दिया। इडी अधिकारियों ने छह आरोपियों को एक साथ बैठा छवि रंजन से पूछा- क्या सैन्य जमीन घोटाले के आरोपियों को पहचानते हैं? सूत्रों के मुताबिक, छवि रंजन ने आरोपियों को पहचानने से इनकार कर दिया। इडी अधिकारियों ने छवि रंजन से सैन्य जमीन घोटाले समेत कई जमीन घोटाला व अनगड़ा खनन लीज प्रकरण के मुद्दे पर करीब 11 घंटे तक पूछताछ की।

**सात आरोपी कोर्ट में पेश, एक को जेल :** इससे पूर्व इडी ने सेना के जमीन घोटाला से जुड़े गिरफ्तार सात आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से फैयाज खान को जेल भेज दिया गया। इडी ने तीन दिनों तक छह आरोपियों को फिर से रिमांड पर लिया है। जिसके बाद इन्हें फिर से इडी कार्यालय लाया गया। जहां उन्हें आमने-सामने बैठा कर पूछताछ की गयी।

(शेष पेज 11 पर)

### छवि रंजन की भूमिका संदिग्ध



छवि रंजन पर अवैध तरीके से सेना की जमीन बेचे जाने का आरोप है। राजस्व कर्मी से लेकर आइएएस तक इस मामले में संलिप्त हैं। आइएएस छवि रंजन के खिलाफ कार्रवाई से पहले छानबीन में इडी को यह जानकारी मिली कि सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में कई गड़बड़ियों में तत्कालीन डीसी छवि रंजन की भूमिका संदिग्ध है। आयुक्त की जांच रिपोर्ट में भी कई खुलासे किये गये थे।

**फर्जी दस्तावेज पर बेची गयी थी जमीन :** रिपोर्ट में यह बात सामने आयी थी कि प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को जमीन बेच दी थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिन होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था, वह जांच में फर्जी मिले थे। इस मामले में रांची नगर निगम के टैक्स संग्रहकर्ता दिलीप शर्मा ने नगर आयुक्त के आदेश पर प्रदीप बागची के खिलाफ बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि प्रदीप ने फर्जी दस्तावेज दिखाकर दो-दो होल्डिंग नंबर ले लिया था।

---

# कस्तूरबा विद्यालय में कोरोना विस्फोट, 46 छात्राएं संक्रमित

## चाकुलिया स्कूल के पीछे स्थित भवन में बच्चियां की गयीं आईसोलेट

■ कुल 235 छात्राओं की हुई थी कोरोना जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (केजीबीबी) की 46 बच्चियां कोरोना संक्रमित मिली हैं। स्कूल में सोमवार को सभी 235 छात्राओं की कोरोना जांच की गयी। इनमें से 46 कोरोना संक्रमित मिलीं। सभी संक्रमित बच्चियों को स्कूल के पीछे स्थित भवन में आईसोलेट किया गया है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में इतनी बड़ी संख्या में बच्चियों के कोरोना संक्रमित होने पर स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। प्रखंड से लेकर जिला तक के पदाधिकारी हरकत में आ गये हैं। बच्चियों को आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के बाद विद्यालय के पीछे स्थित एक भवन में होम आइसोलेट कर दिया गया है। सभी जांच लैब टेक्नीशियन प्रवीर बेहरा द्वारा रैपिड एंटीजन टेस्ट किट से की गयी है।

### बीमार होने पर की गयी थी कोरोना जांच



प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रंजीत मुर्मू ने कहा कि पिछले दिनों कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की दो छात्राएं कोरोना संक्रमित मिली थीं। इसके बाद विद्यालय परिसर में कई बच्चियों के बुखार एवं सर्दी खांसी होने की शिकायत मिल रही थी। स्कूल की वार्डन ने उनसे दूरभाष पर संपर्क कर बच्चियों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए कोरोना जांच कराने का आग्रह किया था। अस्पताल से टीम भेजकर जांच की गयी। उन्होंने कहा कि अभी तक सभी छात्राओं की जांच नहीं की गयी। मंगलवार को 3 सदस्यीय टीम स्कूल पहुंचकर शेष बच्चियों की भी कोरोना जांच करेगी। इसके अलावा विद्यालय के सभी कर्मचारियों की भी कोरोना जांच होगी। उन्होंने कहा कि जिला से प्राप्त निर्देश के मुताबिक चाकुलिया के अंधारिया स्थित अनुसूचित जाति जनजाति आवासीय प्राथमिक विद्यालय में भी टीम बनाकर कोरोना जांच की जायेगी।

---

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया धनबाद सर्वाधिक प्रदूषित शहर

## कोर्ट ने कहा प्रदूषण रोकने को क्या कर रहे हैं शपथ पत्र दें

■ ग्रामीण एकता मंच, धनबाद की जनहित याचिका पर चीफ जस्टिस ने की सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने झारखंड हाईकोर्ट को जानकारी देते हुए कहा कि धनबाद अत्यधिक प्रदूषित शहरों में से एक है। साथ ही बोर्ड ने कोर्ट को धनबाद में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठाये गये कदमों की जानकारी दी। ये सब जानकारी बोर्ड ने हाइकोर्ट को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल कर दी है। मामले की अगली सुनवाई 19 जून को निर्धारित की है। कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कहा कि प्रदूषण रोकने को लेकर और क्या-क्या किया जा सकता है, इसे शपथ पत्र के माध्यम से बतायें।

(शेष पेज 11 पर)



### अगली सुनवाई 19 जून को

धनबाद में प्रदूषण की विकट स्थिति को नियंत्रित करने को लेकर ग्रामीण एकता मंच, धनबाद की जनहित याचिका की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 19 जून को निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सौमित्र बारोई ने पैरवी की। मामले में बीसीसीएल और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भी जवाब दाखिल किया। सुनवाई के बोर्ड ने हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान माना कि धनबाद अत्यधिक प्रदूषित शहरों में से एक है। उसके द्वारा कोर्ट को धनबाद में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर उठाये गये कदमों की जानकारी दी गयी। जिस पर कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कहा कि धनबाद में प्रदूषण रोकने को लेकर और क्या-क्या किया जा सकता है, इसे शपथ पत्र के माध्यम से बतायें।

---

# उदयशंकर के घर से जमीन संबंधी दस्तावेज मिले

## इडी ने डोरंडा में की छापामारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू के निजी सचिव उदय शंकर के डोरंडा स्थित ठिकाने पर सोमवार की सुबह इडी ने छापेमारी की। दो गाड़ियों से पहुंची इडी की टीम को छापेमारी के दौरान जमीन संबंधी कई कागजात उदय शंकर के यहां से मिले हैं। इडी की टीम दस्तावेज की जांच कर रही है। डोरंडा में दिनभर छापेमारी व दस्तावेज जब्त करने के बाद इडी ने उदय कुमार को पूछताछ के लिए कार्यालय लाया है। कार्यालय में भी उनसे पूछताछ की गयी। साथ ही साथ उसके मोबाइल को जब्त किया गया है। सूत्रों ने बताया है कि मोबाइल डाटा में जमीन व खनन से संबंधित कई सुराग मिल सकते हैं।

**उदय शंकर की है अच्छी पहुंच :** गौरतलब हो कि संथाल क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने पूर्व में अभिषेक प्रसाद और हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की थी। इस मामले की छानबीन के दौरान इडी को उदय शंकर के बारे में जानकारी मिली थी। उदय शंकर की वहां अच्छी पहुंच है और उसका लगातार वहां आना-जाना है। इडी यह भी मान रही है कि पत्थर खनन लीज व अन्य अवैध खनन मामले में उदय शंकर के पास बहुत सी जानकारी है।

---

# हमारा देश अब दुनिया को बदल सकता है: नरेंद्र मोदी



➲ कड़ी सुरक्षा में कोच्चि पहुंचे पीएम, किया रोड शो

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आत्मघाती मानव बम से उड़ा देने की धमकी के बावजूद पीएम मोदी सोमवार शाम करीब पांच बजे कोच्चि में आइएनएस गरुड़ नौसेना हवाई स्टेशन पहुंचे। वहां से सैक्रेड हार्ट कॉलेज ग्राउंड तक रोड शो किया। बाद में पीएम ने यहां युवम 2023 सम्मेलन को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि युवा शक्ति भारत की विकास यात्रा को आगे ले जाने वाली ताकत है। क्योंकि युवाओं ने देश को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

(शेष पेज 11 पर)

### लवकुश और विपिन शर्मा को सात-सात साल कैद की सजा

**रांची।** अदालत ने कुख्यात अपराधी लवकुश शर्मा एवं उसके बड़े भाई बिपिन शर्मा को आठ साल पुराने प्रतिबंधित हथियार एवं गोला-बारूद रखने के आरोप में दोषी करार कर सात-सात साल कैद की सजा सुनायी है। कुख्यात लवकुश शर्मा इससे पूर्व 11 मामलों में साक्ष्य के आरोप में बरी हो चुका है। इसके खिलाफ दर्ज 20 मुकदमों में से 12वें मुकदमे में फैसला आया है। सात मुकदमा अभियोजन साक्ष्य पर लंबित है। यह फैसला अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की अदालत ने सुनाई है। अदालत ने दोनों को आर्म्स एक्ट की दो अलग-अलग धाराओं में दोषी पाकर दोनों धाराओं में सात-सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, दोनों पर 10.-0 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

---

## नीतीश, तेजस्वी से मुलाकात के बाद बोलीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

# भाजपा को जीरो पर लाना है, मिलकर करें काम

**एजेंसी**

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी दल आगामी आम चुनाव में भाजपा को जीरो पर लाने के लिए मिलकर काम करेंगे। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के बातचीत के बाद पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि सभी विपक्षी पार्टियों को भाजपा को हराने के लिए साथ काम करने की जरूरत है।



उन्होंने कहा कि वह चाहती हूं कि विपक्ष एकजुट हो कर काम करे, ताकि भाजपा शून्य पर पहुंच जाये। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में ममता ने कहा भाजपा बड़ा हीरो बन है, हमें उसे जीरो पर लाना होगा। हम सब एक साथ हैं।

(शेष पेज 11 पर)

**पहली एका बैठक बिहार में हो :** करीब 30 मिनट चली बैठक के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने पहले भी यही कहा था कि तृणमूल कांग्रेस अहंकार छोड़ भाजपा को हराने के लिए एक मंच पर आने को तैयार है। हालांकि ममता ने यह साफ कर दिया कि उन्हें साथ मिलकर लड़ने में कोई आपत्ति नहीं है। ममता ने कहा कि मैंने नीतीश कुमार से अनुरोध किया है कि जयप्रकाश नारायण की तरह बिहार से आंदोलन शुरू करें। गठबंधन की पहली बैठक बिहार में होनी चाहिए। वहां बैठकर हम तय करेंगे कि क्या करना है या कहां जाना है? ममता ने कहा, पहले देश की जनता को यह संदेश देने की जरूरत है, हम साथ हैं। भाजपा झूठे वीडियो बनाकर, झूठ फैलाकर सत्ता में बने रहना चाहती हैं। यह इस तरह नहीं चल सकता। सभी को एक साथ आना होगा।



# मसानजोर डैम से झारखंड को पानी देने का मामला केंद्र व राज्य शीघ्र निबटाये : हाइकोर्ट

- सिंचाई एवं बिजली उत्पादन के लिए डैम का पानी भेजा जाता है बंगाल
- डैम का सारा कंट्रोल झारखंड को सौंपने के लिए दायर की गयी है याचिका
- हाईकोर्ट ने सांसद निशिकांत दुबे की याचिका को किया निष्पादित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने दुमका स्थित मसानजोर डैम से झारखंड को पानी देने के मामले को केंद्र और राज्य को जल्द से जल्द निबटाने का आदेश दिया है। सोमवार को हुई सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिका को निष्पादित कर दिया। इस संबंध में सांसद निशिकांत दुबे ने जनहित याचिका दायर की थी। याचिका में मसानजोर डैम का पूरा कंट्रोल झारखंड को देने को लेकर था। सुनवाई के दौरान मामले में राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि उनकी ओर से वॉटर डिस्प्यूट ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर केंद्र सरकार के पास कंप्लेन दायर किया गया है। यह दो राज्यों का विवाद है, इसमें सक्षम प्राधिकार वाटर डिस्प्यूटेड एक्ट के हिसाब से ट्रिब्यूनल होगा। इसपर कोर्ट ने कहा कि चूंकि राज्य सरकार ने इसे वॉटर डिस्प्यूट ट्रिब्यूनल के गठन को लेकर केंद्र सरकार के समक्ष कंप्लेन करते हुए याचिका दायर की है, जिस पर अब केंद्र सरकार को निर्णय लेना है। इसलिए जनहित याचिका निष्पादित की जाती है।

**बंगाल भेजा जाता है डैम का पानी :** पूर्व की सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि दुमका का मसानजोर डैम झारखंड के मयूराक्षी नदी पर बना है। मसानजोर डैम के लिए झारखंड के लोगों की जमीन ली गई लेकिन इसके पानी का उपयोग बंगाल सरकार द्वारा सिंचाई एवं बिजली उत्पादन के लिए किया जा रहा है। मसानजोर डैम झारखंड में होने के बावजूद भी यहां के दुमका एवं आसपास के इलाकों में न तो लोगों को सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है न ही बिजली। बंगाल सरकार मसानजोर डैम के पानी से 2 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रही है। झारखंड के लोगों को विस्थापित कर यह डैम बना है इसलिए इसका सारा कंट्रोल झारखंड को सौंपा जाए। वर्ष 1978 में एक एग्रीमेंट हुआ था जिसके तहत मसानजोर डैम से एकीकृत बिहार (अब झारखंड) के दुमका आदि जिलो में सिंचाई के लिए पानी दिया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया।

## पूर्वी सिंहभूम में 27 अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों के निबंधन पर हाईकोर्ट की रोक जारी

रांची। पूर्वी सिंहभूम में 27 अल्ट्रासाउंड क्लिनिकों को दिये गये रजिस्ट्रेशन पर हाईकोर्ट की रोक जारी रहेगी। भ्रूण जांच को लेकर पूर्वी सिंहभूम के तत्कालीन सिविल सर्जन के द्वारा अल्ट्रासाउंड क्लिनिको को दिए गए रजिस्ट्रेशन का विरोध करने वाली जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में सोमवार को हुई। मामले में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की कोर्ट ने अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को दिए गए रजिस्ट्रेशन पर रोक जारी रखा है। सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जमशेदपुर डीसी ने 27 अल्ट्रासाउंड क्लीनिक को काम करने पर रोक लगाई है। प्रतिवादी क्लीनिक संचालकों की ओर से इस रोक हटाने का आग्रह कोर्ट से किया गया, लेकिन कोर्ट ने उनकी दलील नहीं मानी। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल कर बताया गया एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में मामले को लेकर वर्ष 2020 में पीई (प्रारंभिक जांच) दर्ज कराई गई हैं जिसकी रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है।

## सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई अब 19 जून को

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में सिपाही नियुक्ति नियमावली-2014 को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने इससे संबंधित सुप्रीम कोर्ट में एक लंबित केस की सुनवाई को देखते हुए अगली तिथि 19 जून निर्धारित की है। इस संबंध में सुनील टूडू सहित 50 याचिकाएं अदालत में दाखिल की गई हैं। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। याचिका में कहा गया है कि झारखंड सरकार की ओर से बनाई गई नियुक्ति नियमावली पुलिस मैनुअल के विपरीत है। नई नियमावली में लिखित परीक्षा के लिए निर्धारित न्यनतम क्वालिफाइंग मार्क्स की शर्त लगाना भी गलत है। ऐसे में उक्त नियमावली को रद्द कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में अदालत ने पूर्व में ही कहा है कि अदालत के अंतिम आदेश से नियुक्ति प्रक्रिया प्रभावित होगी।

## प्रदेश में झारखंड सचिवालय सेवा संशोधन नियमावली-2023 लागू

### सचिवालय में 833 से अधिक पदों पर नियुक्ति का रास्ता साफ, प्रमोशन से भरे जायेंगे 25 फीसदी पद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संशोधन नियमावली 2023 लागू कर दी गयी है। राज्य मंत्रिपरिषद के फैसले के बाद कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है। इस नोटिफिकेशन के बाद सचिवालय में रिक्त 833 से अधिक पदों पर नियुक्ति का भी रास्ता साफ हो गया। कार्मिक विभाग जल्द ही झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग को नियुक्ति परीक्षा के लिए अधियाचना भेजेगा।

जारी अधिसूचना के अनुसार सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ग्रेड में नियुक्ति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता स्नातक अथवा समकक्ष उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। वहीं, 15 प्रतिशत नियमित पदों को वैसे वरीय सचिवालय सहायक की प्रोन्नति से भरा जाएगा, जिनके नाम सहायक प्रशाखा पदाधिकारी ग्रेड की प्रचर सूची में शामिल हो। वहीं, 10 प्रतिशत नियमित पदों को झारखंड सचिवालय लिपिकीय सेवा के वरीय सचिवालय सहायक तथा आशुलिपिक दोनों पांच वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण कर चुकनेवाले स्नातक योग्यताधारी होंगे।

इसके लिए राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा समय-समय पर प्रतियोगिता परीक्षा ली जायेगी। नये संशोधन में सचिवालय सेवा में नियुक्ति के लिए पूर्व में किए गये सामान्य वर्ग के लोगों के लिए झारखंड के शैक्षणिक संस्थानों से मैट्रिक-इंटर किए जाने के प्रावधान को शिथिल कर दिया गया है। वहीं, स्थानीय रीति-रिवाज परंपरा जाने की अनिवार्यता भी अब नहीं रही।

## बन्ना गुप्ता प्रकरण पर सीएम और कांग्रेस स्थिति स्पष्ट करें: भाजपा

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल अश्लील वीडियो को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी को इस संबंध में अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। आरोपी मंत्री उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ सहयोगी हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की चुप्पी पर भी सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का इस संबंध में कोई ट्वीट भी नहीं आना कांग्रेस के चाल चरित्र को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस की ओर भी जनता देख रही कि ऐसे जिम्मेवार पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ वह क्या कारवाई करती है।

## प्रदेश कांग्रेस का उपवास कल

**रांची।** देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, मोदी-अडानी गठजोड़ से राष्ट्रीय संपत्ति की लूट के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस 26 अप्रैल को बापू वाटिका, मोरहाबादी, रांची में जय भारत सत्याग्रह के तहत उपवास कार्यक्रम करेगी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिला प्रभारी प्रदेश महासचिवों को यह निर्देश दिया कि अपने अपने प्रभार जिला के जिलाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।

## एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

### 3 मई को स्वास्थ्य मंत्री के आवास का होगा घेराव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** झारखंड के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों का चरणबद्ध आंदोलन सोमवार से शुरू हो गया। प्रथम चरण में सभी जिलों के एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मी काला बिल्ला लगाकर विरोध दर्ज कराया। अपनी मांगों को विभागीय अधिकारियों के समक्ष रखा। झारखंड एमपीडब्ल्यू कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पवन कुमार और महासचिव मंगल हेम्ब्रम ने बताया कि 22 मार्च, 2023 को संगठन ने अपनी विभिन्न मांगों को विभाग और सरकार के समक्ष रखा था। इस पर अभी तक किसी पर की पहल नहीं हुई है। इससे तमाम एमपीडब्ल्यू स्वास्थ्य कर्मियों में रोष व्याप्त है। इसके मद्देनजर आंदोलन शुरू किया गया है।

**चरणबद्ध आंदोलन का रूपरेखा :** 24 एवं 25 अप्रैल, 2023 को सभी कर्मी काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज करेंगे। 26 एवं 27 अप्रैल को सभी कर्मी अपने-अपने शरीर पर अपनी मांगों के समर्थन में तख्ती लगाकर विरोध दर्ज करेंगे। 28 अप्रैल को सभी कर्मी 1 दिन का उपवास रखेंगे। 29 अप्रैल को सभी कर्मी अपने-अपने जिलों के सिविल सर्जन को मांग पत्र सौपेंगे। 2 मई 2023 को राज्य संघ मुख्यमंत्री से मिलकर मांगपत्र सौंपेंगे। संघ के पदधारियों ने यह भी कहा कि अगर तय कार्यक्रम तक हमारी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया जाता है तो 3 मई 2023 को स्वास्थ्य मंत्री के आवास घेराव किया जाएगा। कर्मी मेकॉन गेट से चलकर स्वास्थ्य मंत्री आवास तक जाएंगे।

## 24, 25 और 26 अप्रैल को भी बारिश के आसार, अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग ने राज्यभर में 30 अप्रैल तक बारिश होने का पूवार्नुमान जताया है। 24 और 25 अप्रैल को पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, सरायकेला खरसावाँ, लातेहार, लोहरदगा तथा निकटवर्ती मध्य भागों जैसे रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। 26 से 30 अप्रैल तक राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। विभाग ने मौसम को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। आज राज्य के उत्तर-पश्चिमी दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन व वज्रपात के साथ तेज सतही हवा (अधिकतम गति 30-40 किमी/ प्रतिघंटा) चलने की संभावना है। जतायी है।

इधर राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं और बारिश होने के बाद मौसम ठंडा हो गया। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रही। वहीं तेज हवाओं के कारण राजधानी के कई इलाकों में बिजली व्यवस्था चरमरा गयी। बारिश के दौरान रांची व आसपास के कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि भी हुई। बारिश से रांची का अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री, जमशेदपुर का 34.2 डिग्री और डालटेनगंज का 33.6 डिग्री से. रिकार्ड किया गया। अन्य जिलों के तापमान में भी कमी आयी है।

## कैबिनेट के पुनर्गठन का दबाव बन्ना पर गिर सकती है गाज!

**उदय चौहान**





**रांची।** झारखंड कैबिनेट के पुनर्गठन की गुंजाइश बनती दिख रही है। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल के बाद सीएम हेमंत सोरेन की चुनौती बढ़ गयी है। सीएम पर शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के स्थान पर मनोनयन का दबाव पहले से ही बन गया है। वैसे, झारखंड कैबिनेट में 12 बर्थ होने के बावजूद अभी सीएम सहित मात्र दस ही मंत्री हैं। सूत्रों का दावा है कि स्वास्थ्य मंत्री अश्लील वीडियो को लेकर कांग्रेस पार्टी पर स्थिति स्पष्ट करने का दबाव है। हालांकि, कांग्रेस आलाकमान अभी तक बन्ना गुप्ता को शेफ मोड में ले कर चल रही है। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा उनके (स्वास्थ्य मंत्री) के इस्तीफे को लेकर हमलावर है। भाजपा ने साफ किया है कि अश्लील बातें बनाने वाले मंत्री को अविलम्ब कैबिनेट से बाहर किया जाना चाहिये।

जानकारी के अनुसार मंत्री बन्ना गुप्ता पर कभी भी गाज गिर सकती है। संभवतः इसके लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय जल्द ही इस संबंध में मुख्यमंत्री से मंत्रणा कर सकते हैं। दूसरी ओर, झामुमो ने स्वास्थ्य मंत्री प्रकरण में नैतिक आधार पर उनका इस्तीफा मांग लिया है। झामुमो ने यह कहा है कि आदर्श स्थिति को ध्यान में रख कर बन्ना गुप्ता को मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिये। गौरतलब है कि बन्ना गुप्ता मामले में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के बीच मंथन चल रहा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय लगातार प्रदेश के नेताओं के संपर्क में हैं।

कहा जा रहा है कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय इस मामले को पार्टी आलाकमान के समक्ष रख सकते हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि वह अभी रांची से बाहर हैं। इस बीच यह जानकारी मिल रही है कि प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश नेतृत्व से पूरे मामले की रिपोर्ट मंगाई है। यह भी कहा जा रहा है कि प्रदेश नेतृत्व वीडियो की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

### सरयू राय ने बन्ना पर लगाया गंभीर आरोप

निर्दलीय विधायक सरयू राय ने कथित तौर पर मंत्री बन्ना गुप्ता पर अश्लील वीडियो सच के करीब बताया है। उन्होंने कहा कि वीडियो में बन्ना गुप्ता के साथ संलिप्त महिला को सुरक्षा की दरकार है। उन्होंने कहा कि गत 17 अप्रैल को आधी रात में एक लड़की के साथ अश्लील प्रेमालाप करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता का एक वीडियो वायरल हुआ है। इस लड़की को फिलहाल सुरक्षा की जरूरत है। लड़की जमशेदपुर के एक फर्निचर हाउस में काम करती है। उन्होंने मंत्री बन्ना पर और कई गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही, हेमंत कैबिनेट से बन्ना गुप्ता को अविलंब हटाने की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध पर पुलिस स्वतः संज्ञान लेते हुये मामला दर्ज करती है। मंत्री बन्ना गुप्ता का यह कहना कि उन्होंने एफआइआर दर्ज करायी है। उन्होंने मांग की है कि 17 अप्रैल को 1 बजे रात का जो वीडियो वायरल हुआ है उसकी जांच के लिए पुलिस मंत्री बन्ना गुप्ता के मोबाइल को जब्त करे। बन्ना गुप्ता पर भी एफआइआर लॉज हो। क्योंकि वह वीडियो में साफ दिख रहे हैं।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–2, गिरिडीह**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह के अंतर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना सं0– 02/2023-24 जो PR No- 295032 (Drinking Water & Sanitation)2023-24_D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि/समय एवं राशि | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15-04-2023, 4:00P.M | 24-04-2023 at 4:00P.M |
| 2 | बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 21-04-2023 up to 4:00P.M | 29-04-2023 at 04:00 P.M |
| 3 | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय | 24-04-2023 up to 4:00P.M | 02-05-2023 at 04:00 P.M |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 25-04-2023 up to 01:00 P.M | 03-05-2023 at 04:00 P.M |

नोट:– (1.) अन्य शर्तें यथावत रहेंगें।
(2.) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, संख्या–02, गिरिडीह।

PR.NO.295764 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

**उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा**

**Cat-II पाचाडुमर बालू घाट का एम0डी0ओ0 चयन हेतु अति–अल्पकालीन ई–वितीय निविदा आमंत्रण।**

| क्र0 सं0 | बालू घाट का नाम | अंचल | प्लॉट नं0 | रकबा (एकड़ में) | Yearly Production as per EC Limit (CUM) | E-Tender reference No. | बेवसाईट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | नियम एवं शर्त | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी, के कार्यालय का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पाचाडूमर | केतार | 2363 अंश | 50.01 एकड़ | 324480 घ0फी0 | [garhwa/ MDO/02/2023] [2023_GAMD_ 69969_1] | 21.04. 2023 | 01.05. 2023 | JSMDC द्वारा तैयार Model Tender के अनुरूप | उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, गढ़वा। |

नोट:– 1. JSMDCL, रॉची के द्वारा Category-B के तहत चयनित Empanelled Agency के द्वारा WWW.Jharkhandtendre.gov.in के बेवसाईट पर ई– निविदा स्वीकार किया जायेगा।
2. विभाग एवं JSMDCL, रॉची, द्वारा निर्गत नियमावली, शर्तें एवं अद्यतन परिपत्र निविदा में लागू रहेंगें।
3. शर्तें एवं विस्तृत जानकारियों के लिए ई– निविदा बेवसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा। उपायुक्त, गढ़वा।

PR 295823 Mines and Geology(23-24)#D

**कार्यालय, जिला अभियंता जिला परिषद गिरिडीह**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023–24**
**(15वें वित्त आयोग मद्)**

1. विभाग का नाम :– जिला परिषद, गिरिडीह।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियंता, जिलापरिषद, गिरिडीह।
3. परिमाणविपत्र बिक्री की तिथि 04.05.2023 को कार्यालय अवधि में समय 11:00 बजे पूर्वाहन से 03:00 बजे अपराहन तक।
4. परिमाणविपत्र की बिकी का स्थान :– कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, गिरिडीह।
5. निविदाप्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.05.2023 (3:00 बजे अपराहन तक)
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 06.05.2023 (3:30 बजे अपराहन)
निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– जिला परिषद, गिरिडीह

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (2%) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत चुंगलखार के ग्राम चुंगलखार में सोनीया आहर का जिर्णोद्धार। खाता–93 प्लॉट–1169/70 रकवा 3.67 ए0 | 2154900.00 | 44000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड सरिया अन्तर्गत पंचायत पुरनीडी हमें नौका आहर का जिर्णोद्धार एवं गहरीकरण खाता–61 प्लॉट–376 रकवा–2 ए0 | 1748400.00 | 35000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड बेंगाबाद अन्तर्गत पंचायत चपुआडीह के ग्राम विशनपुर में आहर निर्माण। खाता–06 प्लॉट–393,394 | 2172400.00 | 44000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत चिलगा के ग्राम चिरूडीह के खिजुरिया आहर का जिर्णोद्धार । | 1863000.00 | 38000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत नावाडीह के ग्राम कैरीडीह में नउवा आहर का जिर्णोद्धार | 2029400.00 | 41000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड जमुआ अन्तर्गत पंचायत जरीडीह के ग्राम जरीडीह में नवका आहर का जिर्णोद्धार खाता नम्बर 32 प्लॉट नम्बर 230 | 1472800.00 | 30000.00 | 2500.00 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड गाण्डेय अन्तर्गत पंचायत बॉकी कला के ग्राम बाधाडीह में तालाब का निर्माण।/जिर्णोद्धार। | 1831600.00 | 37000.00 | 5000.00 | 03 माह |
| 8 | प्रखण्ड गाण्डेय अन्तर्गत पंचायत भरकटा के ग्राम असनबोनी में बासुदेव मंडल के जमीन पर तालाब का जिर्णोद्धार। | 1409900.00 | 29000.00 | 2500.00 | 03 माह |

नोट :– निविदा की शर्तें जिला परिषद कार्यालय के सूचन पट एवं गिरिडीह जिला के website www.giridih.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, गिरिडीह।

PR.NO.295780 Rural Development(23-24):D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा सं० :–*RE-02/RDSD/RAMGARH/05/2022-23(3rd Call)/2023-24*
1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RE-02/RDSD/RAMGARH/ DMFT /38/2023-24 | Patratu | Construction of Boundry wall with Gate for UPG M.S Dudagi | 1796165.00 | 36000.00 | 5000.00 | 30.06.2023 तक होगी। |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 26.04.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 03.05.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथपत्र के मूलप्रति एवं Bank Certificate for credit Facility जमा करने की तिथि एवं समय दिनांक 04.05.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक, स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकस विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ में लिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.05.2023 अपराह्न 02:00 बजे
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० :– 8986791292, 8210703868
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ के पदनाम से देय हो देना होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा। प्राईवेट बैंक का D.D/ Bankas Cheque मान्य नहीं होगा।
9. **अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।**
10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार परिमाण विपत्र की राशि का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
11. विशेष परिस्थिति में बिना कारण बताए निविदा रद्द करने अथवा स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़

PR295776 (Rural Work Department)23-24*D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
निविदा सं० :–RDSD/RAMGARH/04/2023-24

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 28.04.2023 से दिनांक 02.05.2023 तक (कार्यालय दिवस में 11:00 पुर्वाहन् से 5:00 बजे अपराहन तक) |
| 3 | निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय | दिनांक 03.05.2023(अपराहन 3:00 बजे तक) |
| 4 | निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान एवं समय | ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़, दिनांक– 03.05.2023 को 3:30 बजे अपराहन |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़। |
| 6 | कार्य का विस्तृत विवरणी (मदवार) | CSR मद के तहत्। |

| क्र० सं० | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | RDSD/RAMGARH/ CSR /01/2023-24 | समाहरणालय, रामगढ़ स्थित Ante Room का नवीकरण। | 1000000 | 20000 | 2500 | 1 (एक) माह |
| 2 | RDSD/RAMGARH/ CSR /02/2023-24 | परिसदन, रामगढ़ में ए०सी० अधिष्ठापन कार्य। | 550000 | 11000 | 1250 | 1 (एक) माह |
| 3 | RDSD/RAMGARH/ CSR /03/2023-24 | Water Proofing of Roof, S/F/F of Electrical & Electronics items in DC Confifential Office, Chatarmandu, Ramgarh. | 460000 | 9500 | 750 | 1 (एक) माह |
| 4 | RDSD/RAMGARH/ CSR /04/2023-24 | उपायुक्त, रामगढ़ के गोपनीय कार्यालय का बाहरदिवारी पर Asbestos Sheet लगाने का कार्य। | 500000 | 10000 | 1250 | 1 (एक) माह |
| 5 | RDSD/RAMGARH/ CSR /05/2023-24 | Replacement of External Lighting in the D.C Residence Campus at Chhatarmandu, Ramgarh. | 570935 | 11500 | 1250 | 1 (एक) माह |

7. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़ (Executive Engineer, RDSD, Ramgarh) के पदनाम से देय होगा। जो स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मुख्य शाखा, रामगढ़ (Branch Code-00164) में भुगतेय होगा।
9. अग्रधन की राशि राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो की कार्यपालक अभियंता के नाम से प्रतिज्ञिप्त होगा, मान्य होगा एवं प्राईवेट बैंक का मान्य नहीं होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है
नोट :– 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लि, Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।

PR.NO.295828 Rural Work Department(23-24):D

**उपायुक्त का कार्यालय,**
**(समाज कल्याण शाखा), लातेहार।**

**Expression of Interest**
**इच्छा की अभिव्यक्ति**

सरकार के सचिव, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के पत्रांक 894 दिनांक 06.04.2023 के आलोक में जिलान्तर्गत ग्राम – डुडंगीकला, पो0–लातेहार, जिला – लातेहार में नवनिर्मित ओल्ड एज होम के संचालनार्थ स्वयंसेवी / गैर सरकारी / अन्य संस्थाओं से प्रस्ताव प्राप्त करने के निमित्त आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है।

ओल्ड एज होम के संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्था / सोसाईटी विभागीय मार्गनिदेश ज्ञापांक 2479 दिनांक 27.12.13 एवं पत्रांक 3430 दिनांक 18.8.2017 अंतर्गत वर्णित विवरणी के आलोक में मुहरबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय, विकास भवन, प्रथम तल, लातेहार में दिनांक 15.05.2023 के अपराह्न 03.00 बजे तक अपना आवेदन स्पीड पोस्ट / डाक के माध्यम से जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी जिला समाज कल्याण कार्यालय के सूचना पट् अथवा जिले के NIC Website :- latehar.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
लातेहार।

PR 295812 Social Welfare,Women and Child Development(23-24)D

# रिम्स में इलाज के बाद ननकुरिया ने खोला मुंह, कहा- नक्सलियों के पास है एके-56

## झारखंड पुलिस के समक्ष पूछताछ में किया खुलासा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पलामू।** पलामू पुलिस की गिरफ्त में आए और रिम्स में कड़ी सुरक्षा में इलाज के बाद माओवादी कमांडर नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया ने बड़ा खुलासा किया है। नंदकिशोर यादव ने कहा कि झारखंड-बिहार सीमा पर

### झारखंड पुलिस खुलासे के बाद हो गई चौकन्नी

माओवादियों के पास 5 एके-56 है जबकि सीमावर्ती क्षेत्र में 14 से 15 कमांडर बचे हैं, जो देश के विभिन्न शहरों में नाम बदल कर रह रहे हैं। वहीं से वे अपने कैडरों को निर्देश देते रहते हैं। ननकुरिया ने बताया कि सभी माओवादी कमांडर तीन से चार अलग-अलग ग्रुप में बंटे हैं। ननकुरिया ने कहा है कि



चतरा के लावालौंग मुठभेड़ में माओवादियों के पांच कमांडर मारे गए। उसे भी गोली लगी थी और वह जख्मी हो गया था।

### पूरे चतरा से माओवादी सालाना छह करोड़ रुपये से अधिक की वसूलते हैं लेवी



बताया कि झारखंड बिहार सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादियों के टॉप कमांडर बुधराम लोहरा, अरविंद भुइयां, अमरजीत यादव, संतोष भुइयां और बबन भुइयां के पास एके 56 है, जबकि चतरा मुठभेड़ से पहले

### मनोहर गंझू को दी जा सकती है कमान

माओवादियो के पास 23 कमांडर थे, जिसमें चार मारे गए, जबकि पांच ने सरेंडर किया है। नंदकिशोर ननकुरिया ने पलामू पुलिस के अधिकारियों को बताया कि चतरा के इलाके से अकेले मनोहर गंझू माओवादियों के लिए लेवी वसूलता है। लेवी वसूलने बाद वही माओवादियों के टॉप कमांडर को पैसा पहुंचाता था। पूरे चतरा से माओवादी सालाना छह करोड़ रुपये से भी अधिक के लेवी वसूलते हैं। माओवादियों के लिए इलाके में सुदर्शन यादव, सलीम यादव, अरविंद भुइयां, संतोष भुइयां, रंजीत गंझू भी लेवी वसूलते हैं। नंदकिशोर ने पुलिस को बताया है कि गौतम पासवान और चार्लीस के मारे जाने के बाद मनोहर गंझू को माओवादी अपना नया कमांडर बना सकते हैं। मध्य जोन की जिम्मेदारी मनोहर गंझू को दी जा सकती है।

> झारखंड पुलिस माओवादी एरिया कमांडर के खुलासे पर गंभीर है। पुलिस उन नक्सलियों को पकड़ने के लिए रणनीति बना रही है, जो फरार है। पुलिस जल्द ही उनलोगों को गिरफ्तार कर लेगी।
>
> *अमोल वेणुकांत होमकर*
>
> *आइजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता, झारखंड पुलिस*

# करना चाहता था बेटी के हाथ पीले अगलगी ने तोड़ा पिता का सपना

### समाज सेविका रूणा मिश्रा शुक्ला आई मदद को आगे



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अब समाज में मानवता नाम की चीज नहीं रह गई है। लोग एक दूसरे को हीन भावना से देखते हुए नजर आ रहे हैं, लेकिन कोई मदद के लिए हाथ तक नहीं बढ़ा रहा है। ऐसा ही एक मामला कोकर स्थित खोरा टोली निवासी हेरमन कच्छप का है। जिसके यहां 18 अप्रैल को अगलगी की घटना हुई जिसमें उसका सपना चकनाचूर हो गया। अगलगी में घर में रखे बेटी की शादी के लिए रूपए तो जल ही गए, कई महत्वपूर्ण कागजात जैसे घर के पेपर, आधार कार्ड, राशन कार्ड भी जलकर राख हो गये। यहां तक कि अगलगी में डिब्बे में रखा चावल और आटा तक जल गया।

इस घटना के संदर्भ में समाज सेविका रूणा मिश्रा शुक्ला ने अपने फेसबुक वॉल में पोस्ट करते हुए कहा कि घटना उस समय घटी, जब हेरमन कच्छप एवं उनकी बेटी मजदूरी करने के लिए घर से बाहर थे। घर में ताला बंद था। घटना के अब तक 6 दिन बीत चुके हैं, लेकिन आजतक कोई जनप्रतिनिधि हेरमन का न हाल चाल पूछा और न ही किसी ने उसकी सुध ली।

रूणा मिश्रा शुक्ला सामाजिक कार्यकर्ता संध्या गुड़िया के साथ पीड़ित परिवार से मिली और फेसबुक वॉल पर उनकी तकलीफ को शेयर किया है। बकौल, रूणा मिश्रा शुक्ला मुझे घटना की जानकारी कल रात में मिली, आज सुबह जाकर मैं उस परिवार से मिली बहुत तकलीफ हुई। संध्या गुड़िया जो एक सामाजिक कार्यकर्ता है उनके साथ मिलकर हमने जरूरी राशन, कपड़े, मच्छरदानी और कुछ आर्थिक मदद की। उन्होंने वॉल के माध्यम से अपील की है कि जनप्रतिनिधियों से इतनी तो उम्मीद की जा सकती है कि आप अपने क्षेत्र में जो दुर्घटना हो उस पर नजर रखें और जहां तक हो सके मदद करें।

### उपायुक्त ने भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की

# भारत माला परियोजना की शेष मुआवजा राशि का भुगतान 15 दिन में सुनिश्चित करें

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को जिला भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षा की। उपायुक्त ने परियोजना निदेशक को एनएच-33 और बाईपास रोड के कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रैयतों को 15 दिनों के अंदर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान उन्होंने भू-अर्जन संबंधित मामलों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया।

एनएच-33 गुमला-पलमा परियोजना की समीक्षा करते हुए



उपायुक्त ने कहा कि शेष राशि भुगतान के लिए आयोजित कैंप के माध्यम से आवेदन प्राप्त करते हुए मुआवजा भुगतान सुनिश्चित करायें। डीसी ने जिला भू-अर्जन कार्यालय के माध्यम से विभिन्न परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि का नामांतरण करने के संबंध में भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि भू-अर्जन के मामले में जितनी भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उनके म्यूटेशन से संबंधित बैठक अगले सप्ताह आयोजित की जायेगी। डीसी ने एनएच-23 गुमला-पलमा परियोजना अंतर्गत छूटे हुए प्लॉट का 3-डी एवं 3-जी जल्द से जल्द घोषित कर रैयतों को भुगतान की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबधित पदाधिकारी को दिया।

वहीं एनएच-23 के पलमा-पिस्का सेक्शन में पतराचौली एवं अन्य स्थानों पर जहां निर्बाध काम कराने के लिए दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है, ताकि सड़क निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने वाले अवांछित तत्वों से निपटा जा सके।

बैठक के दौरान श्री सिन्हा ने बारीडीह आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण के लिए मौजा जारिया में भूमि चिन्हित कर हस्तांतरण की कार्रवाई जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

उन्होंने भारत माला परियोजना की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार दंडाधिकारी की तैनाती करने का निर्देश दिया। नारो टिकरा टोली आरओबी की समीक्षा करते हुए उन्होंने अधियाची विभाग को डीओपी देने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची राजेश बरवार, परियोजना निदेशक रांची एवं गुमला, उप प्रबंधक भारत माला परियोजना, सहायक एवं कनीय अभियंता एनएच डिवीजन, अंचल अधिकारी ओरमांझी, जिला भू-अर्जन कानूनगो एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### पंचायती राज के 30 वर्ष पूरे होने पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

# स्व-शासन व्यवस्था का मजबूत होना जरूरी : निशा उरांव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर दिनांक 21 अप्रैल से 24 अप्रैल तक ग्राम पंचायत स्तर पर स्थानीय सतत विकास लक्ष्य के अंतर्गत विषयवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में हमारा पंचायत स्वच्छ, स्वस्थ, महिला एवं बाल मैत्री ग्राम पंचायत को सुशासन ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत की योजना एवं हिसाब हर घर के पास, स्वच्छ, जल प्रचूर एवं जल संपन्न ग्राम पंचायत एवं 24 अप्रैल को आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा एवं सुशासन ग्राम पंचायत- सब हाथ जुड़ते जायें संबंधित कार्यक्रम किये गये। कार्यक्रम की शुरूआत गांव-गांव स्वच्छता अभियान, प्रभात फेरी, स्वच्छता शपथ, खेल-कूद एवं सेफ्टी ऑडिट कार्यक्रम से किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन पंचायत स्तर के कर्मियों के साथ बैठक की गयी एवं सामूहिक रूप से पंचायत को आगे बढ़ाने के लिये कार्य योजना का निर्माण किया गया। पंचायत एवं कर्मियों के बीच मासिक बैठक का निर्णय लिया गया एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड में पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लक्ष्य के लिए पंचायती राज व्यवस्था के अध्ययन के लिये 19 से 23 अप्रैल तक केरल की यात्रा पर रहे प्रतिनिधियों ने अपना अनुभव साझा किया। पंचायती राज निदेशक निशा उरांव ने कहा कि 30 वर्ष पूरे होने पर सत्ता के विकेंद्रीकरण पर बल देने की जरूरत है। भ्रमण दल में विधायक सरयू राय, विनोद सिंह, समीर मोहंती, अमित मंडल, शिल्पी नेहा तिर्की, मथुरा महतो, लम्बोदर महतो आदि थे।

# औद्योगिक समास्याओं को लेकर चैंबर का प्रतिनिमंडल उद्योग सचिव से मिला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिमंडल सोमवार को अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में उद्योग सचिव जितेंद्र सिंह से मिला। मुलकात के दौरान अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों की स्थापना के लिए सभी जिलों के औद्योगिक क्षेत्र में 5 हजार से 20 हजार वर्गफीट तक के छोटे-छोटे भूखंड तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूंजी के अभाव में छोटी इकाईयां बड़े प्लॉट को आवंटित कराने से वंचित रह जाती हैं। इस दौरान आग्रह किया गया कि सितम्बर में समाप्त हो रही टेक्सटाइल पॉलिसी को आकर्षक रूप में लाया जाये। औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित भूखंड की 30 वर्ष की लीज अवधि को फिर से 99 वर्ष के लिए करने का अनुरोध किया।

## खबर एक नजर में

### विमला देवी की शव यात्रा में शामिल हुए सीएम



**रांची।** मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद की माता विमला देवी का सोमवार को निधन हो गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विमला देवी की शवयात्रा में शामिल होकर पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। उन्होंने अभिषेक प्रसाद के अपर शिवपुरी स्थित आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री ने उनकी माताजी के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उन्हें नमन किया।

### जमीन बचाने के लिए इडी ऑफिस पहुंचा पीड़ित

**रांची।** कांके के रिंग रोड स्थित होचर में 14 डिसमिल जमीन को अवैध तरीके से कब्जा कर और फर्जी केस में फंसाने का मामला सोमवार को इडी पहुंचा। आरोप रांची में पदस्थापित एक आईपीएस अधिकारी पर लगाया है। समाजसेवी पीड़ित रविन्द्र कुमार सिंह ने इडी कार्यालय के बाहर मीडिया से कहा कि पंकज सिंह अपराधी चरित्र का है। फर्जी तरीके से सीओ और डीसीएलआर की मदद से जमीन का कागजात बनाकर पंकज सिंह ने 14 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया है। कांके थाना में केस करने पर आईपीएस मुख्य अभियुक्त पंकज सिंह को बचाते हुए सभी आरोपियों को दोषी बनाये हैं। जबकि, सभी दोषियों को पंकज सिंह ने बुलाया था। पीड़ित रविन्द्र कुमार सिंह के अनुसार रांची के आईपीएस की भूमिका संदिग्ध है।

### घोटालेबाज संजय तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** 100 करोड़ रुपए के मिड–डे–मिल घोटाले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के पार्टनर बिल्डर संजय कुमार तिवारी की डिस्चार्ज अर्जी सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने सोमवार को खारिज कर दी है। अदालत ने 20 अप्रैल को डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पश्चात फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया। मामले में अब एसबीआई हटिया शाखा का तत्कालीन ब्रांच मैनेजर अजय उरांव, संजय तिवारी एवं सुरेश कुमार के खिलाफ आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई होगी। इसके लिए अदालत ने 26 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। उस दिन सभी आरोपियों को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

# सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस में सीएसआर सम्मेलन का शुभारंभ आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में दूसरे वर्ष भी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 25 एवं 26 अप्रैल को सीएसआर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। री-इंजीनियरिंग सीएसआर विषय पर आयोजित दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन सीसीएल मुख्यालय दरभंगा हाउस, रांची में किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 200 प्रतिभागियों को भाग लेने की संभवाना है।

सम्मेलन में देशभर के ख्याति प्राप्त वक्ता अपने अनुभव को साझा करेंगे साथ ही उपरोक्त विषय पर विचार मंथन सत्र का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भी कोल इंडिया लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनी पैनल चर्चाओं में भाग लेंगे तथा उनके द्वारा संचालित सीएसआर के सर्वोत्तम योजनाओं को दर्शकों से साझा करेंगे। रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता प्रख्यात पर्यावरणविद् सोनम वांग्चू, आईआईएफएम भोपाल के अध्यक्ष डॉ. पारुल ऋषि, भास्कर चटर्जी आईएएस, हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव्स लद्दाख की सीईओ सुश्री गीतांजलि जेबी, भरत काकड़े अध्यक्ष बीएआईएफ डेवलपमेंट फाउंडेशन, सेवानिवृत्त आईएएस और एमेरिटस प्रोफेसर आईआईटी बॉम्बे, डॉ सतीश अग्निहोत्री और प्रत्युष पांडा सीनियर डायरेक्टर माइंडट्री इस अवसर पर अतिथि वक्ता होंगे।

सीएमडी सीसीएल पीएम प्रसाद के मार्गदर्शन में एवं निदेशक (कार्मिक), हर्ष नाथ मिश्र के देख-रेख में सीएसआर कॉन्फ्रेंस की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम में कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी अनुषंगी कंपनियां द्वारा संचालित सीएसआर गतिविधियों को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

# बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो पर राजनीति गरमायी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल वीडियो को लेकर झारखंड की राजनीति गरमा गई है। विपक्षी दल बीजेपी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूरे प्रकरण की जांच एसआईटी से कराने की मांग करते हुए वायरल वीडियो की सत्यता स्पष्ट करने को कहा है। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस प्रकरण को दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक बताते हुए इसकी निंदा की और कहा कि स्वास्थ्य मंत्री हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं। वहीं राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस ने पहले पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### बन्ना गुप्ता को हटाना चाहिए : भाजपा

वायरल वीडियो मामले में बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि इस संबंध में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर अब तक कार्रवाई नहीं होना हास्यास्पद है। बन्ना गुप्ता को तत्काल स्वास्थ्य मंत्री के पद से हटा देना चाहिए। यदि वीडियो असत्य निकलता है तो फिर से स्वास्थ्य मंत्री के रुप में बन्ना गुप्ता को जिम्मेदारी दी जा सकती है। तेजी से वायरल हो रहे इस वीडियो के कारण झारखंड की छवि धुमिल हो रही है। कांग्रेस आलाकमान की भी चुप्पी भी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस वायरल वीडियो की सत्यता की जांच कराकर जल्द से जल्द मंत्री पर कार्रवाई करें।

### स्वास्थ्य मंत्री हुए हनी ट्रैप के शिकार : झामुमो

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि ऐसा लगता है कि स्वास्थ्य मंत्री हनी ट्रैप के शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह सेक्सटॉर्शन का मामला भी हो सकता है। झामुमो नेता ने कहा कि सवाल यह भी है कि इस वीडियो को भी वायरल भाजपा के एक बड़बोला सांसद के द्वारा किया गया है। यह वीडियो कहां से उनको मिला, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर प्राथमिकी हुई है। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। मनोज पांडे ने कहा कि अगर इस मुद्दे को लेकर स्वास्थ्य मंत्री इस्तीफा दे देते हैं तो यह उनकी महानता होगी।

### बन्ना गुप्ता प्रकरण भाजपा का षड्यंत्र : राजद

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अश्लील वीडियो वायरल होने के मुद्दे पर सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस मामले में भाजपा का षड्यंत्र साफ नजर आता है। ऐसे में इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जांच में अगर स्वास्थ्य मंत्री दोषी पाए जाते हैं तो निश्चित है उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना से महागठबंधन पर कोई दाग नहीं लगने वाला है। डॉ मनोज कुमार ने कहा कि इस मुद्दे को लेकर जो कुछ करना है इसका फैसला कांग्रेस पार्टी और सरकार को लेना है।

### पहले वीडियो की प्रामाणिकता की जांच हो : कांग्रेस

बन्ना गुप्ता प्रकरण को लेकर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने कहा कि पहले वीडियो की प्रामाणिकता की जांच होनी चाहिए। जिस तरह से कोरोनाकाल में स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य की जनता के लिए काम किया है उससे स्वास्थ्य मंत्री की लोकप्रियता बढ़ी है। बन्ना गुप्ता की बढ़ती लोकप्रियता से हतोत्साहित भाजपा और विपक्ष की भी साजिश से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जल्द दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

# हिमाचल की धर्मशाला नगर निगम टीम ने जाना रांची नगर निगम का रेवेन्यू मॉडल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हिमाचल प्रदेश स्थिति धर्मशाला नगर निगम के आयुक्त अनुराग चंदेर शर्मा के नेतृत्व में हिमाचल नगर विकास विभाग के पदाधिकारियों की टीम सोमवार को रांची नगर निगम का रेवेन्यू मॉडल समझने राजधानी पहुंची। टीम ने बेस्ट प्रैक्टिस ऑफ प्रॉपर्टी टैक्स इंप्लीमेंटेशन ऑफ नेशनल डिजिटल मिशन ऑन अर्बन फाइनेंस विषय पर चर्चा की। इससे पहले रांची नगर निगम पहुंची हिमाचल की टीम का रांची नगर आयुक्त शशि रंजन ने पुष्प भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि रांची नगर निगम के रेवेन्यू मॉडल को केंद्र सरकार द्वारा सराहा गया है।

इस स्टडी विजिट के तहत विभिन्न राज्यों के बीच समन्वय स्थापित किया जा रहा है एवं बेस्ट प्रैक्टिसेस को अपनाया जा रहा है। आने वाले समय में इस रेवेन्यू मॉडल को और भी ज्यादा मजबूत बनाते हुए निगम के राजस्व में बढ़ोतरी की कोशिश की जायेगी। मौके पर रांची नगर निगम की राजस्व शाखा के पीएमयू एवं राजस्व संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। बैठक में हिमाचल प्रदेश के पालुमपुर नगर आयुक्त डॉ आशीष शर्मा, जगन ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के अन्य प्रतिनिधि के साथ रांची नगर निगम के अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन, सहायक नगर आयुक्त ज्योति कुमार सिंह एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# देश के आयरन-चेस्ट ब्यूरोक्रेसी पर झारखंड में जंक!

कुबेर सिंह

**रांची।** आमतौर पर भारत के ब्यूरोक्रेसी को 'आयरन चेस्ट' कहा जाता है। सरकार चाहे जिस किसी पार्टी की हो, ये ब्यूरोक्रेट्स ही होते हैं जिनके सिग्नेचर से करोड़ों-अरबों के फंड का 'खेल' होता है। गली से लेकर नाली और सड़क से लेकर पानी तक इन्हीं के ऑर्डर आप तक पहुंचता है। किसी भी सरकार की छवि बनाने और बिगाड़ने में इनकी अहम भूमिका होती है। यूपीएससी की परीक्षा पास कर रिटायरमेंट तक के लिए इतना पॉवर मिल जाता है कि कभी-कभी तो इनको लगता है कि 'वही ईश्वर हैं'। इसके बाद शुरू होती है पांच साल के लिए चुनी हुई सरकार की मुसीबत। झारखंड के छह आइएएस अधिकारियों ने न सिर्फ अपनी भद पिटवाई, बल्कि देश-विदेश में अपने कारनामा से सरकार को भी बदनाम करने की साजिश में जुट गए हैं। इन आइएएस अधिकारियों पर करप्शन की तलवार लटक रही है।

### पूजा सिंघल



साल 2000 में महज 21 वर्ष की उम्र में पूजा सिंघल आईएएस बनी थीं। वह अपने बैच की टॉपर थी। जब निलंबित हुईं तो झारखंड के खनन और उद्योग विभाग के सचिव पद पर थीं। खूंटी जिले की उपायुक्त रहते 18 करोड़ों रुपए का मनरेगा घोटाला किया है। साहिबगंज में हुए अवैध पत्थर खनन में भी शामिल होने का आरोप है।

### प्रदीप कुमार



1991 बैच के आईएएस प्रदीप कुमार जेल की हवा खा चुके हैं। फिलहाल जमानत पर हैं और रिटायर हो चुके हैं। इन पर आरोप है कि स्वास्थ्य सचिव रहते हुए 130 करोड़ का दवा घोटाला किया। करीब पौने दो करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग का भी इन पर आरोप है।

### छवि रंजन



नौजवान आइएएस अधिकारी छविरंजन जमीन घोटाले में फंसे हैं। आरोप है कि इन्होंने रांची डीसी रहते सेना की 4 .55 एकड़ जमीन को गलत तरीके से बेचने में अहम भूमिका निभाई। 2011 में यूपीएससी कंप्लीट करने वाले छवि रंजन अब जांच एजेंसियों का सामना कर रहे हैं।

### राजीव अरुण



आईएएस राजीव अरुण एक्का 1994 बैच के हैं। इन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। आरोप है कि नेताओं और नौकरशाहों के काले धन के निवेशक विशाल चौधरी से घनिष्ठ संबंध है। बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने वीडियो शेयर किया था, जिसमें ये सरकारी फाइलें विशाल चौधरी के घर पर निपटाते देखे गए। इडी इनके ठिकानों पर छापेमारी की थी।

### विनय चौबे



1999 बैच के आइएएस विनय चौबे से शराब घोटाले के मामले में रायपुर में पूछताछ हुई। ईडी ने झारखंड के उत्पाद सचिव और बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी विनय चौबे को बुलाया था। झारखंड की नई शराब नीति के लिए छत्तीसगढ़ मॉडल को अपनाया गया था। कारोबार करने की वजह से झारखंड सरकार को भारी राजस्व घाटा हुआ।

### रामनिवास यादव



साहिबगंज के डीसी रामनिवास यादव भी इडी की जद में हैं। इडी के अधिकारी उनसे साहिबगंज में एक हजार करोड़ रूपए के अवैध खनन के घोटाले में पूछताछ कर चुकी है। हाल में ही इडी की जब्त के बावजूद डीसी की निगरानी में वहां पर खनन होते पाया गया, इन वजहों से इडी की नजरों में साहिबगंज डीसी सवालों के घेरे में हैं।

# 123 अंक लाकर भी 111 अंकवाले से पीछे रह गया मारवारी साहू

**रांची।** जेपीएससी अपने अजीबो-गरीब कारनामे के कारण हमेशा से चर्चा में रहा है। इस बार भी एक दिव्यांग अभ्यर्थी ने जेपीएससी पर भेदभाव का आरोप लगाया है। जेपीएससी प्रथम सीमित परीक्षा के अभ्यर्थी मारवारी साहू का कहना है कि इस परीक्षा में 50 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। निःशक्त कोटे से वहभी इस पीरक्षा में शामिल हुआ था। मेरिट लिस्ट में उससे ज्यादा किसी को अंक नहीं मिले हैं। इस सीमित परीक्षा में उसे 123 अंक मिले, जबकि 111 अंक लानेवाले का चयन कर लिया गया। उन्हें यह कहकर मेरिट लिस्ट से बाहर कर दिया गया कि उनका सर्टिफिकेट देवघर विद्यापीठ का है, जबकि झारखंड हाईकोर्ट ने भी देवघर विद्यापीठ की ओर से जारी 26 फरवरी 2015 तक की सभी डिग्रियों को वैद्य मानने का आदेश दिया है।

# संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए अध्ययन व अनुसंधान जरूरी : सुदेश

## आजसू सुप्रीमो ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची में आयोजित महोत्सव-आविर्भाव का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि कानून की पढ़ाई बड़ी है और अहम जिम्मेदारी भी। अगर इन दोनों को गांव के साथ थोड़ा कनेक्ट करें, तो लोगों को कानून का दायरा पता चलेगा। उनके लिए न्याय हासिल करना भी आसान होगा। तब एक बदलाव का वातावरण बनेगा और कानून पढ़ने-पढ़ाने वाले इसके वाहक साबित होंगे। रांची स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के वार्षिक खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'आविर्भाव' के उद्घाटन समारोह में उन्होंने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बेहतर कल को आकार देने में लॉ ग्रैजुएट्स की भूमिका अहम है। वे विषयों को तार्किक, बौद्धिक एवं वैचारिक रुप से रखने में सक्षम हैं। इस यूनिवर्सिटी से वे आग्रह करना चाहेंगे कि अपने ज्ञान और तजुर्बा के साथ कुछ वक्त गांवों को दें तो एक बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्पोर्ट्स व कल्चर लोगों को जोड़ने के बेहतरीन माध्यम हैं। ये आपसी समन्वय और लगाव बढ़ाते हैं। कई क्षेत्रों की पहचान इन्हीं विषयों और चीजों से होती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं खुद भी एक खिलाड़ी रहा हूं और इस परिसर/ समारोह में खेलने की इच्छा भी है पर वक्त की पाबंदी है'। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि कॉलेज/विश्वविद्यालय का वार्षिक समारोह एक त्यौहार की तरह होता है। सपनों को सजाने की तैयारी भी होती है। यह युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर भी देता है। 'आर्विभाव' एक सुंदर थीम है। इसमें कई इवेंटस होने हैं।

इस कल्पना और सोच के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति, फैकल्टी और कल्पना के साकार करने में जुटे तमाम विद्यार्थियों की वे सराहना करते हैं। तीन दिनों के समारोह में ऐसा समां बांधें कि हर अतिथि तारीफ करें। उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि कई कमियों के बीच नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी रांची ने देश में 22 वां रैंक स्थापित किया है। विश्वविद्यालय और ऊंचा मुकाम को हासिल करे इसकी वे कामना करते हैं। समारोह में कांके के विधायक समरी लाल, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो॰ केशवारांव वराकुल्ला, आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, रांची जिलाध्यक्ष संजय महतो, मुजिबुल रहमान इत्यादि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में लीडरशिप कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रांची।** झारखंड में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। 11 माह के अंशकालिक डिप्लोमा प्रोग्राम की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि प्रतिभागी पाठ्यक्रम में नामांकन कराने के साथ अपना मौजूदा कार्य और रोजगार जारी रख सकते हैं। यह तीन अवधियों का ऑन-कैंपस और ऑनलाइन लर्निंग का मिलाजुला प्रोग्राम है। सूत्रों के अनुसार यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले मध्य से वरिष्ठ स्तर के प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है जो अपने संगठनों, संस्थाओं में पहले से ही लीडरशिप की भूमिकाओं में हैं। प्रतिभागियों की बेहतर ढंग से जानकारी प्रदान करने के लिए डेवलपमेंट संबंधी प्रक्रियाओं के बारे में उनके दृष्टिकोण को गहरा बनायेगा।

## खबर एक नजर में

### 14 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण-पदस्थापन

**रांची।** एसएसपी किशोर कौशल ने सोमवार को 14 पुलिस का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। न्यू पुलिस लाइन केंद्र में प्रतीक्षारत मो इमरान को चान्हो, अभिजीत रंजन को कांके थाना से बेड़ो थाना, प्रवीण कुमार तिवारी को बेड़ो से लोअर बाजार, बसंत राम को इटकी थाना, धर्मेंद्र कुमार को तुपुदाना ओपी से रातू थाना, अजय प्रताप सिंह को तुपुदाना से तमाड़ थाना, मो आलम को पीसीआर से पुलिस केंद्र और राजेंद्र पाल को पीसीआर में पदस्थापित किया है।

### एडवोकेट एसोसिएशन लगायेगा काला बिल्ला

**रांची।** राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने को लेकर यहां के अधिवक्तागण लगातार प्रयासरत हैं। इस पर राज्य सरकार की ओर से किसी प्रकार का कोई एक्शन नहीं लिया गया है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी अग्रवाल एवं महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने कहा है कि एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में एक्ट लागू होने से यहां के सभी अधिवक्ता अपने आपको सुरक्षित महसूस करेंगे।

### कन्हैया मिश्र के निधन पर जेएन कॉलेज में शोक सभा

**रांची।** जेएन कॉलेज धुर्वा में सोमवार को रिटायर्ड प्रशाखा पदाधिकारी कन्हैया मिश्र के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ अबरार अहमद ने कहा कि नियति के लेख को मिटाना मनुष्य मात्र से संभव नहीं है। स्वर्गीय मिश्रा अपने पीछे 3 पुत्र एवं एक पुत्री का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर डॉ कुमार पुष्कर, डॉ प्रमोद सिंह, प्रो जगदीश लोहरा, डॉ राजेश कुमार, टेरेसा टुड्डू, समीर गुंजन लकड़ा के अलावा मीना सिन्हा, दीपांजलि, प्रतिभा और उर्मिला भेंगराज समेत अन्य उपस्थित थे।

### इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा ने बांटी छतरी



**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट-325 की ओर से सोमवार को करमटोली के पास फल विक्रताओं को बारिश एवं धूप से सुरक्षा के लिए पूर्व पीडीसी पूनम ठाकुर ने बड़ी छतरी का वितरण किया। क्लब की अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में पीपी कंपाउंड में गरीबों तथा निसहायों के भोजन के लिए पर्याप्त खाद्य सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष माला श्रीवास्तव, सचिव सुप्रीता लाल, टीपीपी नीता नारायण, सोमा भादुड़ी, नीता शेखर, अर्चना त्रिवेदी, शालिनि सिन्हा, ज्योति तिवारी, सुषमा पांडे, नुपुर शशांक, सुषमा सिन्हा, अनिता जायसवाल, मीना सहाय, सोनल श्रीवास्तव और रिया ने भाग लिया।

### डीएसपीएमयू के मेन रोड पर लगेगा स्पीड ब्रेकर

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीसएसपीएमयू) छात्र दल छात्र नेता बबलू कुमार महतो के नेतृत्व में सोमवार को एक डेलिगेशन विवि के वीसी डॉ टीके शांडिल्य से मिला। उन्होंने वीसी से विश्विद्यालय मुख्य पथ में स्पीड ब्रेकर के निर्माण की मांग की। छात्रों से वार्ता के दौरान कुलपति ने उन्हें आश्वस्त किया कि तीन दिनों के अंतर्गत स्पीड ब्रेकर का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से ऋषभ कुमार, अभय, रवि, अमृत, सौरभ, राहुल राम, रितांश, अंबी अनुरूप, रागिनी श्रीवास्तव, अभिषेक राज आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

### पांच दिवसीय अखंड कीर्तन शुरू



रांची। श्री श्री हरी सभा समिति काली मंदिर रोड,डोरंडा की ओर से 5 दिवसीय हरि नाम के अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर प्श्चिम बंगाल से आये हुये मंडली लक्ष्मी नारायण दुगार्पुर, जुगल मिलन, चैती दास, जगन्नाथ महतो, चींटी महतो, अवनी ठाकुर ने बारी-बारी से हरी नाम का अखंड कीर्तन किया। साथ ही, श्री हरी सभा डोरंडा के द्वारा पुरुष महिलाओं के द्वारा अखंड कीर्तन किया जा रहा है। इस अवसर पर सभी समिति के द्वारा भंडारा भी लगातार चलाया जा रहा है। मुख्य रूप से 26 अप्रैल को प्रात: पांच बजे से नगर कीर्तन एवं संध्या तीन बजे से महाभोग का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सुबोध गोप, चंदन घोष टापू, दीपक घोष, मलीना, अशोक घोष, दोलन गोप, समीर गोप, परिमल घोष, तुलसी घोष, उमेश बर्मन, शंभू गुप्ता, श्यामल घोष, राजू दास योगदान दे रहे हैं।

### कैंब्रिज बीएड के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

**इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची ने देश के टॉप फोर में बनायी जगह**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से जारी 2020-22 के डीएलएड के परीक्षा परिणाम में कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन के विद्यार्थियों का रिजल्ट शत प्रतिशत सफल रहा है। छात्रा मोनिका जेनिता तिर्की 81.78 प्रतिशत अंकों के संस्थान में टॉपर का स्थान प्राप्त किया है। वहीं होलिका कुमारी 80.28 के साथ द्वितीय एवं ओंसी जेनिथ तिग्गा ने 80.07 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सत्येष सिंह ने बताया की परीक्षा में शामिल हुए कुल 41 विद्यार्थियों में से 23 विद्यार्थियों ने डिंस्टिक्शन मार्क्स के साथ सफलता प्राप्त की है। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह, प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार, संयोजक संजीव कुमार तिवारी, डीएलएड विभागाध्यक्ष डॉ रेणु आदि शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शिक्षकों की सराहना की है।

### बजाज ने प्रीमियम पंखों की रेंज पेश की

**रांची।** भारत के प्रमुख कंज्यूमर एप्लायंसेज ब्रांड, बजाज ने पैन-इंडिया मल्टीमीडिया कैंपेन के माध्यम से आकर्षक और नए सीलिंग फैंस की रेंज को लॉन्च किया है। इन पंखों को सुपर 5 टफ टीएम टेक्नोलॉजी के साथ निर्मित किया गया है। ब्रांड ने भारतीय ग्राहकों की समस्याओं और जरूरतों को गहनता से समझते हुए इस गर्मी में पंखों की प्रीमियम रेंज की पेशकश की है। लम्बे समय तक बने रहने के बजाज के वादे को प्रखर करते हुए, उनके नवीनतम पंखे पॉच साल की वॉरंटी के साथ आते हैं,और साथ ही टिकाऊ जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से सेल्फगार्ड कैपेसिटर, फिएरोशील्ड बियरिंग, ड्यूराकोट कॉपर मोटर, सर्जप्रोटेक्ट मोटर, कोरोसेफ लैकर और एंटी-करोसिव प्रोटेक्शन जैसी सुविधाओं को भी शामिल करते हैं। यह कैंपेन बजाज की ब्रांड पोजिशनिंग, 'बिल्ट फॉर लाइफ' को विस्तार से दशार्ता है, जो भारतीय ग्राहकों की हार न मानने, दृढ़ रहने और प्रदर्शन करते रहने की भावना से प्रेरित है।

इस संबंध में कंपनी के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रवीन्द्र सिंह ने कहा है कि हमारे ग्राहकों के प्रति किए गए सर्वे से स्पष्ट होता है कि हम श्रेणी के अनुरूप चुनौतियों के समाधान की पेशकश करने के लिए अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को लगातार अपग्रेड कर रहे हैं।

## वास्तु बिहार में कैंब्रिज पॉलिटेक्निक के नौ विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक (सी आई पी) टाटीसिलवे के सिविल 2020 बैच के 9 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन रियल एस्टेट कंपनी वास्तु विहार ने ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया है।

संस्थान की ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर त्रिशिता घोष ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों का जॉब लोकेशन बिहार-झारखंड के हजारीबाग, रामगढ़, गया, पलामू, सासाराम व गिरिडीह में होगा। इन्हें सालाना पैकेज के रूप में शुरूआत में 2.25 लाख दिया जाएगा तथा प्रोवेशन पीरियड के बाद सैलरी में बढ़ोतरी की जाएगी। कंपनी के एच आर प्रमुख ऋषिकेश कुमार ने चयनित विद्यार्थियों को नियुक्तिपत्र सौंपा। मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ रोहित सिंह, चीफ मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव कैंब्रिज ग्रुप प्रो. अंकित सिंह, मीडिया सेल प्रभारी प्रो. रितु सिंह, प्रो आयंस कुमार आदि मौजूद थे।

चयनित विद्यार्थियों में आलोक महतो, आशुतोष कुमार सिंह, आसिफ अंसारी, हर्षित कुमार, सूरज प्रकाश तिवारी, नितिन सिंह, राहुल कुमार सिंह, सुजीत कुमार, विश्वेश्वर कुमार का नाम शामिल है। संस्थान के सचिव नवनीत सिंह ने सफल विद्यार्थियों व संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी है।

## कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में साइबर जागरूकता पर भाषण प्रतियोगिता

**रांची।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड में बच्चों में साइबर जागरूकता लाने के लिए सोमवार को भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साइबर क्लब द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'साइबर सिक्योरिटी - नीड ऑफ द टाइम ' तथा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने 'रोल ऑफ डेटा इन कंप्यूटर' विषय पर विचार प्रस्तुत किए। मौके पर प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने कहा कि इस समय साइबर से जुड़ी जानकारियों के बगैर सुगमता पूर्वक जीवन यापन करना संभव नहीं है। इस क्षेत्र में लेनदेन संबंधी कई जोखिमें भी हैं इसलिए सरकार और साइबर सिक्योरिटी से जुड़ी संस्थाएं नागरिकों को जागरूक करने का सतत प्रयास कर रही है। विद्यालय द्वारा आयोजित ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में साइबर सिक्योरिटी से जुड़ी जानकारियां और जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में आशा राज, मनोज मिश्रा, डॉ. शिल्पा शाहदेव, रौनक कुमार, अर्शी एथल मिंज, प्रवीण कुमार, अनूप सिन्हा, मनीषा कुमारी आदि मौजूद रहे।

## रांची विवि में लेट सेशन से गुस्साए छात्रों ने योग विभाग में जड़ा ताला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग में सेशन लेट चलने के कारण गुस्साए छात्रों ने आजसू छात्र संघ के सदस्यों के साथ सोमवार को चार घंटे तक विभाग में तालाबंदी कर दी। तालाबंदी और प्रर्दशन का नेतृत्व आजसू छात्र संघ के रांची विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला कर रहे थे। छात्रों ने बताया कि योग विभाग का 2020-23 का यूजी सेशन बहुत पीछे चल रहा है, जिसका खामियाजा छात्रों को भुगतना पड रहा है। 2023 का सेशन जुलाई तक खत्म हो जाना चाहिए था, लेकिन अभी तक 3 सेमेस्टर की परीक्षा ली जा सकी है। 2 महीना बीतने के बाद भी रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। वहीं आजसू पीजी विभाग के अध्यक्ष रोहित चौधरी ने कहा कि ई कल्याण पोर्टल पर योग विभाग रजिस्टर्ड नहीं दिख रहा है, जिससे छात्र- छात्राएं छात्रवृत्ति का फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं।



### 4 घंटे तालाबंदी के बाद मिला आश्वासन

आजसू के सदस्यों ने लगभग 4 घंटे तक पीजी योग विभाग को बंद रखा। बाद में रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, ओएसडी डॉ स्मृति सिंह एवं योग विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ मधुलिका विभाग पहुंचे। छात्र-छात्राओं को आश्वस्त किया के अगस्त माह तक विश्वविद्यालय द्वारा हर संभव प्रयास कर कंप्लीट कराया जाएगा। डीएसडब्ल्यू ने कहा कि 2- 3 दिनों में ई कल्याण पोर्टल पर योग विभाग रजिस्टर्ड हो जाएगा। इसके बाद सभी विद्यार्थी आसानी से छात्रवृत्ति फॉर्म सकते हैं।

तालाबंदी में विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा, अभिषेक शुक्ला, रोहित चौधरी, विशाल कुमार यादव, विपिन यादव, विक्रम यादव, मयंक सिंह, राहुल कुमार, सिम्मी, गीतांजलि, आकृति, प्रज्ञा, होलीका, प्रीति, शिवानी, अर्चना, आयुष, सूरज, रोहित, राजीव, लव, अमित के अलावा अखिल झारखंड छात्र संघ आजसू के सदस्य मौजूद थे।

## विजय दिवस सह काव्य गोष्ठी आयोजित



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** हिंदी साहित्य संस्कृति मंच ने होटल सिटी पैलेस में विजय दिवस के रुप में गोष्ठी का आयोजन किया। समारोह के मुख्य अतिथि रिटायर जिला व सत्र न्यायाधीश शिव नारायण सिंह थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पूर्व कुलपति प्रो सुरेश प्रसाद सिंह तथा विधायक सीपी सिंह की उपस्थिति रही। मंच की ओर से अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ से मुख्य और विशिष्ट अतिथि को सम्मानित किया गया। इसके आयोजन में मंच सचिव बिनोद सिंह गहरवार, डॉ वैद्यनाथ मिश्र, कामेश्वर कुमार सिंह कामेश निरंजन प्रसाद एवं सूरज श्रीवास्तव की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन विनोद सिंह गहरवार ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ बैद्यनाथ मिश्र द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई। रेणु बाला धार ने सरस्वती वंदना की।कई साहित्यकारों ने अपनी स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। प्रतिभा सिंह, तय अपर्णा सिंह, कामेश्वर कामेश, सूरज श्रीवास्तव, राजश्री जयंती, ऋतुराज वर्षा, रेणुबाला धार, सुनीता कुमारी, उमा सिन्हा, विजय रंजन, शालिनी नायक, मीरा सोनी, राजीव थेपड़ा, राज रामगढ़ी, निराला पाठक आदि शामिल थे। मंच की ओर से डॉ राजश्री जयंती को भारत सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक के निदेशक मंडल में निदेश नियुक्त किये जय जाने पर बधाई दी गई।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में येलो डे, रेड डे व ऑरेंज डे समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में सोमवार को कलर्स डे समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को लेकर विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों में काफी उत्सुकता देखी गई। कार्यक्रम के लिए बच्चों को तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया था। प्री नर्सरी के बच्चों ने येलो डे में भाग लिया, केजी के बच्चे ऑरेंज ऑरेंज डे व प्रथम वर्ग के बच्चों ने रेड डे में भाग लिया। इस मौके पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते हुए रंगों से संबंधित गीत और कविता का पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न उपकरणों को पीला, लाल, नारंगी रंगों से सुसज्जित किया। कक्षाओं और गलियारों को नारंगी, लाल और पीले रंग से वस्तुओं जैसे गुब्बारे, खिलौने, रिबन आदि को खूबसूरती से सजाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. रंजना स्वरूप व प्रधानाचार्य जसमीत कौर ने कहा कि पीला रंग नकारात्मक विचार खत्म कर उत्साह का संचार करता है। इस रंग से ज्ञान की प्राप्ति के साथ कुविचार दूर होते हैं। नारंगी रंग मानसिक गतिविधियों को तेज करता है और लाल रंग ऊर्जा का प्रतीक है।

## चौकीदार सिद्धेश्वर के हत्यारों की अविलंब हो गिरफ्तारी : सरजीत



**रांची।** राष्ट्रीय संविधान रक्षा मंच के अध्यक्ष सरजीत मिर्धा ने बीते दिन देवघर में चौकीदार सिद्धेश्वर मिर्धा की गोली मारकर हत्या किये जाने की कड़ी निंदा की है। सिद्धेश्वर मिर्धा झारखंड प्रदेश तुरी समाज के प्रवक्ता सह चौकीदार संघ देवघर जिला अध्यक्ष थे। सरजीत मिर्धा ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि सिद्धेश्वर मिर्धा की हत्या वहां के बालू माफियाओं ने की है। उन्होंने हत्या में संलिप्त अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी के साथ सरकार से सिद्धेश्वर के परिजनों को 50 लाख नकद राशि देने और एक की नौकरी देने की मांग की है। सिद्धेश्वर सामाजिक कार्यों के अलावा तुरी समाज के उत्थान के लिए बहुत काम किये हैं, इसलिए लोकप्रिय व्यक्ति थे।

**डीएसपीएमयू में आरबीआई के डायरेक्टर एंड एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट टू डिप्टी गवर्नर का व्याख्यान**

## देश में मूल्य स्थिरता के साथ आर्थिक विकास की प्राप्ति का मुख्य लक्ष्य है मौद्रिक नीतिः डॉ श्रीवास्तव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में सोमवार को मोनेटरी पॉलिसी इन इंडिया...चेंजिंग कोंटूर्स...विषयक एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स, अर्थशास्त्र, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज और रूरल डेवलपमेंट विभाग के संयुक्त सौजन्य से आयोजित इस कार्यशाला सह सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डायरेक्टर एंड एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट टू डिप्टी गवर्नर, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, मुंबई डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने की। मुख्य वक्ता का तौर पर डॉ विनीत कुमार श्रीवास्तव ने विस्तार से रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के कार्य प्रणाली और उसके क्रियान्वयन के विषय में पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को बताया। उन्होंने भारत की मौद्रिक नीति की विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आर्थिक संकट के समय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया कैसे कार्य करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आधुनिक युग में मौद्रिक नीति को समझना अत्यावश्यक बताते हुए कहा कि इसे समझने के साथ हम देश की अर्थव्यवस्था की बारीकियों को समझ पाएंगे। उन्होंने काफी सरल माध्यम में पूरे देश की पंचवर्षीय योजनाओं और आर्थिक नीति की विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अर्थशास्त्री सह कुलपति डॉ शांडिल्य ने विस्तार से विद्यार्थियों को आजादी के उपरांत भारत की पंचवर्षीय योजनाओं में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की भूमिका के विषय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में मौद्रिक नीति का क्या महत्व है। उन्होंने मौद्रिक नीति के बदलते स्वरूप को बताते हुए कहा कि मौद्रिक नीति के द्वारा ही आर्थिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है और आर्थिक विकास की ओर प्रगति की जा सकती है। उन्होंने मौद्रिक नीति के मुख्य उद्देश्यों में आर्थिक विकास की प्राप्ति, आर्थिक स्थिरीकरण और पूर्ण रोजगार बताया। इससे पूर्व कुलपति डॉ शांडिल्य और मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद डॉ श्रीवास्तव को डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने सम्मानित किया। मौके पर डॉ अशोक नाग, डॉ रजनी कुमारी, डॉ विनय भरत, डॉ टीएन साहू और कॉमर्स, अर्थशास्त्र, मैनेजमेंट और रूरल डेवलपमेंट के विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

## राज्यपाल से मिले मुख्य न्यायाधीश



**रांची। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्रा ने राजभवन में मुलाकात की। राजभवन के अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार भेंट थी।**

स्पीड न्यूज

## रातू प्रखंड में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस

**रातू।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड के पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया गया। पंचायत भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सतत विकास लक्ष्य के तहत थिमवार कार्यक्रम को आगे बढ़ाने और विकास को गति देने के उद्देश्य से वार्षिक कार्य योजना तैयार की गयी। जनाकांक्षा पर आधारित कल्याणकारी योजनाओं का चयन किया गया। इतना ही नहीं विकास में त्रिस्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुने हुए जन प्रतिनिधियों की सहभागिता और उसमें ग्रामीणों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर मुखिया, सरपंच व वार्ड सदस्यों के अलावा पंचायत सचिवए जल सहियाए आंगनबड़ी सेविकाए सहायिकाए स्वयंसेवक, मनरेगा रोजगार सेवक, जेएसएलपीएस के महिला ग्राम संगठन प्रतिनिधि व बुद्धिजीवी आदि मौजूद थे। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।

## ओरमांझी: रूद्राभिषेक और मंडा पूजा 26 को

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के डुंडे पुंदाग में श्रीश्री नर्मदेष्वर मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव मंगलवार को कलष-यात्रा के साथ शुरू होगी। इसके लिए सोमवार को वेदी स्थापना व अन्य तैयारी पूरी कर ली गई है। 26 अप्रेल दी को बेदी पूजा रूद्राभिषेक पूजन हवन पूणार्हुती सह मंडा पूजा का आयोजन होगा। इसके सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष विजय करमाली, सचिव सुरेष मुंडा, कोषाध्यक्ष फुलचंद साहू, उपाध्यक्ष सुरेष करमाली, लषन गंझु, विस्टू मुंडा, सहसचिव संजय करमाली, संरक्षक अरविंद कुमार पतरस, विरेंद्र साहू, मनीराम मुंडा, राधेष्याम मुंडा, चतुर साहू, भीम मुंडा, धनीराम मुंडा, शंकर गंझु, शंभु साहू, नरेष मुंडा आदि शामिल हैं।

## कैमरा लूट कांड में वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी पुलिस ने भुसुर जंगल में पिछ्ले साल हुई कैमरा लूट कांड में शामिल एक अन्य फरार आरोपी रजीक अंसारी को उसके घर इरबा से गिरफ्तार कर लिया है। कोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। 20 अगस्त 2022 को भुसुर जंगल के समीप आगर टोली निवासी सागर कारमाली का डीएसएलआर कैमरा लूट ली गई थी। इसमे शामिल दो अन्य आरोपी कुटे निवासी हसन अंसारी व छोटू खान को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

## किसान नेता विश्वदेव सिंह मुंडा की मनायी गयी पुण्यतिथि

**सोनाहातू।** प्रखंड के सोनाहातू गांव में किसान नेता विश्वदेव सिंह मुंडा का दूसरा पुण्यतिथि मनाया गया। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने इनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किये। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। मौके पर झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सह माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य सुफल महतोए राज्य कमिटी सदस्य सह राज्य अध्यक्ष नौजवान सभा के सुरेश मुंडा आदि मौजूद थे।

## ब्रह्मभोज के लिए किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा।** प्रखंड के हाहे ग्राम निवासी राजेन्द्र महतो के पुत्र का पिछले दिनों असामयिक निधन हो गया स मृतक के ब्रह्मभोज हेतु भाजपा राँची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र महतो के द्वारा उनके परिजनों को खाद्य सामग्री और आर्थिक सहयोग किया गया स मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नरेश साहूए संजय साहूए बाबूलाल महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# लापुंग: कोयनारा गांव में युवती की पत्थर से कूच कर हत्या

### अर्धनग्न अवस्था में मिला शव, ग्रामीणों ने बताया प्रेम प्रसंग का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

**लापुंग।** लापुंग थाना क्षेत्र के कोयनारा गांव में रविवार की रात में बुधवा उरांव की छोटी बेटी 20 वषीर्या सुशांति कुमारी को पत्थर से कूचकर नृशंस हत्या कर दी गई। सुशांति के शरीर पर पैंटी खुली हुई मिली है जबकि शरीर के अन्य कपड़े सामान्य रूप से पहना हुआ मिला है। घटना की सूचना मिलते ही डीएसपी रजत मणि बाखला और सर्किल इंस्पेक्टर अरुण कुमार भी घटनास्थल पहुंचे। इसके पूर्व लापुंग के थानेदार सुकुमार हेम्ब्रम ने हत्या के मामले में अपनी जांच शुरू की। मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बसिया थाना क्षेत्र के बटालोया गांव के रहने वाले दीपक ; सिंह द्ध बडाईक उर्फ मंटु से सुशांति का प्रेम प्रसंग चल रहा था । दोनों की मुलाकात त्रिपुरा के ईट भट्टे में मजदूरी करने के दौरान हुई थी। ग्रामीणों को आशंका है कि हत्या के पीछे दीपक उर्फ मंटु का ही हाथ हो सकता है। दीपक उर्फ मंटू को एक अन्य युवक के साथ लोहरा टोली में शादी घर में रविवार को देखा गया था। इधर सुशांति के पिता बुधुवा उरांव के अनुसार उसकी बेटी शाम को बगैर कुछ बताए घर से निकली और फिर लौट कर वापस नहीं आई। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार मोबाइल में अक्सर दोनों के बीच बातचीत होता रहता था। संभवतः दीपक ने ही युवती को फोन कर बुलाया होगा। युवती के पहुंचने के बाद संभवतः दुष्कर्म कर उसे मौका.ए.वारदात पर घसीटा भी गया है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर सुशांति का हवाई चप्पल भी मिला है। कुछ लोगों का कहना था कि उन लोगों का प्यार एक तरफा था। लड़की उसे नहीं चाहती थी लेकिन शादी का झांसा देकर संभवतः उसके साथ दीपक ने कई बार शारीरिक संबंध भी बनाया है। घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया कि युवती को एक बड़ा पत्थर से कूचकर उसकी नृशंस हत्या कर दी गई है। हालांकि इस संबंध में पुलिस कुछ भी बताने से कतरा रही है। लेकिन गांव वालों का कहना है कि दोनों प्रेमी प्रेमिका अक्सर मिलते थेए लेकिन इस बार दीपक उर्फ मंटु दो सालों के बाद सुशांति से मिलने आया था। दीपक ने लड़की को हत्या करने से पहले जलेबी और चाट फूचका भी खिलाया था। बुधवा उरांव के तीन बच्चों में सबसे बड़ी बेटी दशमी कुमारी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। वहीं उसके तीन संतानों में सबसे छोटा उसका बेटा राजेश उरांव है और अभी वह छठी कक्षा में पढ़ाई करता है। वहीं सुशांति बुधुवा उरांव की दूसरी और छोटी बेटी थी।



मृतका के शोकाकुल माता-पिता और इनसेट में मृतका की फाइल फोटो।

### मृतका सुशांति ईंट भट्टा में करती थी काम

सुशांति ने छठी कक्षा तक पढ़ाई कर गरीबी के कारण पढ़ाई छोड़ दी और परिवार की जिम्मेवारी उठाने के लिए ईट भट्ठा चली गई। जहां उसकी मुलाकात दीपक से हुई थी। हालांकि लापुंग पुलिस फूंक फूंक कर कदम उठा रही है। घटनास्थल से मृतका के शव का लापुंग पुलिस ने पंचनामा किया और मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर पोस्टमार्टम करने हेतु शव को रिम्स रांची भेज दिया। पुलिस प्रशासन ने सिर को कुचकर हत्या में प्रयुक्त करने वाले पत्थर को बरामद कर लिया है। वहीं पुलिस आरोपी के खून लगे कपड़े की भी तलाश कर रही थी। फिलहाल लापुंग पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस के पदाधिकारियों का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी बहुत जल्द कर दी जाएगी और घटना की बहुत जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। सोमवार को देर शाम तक मामला दर्ज किया गया। मृतका के पिता बुधुवा उरांव के फर्द बयान पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## चौड़ा गांव में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** किचटो पंचायत के चौड़ा गांव निवासी राजकुमार महतो अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुए घायल। आपको बताते चले कि यह घटना रविवार की रात्रि की है राजकुमार महतो पिता स्वर्गीय रघुनाथ महतो कारो गांव से अपने घर चौडा वापस लौट रहे थे। विपरीत दिशा से आ रहे हैं तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पास लेने के चक्कर में राजकुमार महतो की बाइक को टक्कर मार दिया, जिससे वह पूरी तरह से घायल हो गए। अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन चालक भागने में सफल रहा। घायल राजकुमार महतो को तत्काल ग्रामीणों की सहायता से कल्याणपुर के कल्याणी नर्सिंग होम में लाया गया जहां वहां पर घायल राजकुमार का इलाज चला उनके सर और पैर में काफी गंभीर रूप से चोट लगी है। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने टंडवा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद इलाज के लिए प्रशासन की मदद से तत्काल 25000 नगद राशि देकर जाम को क्लियर कराया गया। इस मौके पर पिपरवर थाना प्रभारी गोविंद कुमार सहित थाना सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## हाईवा के धक्के से मोपेड सवार घायल

**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर सिल्ली के कोंचाजारा मोड़ पर सोमवार की सुबह हाईवा के चपेट में आने से एक मोपेड सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पाकर पहुंची सिल्ली पुलिस ने स्थानीय लोगों के मदत से घायल को सिल्ली सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर चिकित्सा के लिए रांची रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक लोटा केंदवाडीह निवासी रेलवे कर्मी भरत महतो सुबह छः बजे अपने ड्यूटी के लिए मुरी जा रहे थे उसी समय उसी दिशा से आ रही एक हाईवा डम्पर ने पिछे से ठोकर मार दी जिससे मोपेड सवार भरत महतो सड़क पर ही गिर पड़े। हाईवा चालक घटना स्थल से हाईवा को भगा कर बंता पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे छोड़ कर भाग गया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर लिया है।

## मांडर: ईंट भट्ठा में वज्रपात से एक की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के चटवल गांव में स्थित मुस्लिम ईट भट्ठा में हुए वज्रपात से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना सोमवार दोपहर 2.00 बजे की है। बताया जाता है कि मृतक उसी भट्टे का मजदूर था। मृतक महासमुंद जिला छत्तीसगढ़ निवासी 45 वर्षीय विजय ध्रुव अपने परिवार के साथ भट्टे में कच्चा ईट बनाने का काम किया करता था। ईंट बनाने के लिए उक्त समय पर वह मिट्टी बना रहा था ठीक उसी दौरान तेज हवा बारिश शुरू हो गई और उसी बीच हुई वज्रपात ने उसे अपने चपेट में ले लिया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई, परंतु उसे उठाकर मांडर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां से पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया। विजय ध्रुव के साथ उसकी पत्नी 40 वर्षीय धनेश्वरी देवी, पुत्री 18 वर्षीय कुंती कुमारी, पुत्र 12 वर्षीय लोकेश कुमार एवं 8 वर्षीय देवेंद्र कुमार साथ रहते थे सभी का रोरो कर बुरा हाल था।



शोकाकुल मृतक की पत्नी और बच्चे।

## हेमंत सरकार घोषणाओं की सरकार: स्वामी देवेंद्र प्रकाश

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** राज्य सरकार यहां के निवासियों के साथ केवल छलावा कर रही है। हेमंत सरकार केवल घोषणाओं की सरकार बनकर रह गई है। मुख्यमंत्री को नैतिकता के आधार पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को मंत्रीमंडल से तत्काल बर्खास्त करना चाहिए। उक्त बातें भाजपा के वरीय नेता स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने सोमवार को क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान के दौरान कही। इस क्रम में उन्होंने उरुगुट्ट, सुरीद, सोबा, बंसरी, बरौदी, मारवा आदि गांवों में पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दिया। स्वामी देवेन्द्र प्रकाश ने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं आयुष्मान योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री कृषि बीमा योजना, प्रधानमंत्री अन्न योजना का लाभ लेने की बात कही। मौके पर अर्जुन महतो, जनार्दन साहु, विकास साहु, अमृत महतो, बालगोविंद मुंडा, उदय कुमार समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एक नजर में

## योगासन ट्रेनिंग के निर्णायक बने बुंडू के विजय यादव



**पिपरवार।** कोयलांचल के समीपवर्ती गांव बुंडू निवासी विजय कुमार यादव पिता प्रदीप यादव अब राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भुमिका निभाएंगे ।उतर प्रदेश के मिजार्पुर में योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित छह दिवसीय निर्णायकों की ट्रेनिंग में विजय यादव उत्तीर्ण हुए है ।उनकी इस सफलता पर बधाई देने वालों में विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र गुप्ताए बुंडू के मुखिया तुलसी तुरीएपंसस रंजीत तुरीए सुभाष सावए उमेश यादव, संतोष यादव, मुकेश यादव शामिल है।

## मांडर : शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चल कर दिखायी भक्ति की शक्ति

**मांडर।** प्रखंड के मलती में सोमवार को दो दिवसीय मंडा पूजा का समापन सोमवार झूलन के साथ किया गया। इससे पूर्व रविवार को जागरण में में 42 शिव भक्तों ने अंगारों में चलकर अपनी आस्था का परिचय दिया। इस अवसर पर छौ नृत्य का भी आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन उपस्थित बतौर मुख्यतिथि भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने किया। और उन्होंने कहा यह आस्था और भक्ति का पर्व है इसमें उपवास रहकर भक्त अंगारों में चलकर एवं झूलन में झूल के अपनी भक्ति का परिचय देते हैं जो की अद्भुत है। इस कार्यक्रम में मंडा पूजा समिति के बबलू गोपए रमेश चौरसिया ए दिनेश चौरसियाए मनोज भगत ए बलराम गोप रिंकू भगतए हरदेव भगत ए पवन साहूए कमल भगतए भोला गोप ए कमलेश गोप ए रोशन चौरसिया ए संजय नायक का भरपुर योगदान रहा।

## पुलिस ने बैंकों की जांच कर सुरक्षा को लेकर दिये निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार को नामकुम पुलिस ने अभियान चलाकर क्षेत्र के सभी बैंको की जांच की और षाखा प्रबंधकों को बैंक की सुरक्षा को लेकर आवष्यक दिषा निर्देष दिया। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि बैको में सीसीटीवी से लेकर सुरक्षा गार्ड और एहतीयात बरतने को लेकर सभी शाखा प्रबंधकों को जानकारी दी गयी। थानेदार श्री तिवारी ने बैंको के पीक आवर में आने वाले लोगों पर नजर रखने और संदिग्ध पाए जाने पर तुरंत पुलिस को इसकी सूचना देने को कहा ताकि उसे तुरंत पकड़कर पूछताछ की जा सके। उन्होंने कहा कि एहतीयात बरतकर ही सुरक्षित रह सकते है। थानेदार ने कहा कि बैंकों की सुरक्षा के लिए इन नियमों का पालन करना जरूरी है।

## सिल्ली: वुशु खिलाड़ियों ने जीते 10 पदक

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** रांची के नामकुम स्थित आरके आन्नद ग्रीन लॉन बॉल स्टेडियम मे रविवार को आयोजित 19 वां सिनियर झारखण्ड स्टेट वुशू चैम्पियनशिप मे बिरसा मुंडा वुशू सेंटर सिल्ली के खिलाड़ीयों ने 5 स्वर्ण,3 रजत एवं 2 कांस्य समेत कुल 10 पदक प्राप्त किया। जिसमें सबिता कुमारी, फुल कुमारी वेदिया,सोमनाथ सिंह, प्रशांत गोराई व अविनाश कोइरि ने स्वर्ण पदक।ज्योति कुमारी, शशिकांत महतो व सोनाली कुमारी ने रजत तथा दीपक कुमार महतो एंड प्रदीप मुंडा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्री डॉ मुकुंद चंद्र मेहता सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।



मुख्य अतिथि डॉ मुकुंद चंद्र मेहता एवं सफल वुशु खिलाड़ी।

## आरवीएम की बैठक में 31 सूत्री मांगों पर चर्चा

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा का बैठक डकरा में आरबीएम के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता के आवास में किया गया। बैठक की अध्यक्षता बिगन भोगता व संचालन रामलखन गंझु ने कियाण बैठक में क्षेत्र के रैयत विस्थापितों की ज्वलंत समस्याओं पर चर्चा किया गयाण बैठक के दौरान चर्चा में बिगन भोगता ने कहा कि पूर्व में एन के एरिया प्रबंधन को 31 सूत्री मांग पत्र दिया गया थाण उस पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं किया गया हैण इसलिए अब सभी रैयतों आर पार की लड़ाई लड़नी होगी। बैठक में मुख्य रूप से प्रभाकर गंझुएकन्हाई पड़ीए शिवनारायण लोहराए रामधारी गंझुए धनराज भोगताए बिरेंदर यादवएहेमलाल गंझुए खीरू गंझुएनरेश यादवएकुलदीप सावए सुकरा गंझु आनंद गंझुएकमलेश्वर गंझु आदि उपस्थित थे।

## नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में बच्चों ने मनाया पृथ्वी दिवस




**पिठोरिया।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा शपथ से हुई। कबाड़ से जुगाड़ के कॉन्सेप्ट से बच्चों को नये-नये मॉडल को विकसित कर दिखाया गया। प्राचार्य किरण यादव ने प्रत्येक दिन गो ग्रीन को अपनाने की बात कही। उन्होंने आज के प्रदूषण भरे वातावरण में पेड़ों की महत्ता पर चर्चा की। तदुपरांत जन जागृति से जुड़े कई कार्यक्रम यथा धरती से जुड़े क्विज धरा को बचाने की शपथ ग्रहण इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सुष्मिता मुखर्जी सहित अन्य शिक्षकों की भूमिका रही।

## समस्याओं का समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एआईटीयूसी यूसीडब्लूयु यूनियन ने एनके एरिया प्रबंधन को बिगत 10 अप्रैल को संगठित व असंगठित मजदूरों का ज्वलन्त समस्याओं को लेकर 13 सूत्री मांग पत्र सौपा गया था। मांग पत्र सौपने के बाद एनके एरिया प्रबंधन ने यूनियन के पदाधिकारियों को तो वादा कर देते हैएलेकिन पूरा करना भूल जाते हैंण एनके प्रबन्धन को यूसीडब्लूयु के तरफ से 10 अप्रैल को 13 सूत्री मांग पत्र दिया गयाण्उसके बाद प्रबंधन ने 13 सूत्री मांग पर यूनियन को स्पष्ट रूप से अस्वासन दिया था कि 24 अप्रैल तक पूरा समस्या का निराकरण कर दिया जायेगाण लेकिन प्रबंधन के ढुल मूल रैवये कारण 24 अप्रैल को भी संगठित असंगठित मजदूरों का समस्या का समाधान नही कर पायेएअथवा यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन को लेटर जारी कर कहा था कि 23 अप्रैल तक समस्या का समाधन नही हुआ तो 24 अप्रैल को डीएम कार्यलय के समक्ष धरना दिया जायेगाण 24 अप्रैल हो जाने के बाद एनके प्रबंधन ने यूनियन के पदाधिकारियों को एक पत्र जारी करते हुए बताया कि 3 मई तक समस्या के समक्ष में वार्ता करने की बात कहीण इस पर प्रबंधन के उपेक्षित रवैया से मजदूरों में काफी रोष व्याप्त हो गयाण मजदूरों का कहना था अगर प्रबंधन को वार्ता करना था या समस्या का समाधान करना था तो 24 अप्रैल से पूर्व कर लेना चाहिए।




मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते यूनियन के सदस्य।

## ओरमांझी: मतातू में मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ समारोह 29 अप्रैल से

**ओरमांझी।** प्रखंड के मतातू में नवनिर्मित षिव परिवार मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 29 अप्रेल को कलष यात्रा के साथ शुरू होगी। 29 अप्रेल से पांच मई तक आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमदभागवत महापुराण कथा के लिए अयोध्या धाम के प्रवचनकर्ता महाराज रमोजजी वत्स पहुंच रहे हैं। इसके सफल आयोजन के लिए एक आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य संरक्षक बैजनाथ महतो को बनाया गया है। वहीं अध्यक्ष बिशेश्वर महतो, सचिव बंगाली करमाली, कोषाध्यक्ष संरक्षक राधानाथ महतो, जनक किषोर महतो, मुखिया सुफल महली, दीपनारायण महली, बाबुराम महली, अगमलाल महतो, जयप्रकाष महतो, नागेंद्रनाथ महतो, रामषेवक महली, गबेष्वर महतो, निरंजन मुंडा, सुखनाथ मुंडा, बुधनाथ पाहन, धनिराम करमाली व कार्यकारणी सदस्य सुनील महतो, दिलेष्वर महतो, कैलाष महतो, संदीप महली, महेंद्र महतो, महाबीर महली, राजेंद्र महली, मुकेष महतो, रामगोपाल महतो, विनोद महतो, जगेष्वर महतो, संजय करमाली, लखनलाल करमाली, किषुन करमाली, सिदिया महतो, राजेश्वर महतो, राजकिषोर महतो, गणेष महली शामिल हैं।

## इटकी: राजकीय मवि चचगुरा के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभातफेरी



**इटकी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मौके पर चचगुरा स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकली गयी। प्रभातफेरी में शामिल विद्यार्थी अपने हाथों में स्वच्छता से संबंधित तख्तियां लिए व इससे संबंधित नारे लगाते हुए पोषक क्षेत्र का भ्रमण किया। प्रभात फेरी विद्यालय से होते हुए गढ़गांव पंचायत भवन पहुंची जहां विद्यार्थियों को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में पंचायत के मुखिया रजनी उरांवए एग्राम प्रधान सुखदेव उरांवए प्रधानाध्यापक राजकुमार रजवाड़ए आदित्य कुमारए संगीता मिंजए आशा कुमारीए महादेव सिंहए महिंद्र गोपए पंकज साहू सहित अन्य शामिल थे।

## बेंती पंचायत सचिवालय में कार्यक्रम का आयोजन

**पिपरवार।** बेंती पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर सोमवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत की मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पंचायत के कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए।


# आईएचएम को मिला सीएसआर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस

### टॉप होटल मैनेजमेंट संस्थानों में प्रथम चार में मिला स्थान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** ब्राम्बे स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट रांची ने 2023 के सर्वे रैंकिंग कंपटीशन सक्सेस रिव्यू द्वारा होटल ले मेरिडियन, विंडसोर पैलेस, जनपथ, न्यू दिल्ली में आयोजित अवार्ड सेरेमनी में आईएचएम रांची को टॉप होटल मैनेजमेंट संस्थानों में प्रथम चार में स्थान प्राप्त हुआ। सीएसआर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस 2023 से सम्मानित किया गया। कंपटीशन सक्सेस रिव्यू में संस्थान में छात्रों के नामांकन एवं प्लेसमेंट की प्रतिशत, इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षकों के शिक्षण कौशल, जनता की धारणा के आधार पर देशभर के सभी 48 सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थान को शामिल किया गया। संस्थान अपनी स्थापना के चार वर्षों के भीतर लगातार उपलब्धियां हासिल कर झारखंड राज्य एवं देशभर के अतिथ्य एवं होटल उद्योग के क्षेत्र में मिल का पत्थर साबित हुआ है।

### प्राचार्य ने शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की सराहना की




आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ भुपेश कुमार ने इस अवॉर्ड के लिए सीएसआर की अभिवादन करते हुए संस्थान के सभी कर्मठ शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों की कड़ी मेहनत की सराहना की एवं सभी को बधाई भी दी। साथ ही बताया की आईएचएम रांची अपनी प्रदर्शन से आतिथ्य एवं होटल प्रबंधन के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियां हासिल किया है एवं इस क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका भी निभाता रहेगा। मौके पर मुख्य अथिति के रूप में एस के सचदेवा, सीएसआर संस्थापक एवं संपादक निसित श्रीवास्तव, आईएचएम मुंबई, अश्वनी कुमार, एचसी, चएमसीटी सहित गणमान्य उपस्थित थे।

खबर मन्त्र

रांची.मंगलवार . 25 अप्रैल 2023



# जाति की बात


देश में जाति की बात सबसे पहले बिहार से उठी। पहले इस मुहिम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अगुवाई की। फिर राजद व द्रुमुक के अलावा कई राज्यों ने भी ऐसी मांग दोहराई। लेकिन अब अपने परंपरागत स्टैंड से इतर कांग्रेस ने जाति आधारित जनगणना की मांग उठाकर सब को चौंकाया है। निस्संदेह, यह कहना कठिन है कि यह मुद्दा कितना सामाजिक सरोकारों व वंचित समाज के उत्थान से जुड़ा है, लेकिन एक बात तो साफ है यह मामला सिर्फ कर्नाटक चुनाव तक ही सीमित रहने वाला नहीं है। बल्कि आसन्न आम चुनाव तक विपक्ष को एकजुट करने के लिये एक अस्त्र के रूप में प्रयोग किया जाने वाला है। यदि अतीत के पन्नों को पलटें तो जब कमंडल मुद्दा भाजपा के जनाधार को एकजुट करने का मंत्र बना तो मंडल का मुद्दा उभारा गया था। कमोबेश वही स्थितियां दोबारा दुहराई जा रही हैं। लगातार दो बार से केंद्र की सत्ता में काबिज मोदी सरकार को चुनौती देने के लिये विपक्षी एकता की जो इबारत लिखी जा रही है, उसके मूल में जाति गणना का मुद्दा सामने आया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जाति आधारित जनगणना करवाने पर जोर दिया है। कहीं न कहीं राहुल गांधी के मानहानि प्रकरण को भाजपा द्वारा पिछड़ों के अपमान के मुद्दे में तब्दील करने के बाद भी कांग्रेस डेमेज कंट्रोल में जुटी नजर आती है और भाजपा के अस्त्र से ही पलटवार करने का मन बना चुकी है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस का यह स्टैंड विपक्षी एकता की कवायदों के बीच साझे मुद्दे के रूप में उछालने का भी है। जाति के नाम पर राजनीति के सुखद आयाम कभी नहीं आये। देश के राजनीति दल गंभीर और कठोर मुद्दों से सदैव भागते नजर आते हैं यह लोकतंत्र के लिये सुखद नहीं है।

# विशाखापत्तनम ही राजधानी

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगन मोहन रेड्डी नेकहा कि सरकार इस साल सितंबर से विशाखापत्तनम से काम करना शुरू कर देगी। कार्यालय विशाखापत्तनम में शिफ्ट होंगे और वहीं रहेंगे। उन्होंने श्रीकाकुलम जिले के नौपाड़ा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। सत्ता के विकेंद्रीकरण के तहत अमरावती से विशाखापत्तनम जा रहे हैं। यह पहली बार है कि जगन मोहन रेड्डी ने प्रशासनिक राजधानी को बंदरगाह शहर में स्थानांतरित करने के लिए एक समय सीमा तय की है। पिछले महीने विशाखापत्तनम में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान उन्होंने घोषणा की थी कि वह जल्द ही शहर में रहने आएंगे। 31 जनवरी को दिल्ली में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी कि विशाखापत्तनम जल्द ही आंध्र प्रदेश की राजधानी बनेगा। इसने राजनीतिक हलकों में अटकलें लगाईं कि जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार ने तीन राज्यों की राजधानियों की योजना छोड़ दी है। 17 दिसंबर, 2019 को जगन मोहन रेड्डी ने राज्य विधानसभा में घोषणा की थी कि राज्य के तीन कैपिटल होंगे। अमरावती को राज्य की राजधानी के रूप में विकसित करने के पिछली टीडीपी सरकार के फैसले को पलट दिया था। वाईएसआरसीपी सरकार ने विशाखापत्तनम को प्रशासनिक राजधानी, कुरनूल को न्यायिक राजधानी और अमरावती को विधायी राजधानी के रूप में रखा था। आखिर राजनैतिक कारणों से पहले सिंगापुर जैसा भव्य अमरावती और उसके बाद तीन-तीन राजधानी बनाने का राजनीतिक पहल न तो आर्थिक रुप से व्यावहारिक था और न ही ऐसे प्रयोग से चुनाव जीते जा सकते हैं। इसके पीछे कथित रुप से भूमि घोटाला ही था जो अब खत्म हो रहा है। राजनेताओं को अव्यवहारिक होने से बचना चाहिए।

# आम लोगों के लिए कब उपयोगी होगी सांख्यिकी





- अजित बालकृष्णन

**एक** दिन भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) के दर्जनों छात्रों के एक समूह को ऑनलाइन गणितीय मॉडल-निर्माण पढ़ाते समय मैंने उनका जोश बढ़ाने की मंशा से कहा, 'बच्चों, अब हम गॉसियन वितरण मॉडल की 200वीं वर्षगांठ मनाएंगे।' मुझे लगा था कि मेरे इस ऐलान से सारे छात्र खुशी से उछल पड़ेंगे लेकिन मुझे तो उनकी चुप्पी एवं उलझन भरे चेहरों का सामना करना पड़ा।

एक छात्र ने पूछा 'सर, आपका मतलब उसी गॉसियन वितरण सिद्धांत से है ना, जिसका इस्तेमाल हम मशीन लर्निंग एवं कृत्रिम मेधा (एआई) में रोजाना करते हैं। क्या यह सिद्धांत इतना पुराना है?' मैंने इस पर सकारात्मक अंदाज में सिर हिलाते हुए कहा, 'योहान कार्ल फ्रेडरिक गॉस का जन्म 30 अप्रैल, 1777 को जर्मनी के ब्रंसविक शहर में हुआ था। उन्होंने ही 1820 के दशक में वितरण का अपना मशहूर सिद्धांत पेश किया था। और 1855 में उनका देहांत हो गया था।' एक अन्य छात्र ने पूछा, 'सर, आखिर किस वजह से 200 साल पहले एक आदमी ने ऐसा गणितीय सिद्धांत बनाने के बारे में सोचा जिस पर महारत हासिल करने में हमें आज भी दिक्कत होती है?'

मुझे उनसे कहना पड़ा कि मैं इस सवाल का जवाब अपने अगले शिक्षण सत्र में दूंगा और इस तरह मैंने यह समझने के लिए समय मांग लिया कि कोई शख्स किस वजह से एक नया गणितीय प्रतिमान बनाने के लिए प्रेरित होता है? क्या ऐसा इसलिए होता है कि वे इतने जीनियस होते हैं कि उनके मन-मस्तिष्क में ऐसे ख्याल अनायास ही आ जाते हैं?

गॉस ने 1820 के दशक में हनोवर सरकार के लिए विशाल भौगोलिक क्षेत्रों के सर्वेक्षण में वैज्ञानिक सलाहकार के तौर पर काम किया था। इसका मकसद उन भू-भागों का नक्शा तैयार करना था जो हनोवर शासन से ताल्लुक रखते थे। वर्ष 1648 में वेस्टफेलिया की संधि के बाद आधुनिक राज्य व्यवस्था के उदय के साथ ही एक राष्ट्र-राज्य की संकल्पना परवान चढ़ने लगी थी। उसके बाद से यूरोप में एक राष्ट्र-राज्य केंद्रीय रूप से नियंत्रित इकाइयों पर आधारित होते थे जिनकी भौगोलिक सीमाएं भी स्पष्ट रूप से परिभाषित हों। धरती की वक्रता को ध्यान में रखते हुए नक्शा बनाना था। इस काम के दौरान गॉस वे सारी तकनीकें लेकर आए जिन्हें आज हम गॉसियन तकनीक के नाम से जानते हैं।

> ऐसे गणितीय नवाचार के लिए जज्बा किसने पैदा किया? जहां तक मुझे लगता है, इसके पीछे सबसे बड़ी ताकत ज्योतिष–विज्ञान की थी। बहुत पुराने समय से ही भारत में अगर आपको ऐसी प्रतिष्ठा मिल जाती है कि आप चंद्रमा, सितारों एवं ग्रहों की चाल और ग्रहण जैसी खगोलीय घटनाओं की सटीक गणना कर सकते हैं तो फिर आपके द्वारा की जाने वाली ज्योतिषीय भविष्यवाणियों को भी लोग काफी उत्सुकता से सुनते थे।

इसी तरह प्राचीन भारत के विद्वानों ने दशमलव पद्धति, रैखिक भविष्यवाणी मॉडल और बीजगणित की खोज किन वजहों से की थी? इसका यह जवाब अचरज में नहीं डालता है कि भारत में गणित मानचित्रण का नहीं बल्कि ज्योतिष-विज्ञान का अनुचर हुआ करता था। गणितीय रुझान रखने वाले भारतीय जानकार चंद्रमा, सूर्य, ग्रहों एवं सितारों की चाल की भविष्यवाणी करने में अपने कौशल का इस्तेमाल कर आसानी से जीविका कमा सकते थे। मसलन, ऐसी तमाम गणितीय तकनीकों को समाहित करने वाला वेदांग ज्योतिष का संकलन 12वीं एवं 14वीं शताब्दी ईसा पूर्व के बीच होने की मान्यता है। ग्रहों की चाल के आधार पर भविष्यवाणी करने की क्षमता हासिल करने की कोशिशें तभी से चलती आ रही हैं। हरेक आर्थिक समूह के हम भारतीय तब और अब भी ज्योतिषीय परामर्श के लिए बढि?ा रकम बतौर शुल्क देने को तैयार रहते थे। ऐसा तब है जब ग्रहों की चाल एवं ज्योतिषीय भविष्यवाणी ( किससे और कब शादी करें, घर की नींव की खुदाई कब शुरू हो जैसे सवाल) के बीच का रिश्ता संदेहास्पद रूप से कमजोर है। लिहाजा भारत में करीब एक हजार साल तक गणित में आपकी महारत होने से आप एक समृद्धि-भरा जीवन जी सकते थे।

भारत में गणित का नया सवेरा तब हुआ जब नेहरू काल में देश आर्थिक नियोजन के दौर से गुजर रहा था। वर्ष 1950-64 की इस अवधि में प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने कई गणितीय मॉडल बनाए और उनके द्वारा विकसित महालनोबिस मॉडल एवं गणित की नई शाखा सांख्यिकी का बौद्धिक विमर्श पर दबदबा रहा। सांख्यिकी को लेकर पैदा हुए बौद्धिक उत्साह से यह निष्कर्ष निकला कि भारत के लिए तीव्र आर्थिक वृद्धि का भविष्य इसमें निहित है कि भारतीय राज्य स्टील, रसायन, उर्वरक, बिजली, परिवहन उपकरण के उत्पादन वाली मशीनरी खड़ा करने में बहुत अधिक निवेश करे। यह सिलसिला 1980 का दशक आते-आते खत्म हो गया जब दुनिया के साथ भारत भी नियोजित अर्थव्यवस्था के विस्तारित सांख्यिकीय मॉडलों में अपना भरोसा गंवा बैठा और तथाकथित नियंत्रण-मुक्त बाजार (लैसेज-फेअर) की ओर झुकने लगा था। मुक्त बाजार को नियोजित अर्थव्यवस्था के ठीक उलट माना गया। ब्रिटेन में प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर और अमेरिका में राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन जैसे नेता इस संकल्पना की पुरजोर वकालत कर रहे थे।

इस तरह राजनीतिक सत्ता के गलियारों में एक विज्ञान के रूप में सांख्यिकी को पिछली सीट पर बैठना पड़ा लेकिन उस मुक्त बाजार की व्यवस्थाओं में भी उसने अपनी जगह जल्द ही तलाश ली। शेयर बाजार खासकर वॉल स्ट्रीट की कारोबारी गतिविधियां सांख्यिकी के बगैर अधूरी थीं। 'क्वांट' कहे जाने वाले मात्रात्मक कारोबारी उच्च क्षमता वाले कंप्यूटरों की मदद से गूढ़ मॉडल तैयार कर इतने ताकतवर हो गए कि अमेरिकी शेयर बाजारों में होने वाले करीब एक तिहाई कारोबार का नियंत्रण उनके हाथ में आ गया था।

स्टॉक जमा करने और कंपनी की परिचालन गतिविधियों के बारे में प्रबंधन से सवाल पूछने के परंपरागत तरीके अतीत की बात लगने लगे। यानी एक बार फिर सांख्यिकीविद एवं गणितज्ञ के कुनबे का नियंत्रण स्थापित हो चुका था।

इंटरनेट के दौर में तो गणित और सांख्यिकी का दबदबा और भी बढ़ गया है। कृत्रिम मेधा आंदोलन के नेता ज्योफ्रे ई हिंटन जैसे लोगों की प्रतिभा के दम पर अब यह तय होने लगा है कि आपको कौन सी खबर देखने या पढ़ने को मिलेगी, ऑनलाइन खरीदारी के लिए आपके समक्ष किन उत्पादों को पेश किया जाएगा, आपके लिए सबसे बढ़िया जीवनसाथी कौन होगा, आपको किस नेता को वोट देना चाहिए और सबसे बढ़कर, विज्ञापन राजस्व बढ़ाने के क्या तरीके हों?

## खास बात

## सबसे ज्यादा हो गये हिन्दुस्तानी

**संयुक्त** राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की विश्व जनसंख्या स्थिति 2023 रिपोर्ट बुधवार को लॉन्च की गई। इसमें भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ (1.428 बिलियन) होने का अनुमान लगाया गया है, जबकि चीन की 142.57 करोड़ (1.425 बिलियन)। ये अनुमान फरवरी तक संयुक्त राष्ट्र एजेंसी के पास उपलब्ध विभिन्न डेटा स्रोतों पर आधारित हैं। गौर हो कि वर्ष 2021 में भारत की जो जनगणना होनी थी वह कोविड महामारी के चलते रुक गयी। अपेक्षित भारतीय जनगणना में कोविड 19 के बाद भी देरी हो रही है।

यूएनएफपीए की नवीनतम रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि जून के अंत तक वैश्विक जनसंख्या 8.045 अरब तक पहुंच जाएगी, जिसमें भारत और चीन में ही पूरी दुनिया की लगभग एक तिहाई आबादी निवास करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक जून अंत तक भारत के अनुमानित 1.428 बिलियन लोगों में से 26 प्रतिशत 10 से 24 आयु वर्ग के होंगे, चीन के लिए यह अनुपात 18 प्रतिशत होगा। इसी तरह भारत में 65 वर्ष से अधिक की आबादी 7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, चीन के लिए यह अनुमान दोगुना यानी 14 प्रतिशत है। गौर हो कि चीन दशकों से एक बच्चे की नीति का पालन करता रहा है। अब वह अतिरिक्त बच्चे के जन्म के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रहा है। इस बीच, नयी दिल्ली में, सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, ह्यजनसंख्या के मुद्दे पर बुधवार को आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा नहीं हुई। इचीन ने इस रिपोर्ट को तवज्जो नहीं देते हुए कहा कि उसके पास अब भी 90 करोड़ से अधिक लोगों का गुणवत्ता वाला मानव संसाधन है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि जनसंख्या लाभांश संख्या पर नहीं, गुणवत्ता पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के लिए जनसंख्या महत्वपूर्ण है और प्रतिभा भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, जनसंख्या महत्वपूर्ण है लेकिन समान रूप से प्रतिभा भी महत्वपूर्ण है।

## आपके ट्वीट

**देश** के सभी मुखिया, पंचों और स्थानीय निकायों के सदस्यों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

हम सब को मिलकर महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की कल्पना और राजीव गांधी जी की इस पहल को सशक्त करना है।

**- राहुल गांधी, पूर्व सांसद**

**मेरे** प्रेस सलाहकार और झामुमो नेता श्री अभिषेक प्रसाद जी की माताजी आदरणीय श्रीमती विमला देवी जी का निधन अत्यंत पीड़ादायक है।

परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की शक्ति दे।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**





**माफिया** और गुंडों के उपचार के लिए हमारी पुलिस पर्याप्त है...ना कर्फ्यू, ना दंगा, यूपी में सब चंगा...

रंगदारी न फिरौती, अब यूपी नहीं है किसी की बपौती...

**- योगी आदित्यनाथ**

# 33 देवों का नियंत्रण

## विचार-प्रवाह

**सुभाष काक**

**तैशाकू** देवताओं के नेता हैं, जैसे इंद्र। का हैं अग्नि और एमा हैं यम। रासत्सु, सुई या वरुण, फू या वायु और बिश्मोन या कुबेर हैं। इसी क्रम में इशान का एक और नाम शिवा है। नित हुए सूर्य, गत चंद्र और जी हुई पृथ्वी। ये सभी देव अलग-अलग दिशाओं के संरक्षक हैं। तत्वों की उच्चतम अभिव्यक्ति हैं देव। इनके अलावा दूसरी आध्यात्मिक अवस्थाएं भी हैं, जो अन्य मिश्रित अवस्थाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं। लोटस सूत्र के मुताबिक, इन्हें मानव प्रकृति के हिस्से के रूप में इस क्रम में देखा जा सकता है- देव, गरुण, यक्ष, गंधर्व, किन्नर, असुर, नाग और महोराग। यह विस्तार दिव्य से लेकर सांसारिक तक है। दोनों सिरों पर एक विरोधी पक्ष है, जैसे देव और महोराग के बीच, गरुण और नाग के बीच। इन आठ वर्गों को जापानी में कहते हैं हचिबुशु।

तेनबू या जिन्हें संस्कृत में देव कहते हैं, उनका निवास स्वर्ग में है। वेदों के ये 33 देवता इच्छाओं की दुनिया को नियंत्रण में रखते हैं। इनके ऊपर ब्रह्मा का स्वर्ग है, इच्छाओं से शुद्ध आध्यात्मिक दुनिया। यू को संस्कृत में कहते हैं नाग। सर्प जैसे ये जीव नदियों और समुद्र को नियंत्रित करते हैं। यक्ष दिशाओं और धन के संरक्षक होते हैं। मूलरूप से ये धरती के असुर हैं, जिन्हें बाद में देवों ने स्वीकार कर लिया। इसी तरह केंदसुबा संस्कृत में कहलाते हैं गंधर्व। इंद्र के दरबार के संगीतकार और अप्सराओं के पति। गंधर्वों की तरह किन्नर भी संगीतज्ञ हैं। इनका सिर पुरुषों और बाकी शरीर पक्षियों या घोड़ों का होता है। दूसरी ओर असुर शत्रु हैं देवों और इंद्र के। जापान में 12 यक्ष भी हैं, जो कुबेर की सेवा में तैनात रहते हैं।

## कार्टून वर्ल्ड




# कर्नाटक में भाजपा हार भी सकती है?

**रमेश सर्राफ धमोरा**

## चुनाव

**कर्नाटक** विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे। भाजपा ने सत्ता विरोधी माहौल को समाप्त करने के लिए 52 मौजूदा विधायकों के टिकट काटकर उनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया है। भाजपा ने पार्टी संस्थापकों में से एक रहे पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी का भी टिकट काट दिया है। भाजपा के बड़े नेता रहे के. अंगारा, आर शंकर और एमपी कुमार स्वामी ने भी टिकट नहीं मिलने पर इस्तीफा दे दिया है। जगदीश शेट्टार और लक्ष्मण सावदी भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस के टिकट पर चुनाव में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। जगदीश शेट्टार 6 बार विधायक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री सहित कई बार मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। इतने लंबे राजनीतिक जीवन में उन पर कभी किसी तरह के आरोप नहीं लगे हैं। बीएस येदुरप्पा के बाद वह लिंगायत समुदाय के दूसरे सबसे बड़े नेता माने जाते हैं।

कांग्रेस चाहती है कि किसी भी तरह से भाजपा को हरा कर प्रदेश में अपनी सरकार बनाई जाए ताकि पार्टी के गिरते जनाधार को रोका जा सके। कर्नाटक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे का गृह राज्य है। उनकी सदा से ही मुख्यमंत्री बनने की चाहत रही है जो इस बार सरकार बनने पर पूरी हो सकती है। वैसे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद मल्लिकार्जुन खरगे के सामने अपने गृह प्रदेश में सरकार बनाना सबसे बड़ी चुनौती है। जनता दल सेक्युलर मैसूरू इलाके में अपना मजबूत जनाधार रखती है। प्रदेश की 100 सीटों पर जनता दल सेक्युलर चुनावी मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने की ताकत रखती है। जनता दल सेक्युलर ने किसी भी राजनीतिक दल से चुनावी समझौता नहीं किया है। उनका मानना है कि चुनाव में पिछले बार की तरह किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा को एक करोड़ 33 लाख 28 हजार 524 वोट यानी 36.35 प्रतिशत मतों के साथ 104 सीटें मिली थीं। कांग्रेस को एक करोड़ 39 लाख 86 हजार 526 वोट यानी 38.14 प्रतिशत वोटों के साथ 80 सीटों पर जीत मिली थी। जनता दल सेक्युलर को 67 लाख 26 हजार 667 वोट यानी 18.30 प्रतिशत वोटों के साथ 37 सीटों पर जीत मिली थी। पिछले चुनाव में कांग्रेस भाजपा से 6 लाख 58 हजार दो वोट यानी 1.70 प्रतिशत अधिक मत लेकर भी सीटों के मामले में 24 सीटों से पिछड़ गई थी। इसका मुख्य कारण था जनता दल सेकुलर का कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाना। पिछले चुनाव में कांग्रेस के पास कर्नाटक के सबसे प्रभावशाली लिंगायत समुदाय का कोई बड़ा नेता भी नहीं था, लेकिन इस बार जगदीश शेट्टार के आने से कांग्रेस को लिंगायत समुदाय के वोट बैंक में सेंध लगाने का एक बड़ा हथियार मिल गया है। भाजपा ने कांग्रेस और जनता दल सेक्युलर के विधायकों से इस्तीफे दिलवा कर जोड़-तोड़ से अपनी सरकार बना ली थी। उस समय येदुरप्पा भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री बने थे। मगर येदुरप्पा की मनमानी व उनके शासनकाल में भ्रष्टाचार को लेकर लगे आरोपों के चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा और जुलाई 2021 में बसवराज बोम्मई को भाजपा ने नया मुख्यमंत्री बनाया। बोम्मई नाम के मुख्यमंत्री बन गए मगर सरकार पर पूरा प्रभाव येद्युरप्पा का ही रहा। चुनाव से पहले कई बड़े नेताओं के पार्टी छोड़ने से भाजपा मुश्किलों में घिरी नजर आ रही है। पिछले साल तुमकुर जिले के एक ठेकेदार ने तब के मंत्री ईश्वरप्पा पर रिश्वत लेने का आरोप लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसके चलते ईश्वरप्पा को राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देना पड़ा था। हालांकि बाद में जांच कर ईश्वरप्पा को बरी कर दिया गया था।

# ईश्वरप्पा तारीफ के काबिल हैं इसलिए पीएम ने फोन किया...

**नीरज कुमार दूबे**

## सामयिक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कर्नाटक भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री केएस ईश्वरप्पा से फोन पर बात की तो कांग्रेस ने इसे इस रूप में पेश कर दिया है कि प्रधानमंत्री ने ईश्वरप्पा को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे दिया है। जबकि प्रधानमंत्री ने ईश्वरप्पा को फोन इसलिए किया था ताकि वह उनकी इस बात के लिए तारीफ कर सकें कि उन्होंने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का पार्टी का अनुरोध मान लिया था। यही नहीं भाजपा ने ईश्वरप्पा के बेटे को भी उम्मीदवार नहीं बनाया इसके बावजूद ईश्वरप्पा पार्टी छोड़कर नहीं गये या नाराज होकर घर नहीं बैठे बल्कि पार्टी उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

जिन लोगों को ईश्वरप्पा को प्रधानमंत्री का फोन करना खटक रहा है उन्हें यह बात पता होनी चाहिए कि पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार सहित दस निवर्तमान विधायक या विधान परिषद सदस्य चुनावों के दौरान भाजपा छोड़कर अन्य दलों में चले गये हैं इसीलिए पार्टी के आला नेताओं के लिए यह जरूरी हो गया है कि जिनके टिकट कटे हैं उनकी नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें मनाया जाये। वैसे भी नाराज नेताओं और कार्यकताओं को मनाने का काम हर पार्टी में होता है। भाजपा में भी शीर्ष नेताओं से लेकर संगठन के स्थानीय स्तर के पदाधिकारी तक पार्टी नेताओं या कार्यकताओं की नाराजगी दूर करने के प्रयास करते हैं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान भी जब एक वरिष्ठ नेता ने टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय पर्चा दाखिल कर दिया था तब प्रधानमंत्री ने फोन कर उन्हें समझाने का प्रयास किया था।

देखा जाये तो कोई भी पार्टी तभी मजबूत होती है जब उसके नेता और कार्यकर्ता पार्टी के निर्णय का सम्मान करते हैं। इसलिए ईश्वरप्पा ने जो किया इसके लिए उनकी तारीफ होनी ही चाहिए। इसे इस रूप में दर्शाना गलत है कि प्रधानमंत्री ने किसी को ईमानदारी का सर्टिफिकेट दे दिया है या प्रधानमंत्री को भ्रष्टाचार से कोई दिक्कत नहीं है।

यदि किसी को यह आपत्ति है कि देश के प्रधानमंत्री किसी राज्य की एक-एक विधानसभा सीट की चिंता क्यों कर रहे हैं तो उन्हें यह भी देखना चाहिए कि नरेंद्र मोदी भाजपा के शीर्ष नेता और पुराने कार्यकर्ता भी हैं। वह भी अन्य नेताओं की तरह चाहेंगे कि उनकी पार्टी को हर सीट पर जीत मिले। नरेंद्र मोदी का मामला तो इसलिए भी अलग हो जाता है क्योंकि उनकी पार्टी सारे चुनाव ही प्रधानमंत्री की छवि के आधार पर लड़ती है। साथ ही आलोचकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ईश्वरप्पा पर कोई आरोप साबित नहीं हुए हैं और ना ही उन्हें कोई सजा हुई है। इसलिए ईश्वरप्पा जैसे वरिष्ठ नेताओं की छवि पर भी दाग लगाने से बचना चाहिए।नरेंद्र मोदी का मामला तो इसलिए भी अलग हो जाता है क्योंकि उनकी पार्टी सारे चुनाव ही प्रधानमंत्री की छवि के आधार पर लड़ती है। साथ ही आलोचकों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ईश्वरप्पा पर कोई आरोप साबित नहीं हुए हैं और ना ही उन्हें कोई सजा हुई है।

## लेटर टू एडिटर

### सुरक्षा को प्राथमिकता

कोरोना महामारी की लहर खतरनाक होती जा रही है। लोगों की लापरवाही खतरे की घंटी से कम नहीं है। इससे निपटने के लिए एक बार फिर लॉकडाउन लागू करने का विचार सरकार की मजबूरी होगी। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क लगाना, हाथों को साबुन से धोना, नियम पालना हेतु मीडिया का सहारा लेना पड़ेगा।अर्थव्यवस्था की चिंता छोड़ जन-सुरक्षा को प्राथमिकता दें। **-रवि, रांची**

### कौन सा राह?

**लेकिन** सवाल यह भी सामने आएगा कि 21वीं सदी में अमृतकाल से गुजरते देश में समतामूलक समाज के विकास का रास्ता क्या आरक्षण से होकर ही गुजरेगा? या फिर हाशिये पर गये लोगों के लिये आरक्षण को न्यायसंगत बनाने की भी पहल होगी। इस मुद्दे पर राजनीतिक चश्मे के बजाय राष्ट्रीय सरोकारों का भी ध्यान रखना होगा।

**- रमाकांत सिंह, गढ़वा**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत

**चरही।** चरही थाना क्षेत्र के घाटी स्थित मोहन होटल के समीप अनियंत्रित बोलेरो ने एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार बोलेरो नंबर जेएच01बीजेड/5517 हजारीबाग से तेज रफ्तार में रामगढ़ की ओर जा रही थी।बोलेरो वाहन की संतुलन बिगड़ गई और डिवाइडर के ऊपर से दूसरे लेन में चली गई। चुरचू थाना क्षेत्र के बाली निवासी वंशी मांझी पिता मेहीलाल मांझी (लगभग 50 वर्ष) अपनी बाइक नंबर जेएच 01सी/7300 से चरही सोमवार बाजार कर अपने घर वापस लौट रहा था।इसी बीच बाइक सवार को अपने चपेट में लेते हुए पलट गई। चरही पुलिस सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।बोलेरो और बाइक को जब्त कर लिया। खबर लिखे जाने तक घायलों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है।

## श्री हनुमंत और श्री शिव परिवार का रथ शोभायात्रा निकाली गई

**चरही।** सोमवार को चरही मंडाटांड़ श्री-श्री हनुमंत 1008 प्राण प्रतिष्ठा और श्री शिव परिवार स्थापन को लेकर महायज्ञ के चौथे दिन प्रात: 6 बजे विधि-विधान के साथ वेद पाठ और हवन किया गया। महाआरती और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद के रूप में खिचडी का वितरण किया गया। शाम को श्री हनुमंत और श्री शिव परिवार के प्रतिमा को रथ पर सजाकर चरही महायज्ञ समिति के पदाधिकारियों और ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ नगर भ्रमण में उमड़ी भीड़ ने महायज्ञ के ध्वज को लेकर जय श्री राम, जय श्री हनुमान और हर-हर महादेव उदघोष करते हुए पूरे क्षेत्र का भ्रमण कराया गया। उद्घोष से चरही क्षेत्र घण्टों गुंजता रहा। प्रतिमाओं को पुन: यज्ञ स्थल लाया गया। जहां पर महायज्ञ स्थल पर विधि-विधान के साथ वेद पाठ, हवन और महाआरती कर प्रतिमाओं को मंदिर में स्थापन किया गया। शाम को यज्ञ मंडप में मंत्रोच्चार के साथ हवन किया गया। उसके बाद रात्रि 8 बजे से देवघर के बाल व्यास अनिल कुमार के द्वारा सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जो रात्रि 1 बजे तक चलता रहा।इनके कथा और प्रवचन को सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रोता गण पंडाल में उपस्थित रहे।

## नौ टीबी मरीजों को दिया गया पोषाहार

**कटकमसांडी।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सीएचसी कटकमसांडी में गोद लिए गए नौ टीबी मरीजों को प्रोटीनयुक्त पोषाहार दिया गया। मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. भूषण राणा, डा. मुक्ता सोरेन, हेल्थ मैनेजर साजिया परवीन, कम्प्यूटर डाटा आपरेटर पिंटु शर्मा, लैब टेक्नीशियन सुरेश चौधरी, एसटीएस शुभम कुमार व कमलेश कुमार मौजूद थे। इस मौके पर डा. भूषण राणा ने मरीजों को पोषाहार युक्त भोजन व दिए गए दवा का नियमित इस्तेमाल करने, साफ सफाई पर ध्यान देने व मास्क का इस्तेमाल करने की बात कही। बता दें कि प्रखंड के नौ मरीजों को गोद लेकर छह माह तक दवाएं देकर मरीजों को रोग मुक्त करने की जिम्मेवारी सीएचसी द्वारा लिया गया है।

## प्रदूषण के रोकथाम को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**कुजू।** रेलवे साइडिंग के कोयला और स्पंज की प्रदूषण की वजह से कुजू के आसपास का क्षेत्र प्रदूषण की वजह से त्रस्त है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर कुजू बाजार टांड़ के ग्रामीण महिला सोमवार को आजसू नेत्री सरिता सिंह के नेतृत्व में रेलवे साइडिंग के प्राइवेट ठेकेदारों के कोयला और स्पंज के स्टॉक यार्ड एवम सीसीएल के कॉल साइडिंग में जाकर प्रदर्शन करते हुए जमकर बवाल काटा। दीपू में कोयला गिराने आए हाईवा को रोक दिया और जेसीबी को भी काम कर लिया से रोक दिया। महिलाओं ने प्रदूषण पर रोक लगाने, क्षेत्र में जल का छिड़काव करने, पेयजल की व्यवस्था और स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग की।

# अनियंत्रित होकर टूरिस्ट बस पलटी कई यात्री गंभीर रूप से घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-02 करियातपुर में पश्चिम बंगाल के जिला 24 परगना अंतर्गत श्यामनगर से उत्तर भारत भ्रमण के लिए जा रही सिधेश्वरी ट्रेवल बस नम्बर डब्ल्यूबी 41 एच 6566 सुबह पांच बजे अनियंत्रित होकर पलट गई।

बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। जिनमें कई महिलाएं एवं पुरुष शामिल थे। इस दुर्घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यात्री सोमनाथ मुखर्जी के अनुसार ड्राइवर की नींद के कारण बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर करियातपुर मुखिया मनोज कुमार ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से यात्रियों की मदद करते हुए घायल यात्रियों को नजदीक के अस्पताल में पहुँचाने में मदद किया। साथ ही सूचना प्राप्त होते ही बरही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर यात्रियों को अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाने में सहयोग प्रदान किया। वही ग्रामीणों की मानें तो सड़क निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण अक्सर होते रहती है दुर्घटना।एनएच-02 सड़क निर्माण कार्य करा रही कंपनी जगह जगह पर गड्ढा कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण परस्पर सड़क दुर्घटना होते रहती है। सड़क दुर्घटना के कारण लगातार लोग मौत के गाल में समाते जा रहे है। सड़क निर्माण करा रही कंपनी पर लगातार जनप्रतिनिधियों द्वारा दबाव बनाया जा रहा है, बावजूद इसके निर्माण कार्य में विलम्ब हो रहा है।घायलों में ममता गांगुली, निल्या शाईक, विमल गइल, शांति रेहान, मनोज गांगुली, विश्वल, विष्णुपद गांगुली, सोनाली प्रवीण, सरफराज आलम, सोवी डाटी, सफन सरकार, मनोज गाबुली, झोरना सरकार, पिंकी देवी, रघुनाथ साव, सामदेव साव, गौरवा देवी, रजनीकांत कुमार, सिद्धार्थ गिरी, संतोष कुमार, अनीता देवी आदि शामिल है। जिसमें 2 घायलों को रेफर किया गया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बसरिया मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम, रसोइया धमना मुखिया गोविंद साव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## माईनिंग टास्क फोर्स की मासिक बैठक सम्पन्न

### उपायुक्त ने दिये कई आवश्यक दिशा-निर्देश



बैठक करती उपायुक्त व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुई। टास्क फोर्स की बैठक में बालू, पत्थर, कोयला के अवैध खनन एवं व्यापार, परिवहन की रोकथाम पर गहन समीक्षा की गई। मौके पर 'मार्च से मध्य अप्रैल' 23 के बीच अंचल, थाना, खनन एवं परिवहन सहित संबंधित विभागों के द्वारा एकल एवं संयुक्त स्तर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा पर उपायुक्त ने असंतोष जाहिर करते हुए खनन माफियाओं पर अंकुश लगाने के लिए आपसी समन्वय बनाकर संयुक्त एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने आवश्यकतानुसार अपने सूचना तंत्र को अधिक प्रभावी बनाकर कार्रवाई की संख्या बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए जब्त किये गये वाहनों एवं दोषियों पर माईनिंग/परिवहन एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत एकसाथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने इको सेंसेटिव जोन एवं प्रतिबंधित क्षेत्रों पर संचालित अवैध क्रशरों को तुरंत ध्वस्त करने, विद्युत कनेक्शन विच्छेद करते हुए फौरी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही वरीय अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए टास्क फोर्स की टीम का नेतृत्व करने, सूचना तंत्र का प्रयोग कर पुरी तैयारी के साथ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मौके पर उपायुक्त के अलावा अपर समाहर्ता राकेश रौशन, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, सहायक समाहर्ता शताब्दि मजूमदार, अनुमण्डल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर एवं सदर विद्या भूषण कुमार, जिला खनन पदाधिकारी सहित अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, टास्क फोर्स के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### सम्मान समारोह का किया आयोजन

## शिक्षित समाज से होगा गांव का विकास : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

बरही: प्रखंड के धनवार पंचायत भवन में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर धनवार पंचायत अंतर्गत उपमुखिया, वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्यों समेत प्रखण्ड के कई सम्मानित पत्रकारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया राजेन्द्र प्रसाद एवं संचालन ब्रह्मदेव यादव ने किया।बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार शामिल होकर दीप प्रज्वलित कर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के तहत गांव के पूर्ण विकास की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पंचायत प्रतिनिधियों की है। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज ही गांव के विकास की रूपरेखा खिंचने में कामयाब हो सकता है।उन्होंने बताया कि लोकतंत्र की रक्षा करना प्रत्येक जनप्रतिनिधियों के पूर्ण दायित्व बनता गई।शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और मूलभूत विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं की मुख्य भूमिका है। ग्रामसभा को मजबूत करने और समुदाय की भागीदारी तथा पंचायतों के संसाधनों को गांव के विकास में कैसे उपयोग कर सकते हैं, यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसके लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा,

### देश का हृदयस्थल है गांव: राजेन्द्र प्रसाद




सम्मान समारोह में मौजूद लोग

तभी सभी गांव का सर्वांगीण विकास सम्भव है। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती हैं। और गांव देश का हर्दयस्थल है।इसलिए गांव का विकास ही देश का विकास समझा जाना चाहिए।राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच के अनुरूप पंचायतीराज व्यवस्था को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ पदाधिकारियों का समन्वय काफी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान मुखिया राजेन्द्र प्रसाद व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने घोषणा किया कि दो माह के अंदर पंचायत भवन का निर्माण कर लिया जाएगा। मौके पर बैंक ऑफ इंडिया करियातपुर के मैनेजर अविनाश आनंद, पूर्व प्रमुख रामसहाय महतो, पूर्व शिक्षक जागेश्वर प्रसाद, गाजो यादव, बैजनाथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि ममता देवी, पंचायत समिति सदस्य संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, पंचायत सेवक समीर रंजन, रोजगार सेवक रामेश्वर जी, राजस्व कर्मचारी त्रिलोकी दास, जनसेवक उपेंद्र कुमार, प्रधानाध्यापिका मीणा कुमारी, वार्ड सदस्य रूपमणि देवी, रवीना खातून, मेहरून खातून, मो मंजूर, लक्ष्मी कुमारी, अर्चना कुमारी, मानती कुमारी, गुड़िया देवी, मो हसमत, बसंती देवी, आईपीआरपी संजू कुमारी, सीसी सुषमा कुमारी, सक्रिय सदस्य आशा देवी, कविता देवी, मोनिका कुमारी, रोकैया खातून, ग्राम संगठन के संगीता देवी, फरहाद जहां, वीओए ममता कुमारी, किरण कुमारी, विक्की रानी, रंजना देवी, रंजना कुमारी, संध्या देवी, डीलर मो रफीक, मो कयूम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## जिज्ञासा बाल भवन ने मनाया पहला वार्षिकोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाओं के अंतर्गत चलाई जा रही जिज्ञासा बाल भवन ने अपना पहला वार्षिकोत्सव सीकरी ऑफिस में धूमधाम से मनाया। पिछले साल 5 फरवरी 2022 को बाल भवन की स्थापना की गई थी। स्थापना के बाद से ही बाल भवन परियोजना के दर्जनों बच्चों को अतिरिक्त सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ यानी को करिकुलर एक्टिविटीज करवा रहा है जिससे बच्चों में संपूर्ण विकास हो सके।




वार्षिकोत्सव मानते लोग

पहले वर्ष पूरे होने के मौके पर स्वयं सिद्धा लेडीज क्लब की अध्यक्षा महुआ मजूमदार बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुईं और बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। चीफ गेस्ट महुआ मजूमदार के अलावा कार्यक्रम में जागृति महिला संघ एवं जिज्ञासा बाल भवन की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत दीप प्रज्वलन के बाद माल्यार्पण के साथ हुई जिसके बाद बाल भवन के बाल कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी बाल कलाकारी का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए नृत्य, संगीत और नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में बाल भवन द्वारा साल भर में किए गए कार्यों को भी दशार्या गया। चीफ गेस्ट महुआ मजूमदार ने इस मौके पर बच्चों के अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों की हुनर और उनकी रूचि को पहचाने जिससे वो उस क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सके। उन्होंने कहा आज जब इस सभागार में हम बच्चों को इधर-उधर दौड़ते, खेलकूद करते हुए देखते हैं तो बहुत अच्छा लगता है यानी बच्चे कुछ भी करें वह बहुत अच्छे लगते हैं। जिज्ञासा बाल भवन की अध्यक्षा मीनाक्षी श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में अपना वक्तव्य रखते हुए कहा कि बाल भवन हम सब को एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां हम अपने बचपन को याद कर सकते हैं और उन यादों में खो सकते हैं।

## रजरप्पा मंदिर परिसर में यात्री शेड का उपायुक्त ने किया उद्घाटन



उद्घाटन करतीं

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर रजरप्पा परिसर में मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा नवनिर्मित यात्री शेड का सोमवार को उद्घाटन किया। इस दौरान उपायुक्त ने मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति द्वारा यात्री शेड शेड के निर्माण की सराहना करते हुए कहा कि न केवल इससे श्रद्धालुओं को गर्मी के दौरान लाइन में खड़े रहने में सुविधा होगी बल्कि मंदिर के विकास में भी इसका अहम योगदान होगा। मौके पर उपायुक्त ने सभी श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में साफ सफाई बनाए रखने, यत्र तत्र कूड़ा कचरा ना फेंकने एवं मंदिर में दर्शन के दौरान नियमों का पालन करने की अपील की। उद्घाटन के उपरांत उपायुक्त ने मां छिन्नमस्तिका सिद्ध पीठ मंदिर परिसर रजरप्पा में आयोजित भंडारे का शुभारंभ कर श्रद्धालुओं के बीच भोग का भी वितरण किया। वहीं, उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी, मां छिन्नमस्तिका धार्मिक न्यास समिति के सदस्यों सहित अन्य को मंदिर का सुचारू रूप से संचालन करने एवं श्रद्धालुओं को विभिन्न मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। इस दौरान उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर उदय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला संतोष कुमार, श्रद्धालुओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह महायज्ञ जल यात्रा के साथ शुरू

## 1451 कलशों से सजी यात्रा में भक्ति का उमड़ा जनसैलाब

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासल (रामगढ़)।** श्रीश्री प्राचीन मां पंच बहिनी मंदिर विकास समिति लबगा के तत्वाधान में श्रीश्री 1008 पंचमुखी हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा सह नवापरायन 11 दिवसीय महायज्ञ का सोमवार को कलश जल यात्रा के साथ शंखनाद हुआ। 1451 कलशों से सजी इस यात्रा में भक्ति का जन सैलाब उमड़ा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव रौशन लाल चौधरी, मुखिया हेमा देवी, गौतम सिंह सहित मुखिया किशोर महतो, वीरेंद्र झा, शिवप्रसाद मुंडा, किरण यादव, लालू महतो शामिल हुए। सर्वप्रथम मंदिर परिसर स्थित नलकारी नदी से पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पुरोहित द्वारा कलशों में जल



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु

भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा भक्ति जयकारों के साथ यज्ञ स्थल से शुरू होकर रसदा, लबगा, जयनगर, बिरसा मार्केट, न्यू मार्केट आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंचा।

यहां पूरे विधि-विधान से कलशों की स्थापना की गई। यज्ञ के प्रथम दिन पंचांग पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। महायज्ञ में बतौर यजमान रामेश्वर गोप, सुरेश गोप, लखन मुंडा, छठू प्रसाद, संजय प्रसाद, जनक साव, प्रकाश साव, शिव शंकर व रमेश यादव सपत्नी शामिल हुए। यज्ञ समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ के दूसरे दिन मंगलवार को मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन, तीसरे दिन अर्णीमंथन, हवन प्रारम्भ, चौथे दिन अन्नाधिवास, जलाधिवास, पांचवे दिन पुष्पाधिवास, फलाधिवास, छठे दिन वेदी पूजन, शय्याधिवास, सातवें दिन नगर भ्रमण एवं पूजन, आठवे दिन महाअभिषेक, नौवें दिन वेदी पूजन, सुन्दरकाण्ड पाठ, दसवें दिन मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा और अंतिम दिन 4 मई को पूर्णाहूति एवं भण्डारा के साथ 11 दिवसीय महायज्ञ का समापन होगा।

एक नजर में

## महिला को गोली मारने वाला गिरफ्तार, गया जेल



गिरफ्तार अपराधी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** शनिवार रात्रि 02:30 बजे कोर्रा थाना अंतर्गत बाबुगांव, पकाही ग्राम में एक महिला को गोली मार कर घायल कर दिया गया। उक्त महिला की बेहतर इलाज हेतु रात में ही सदर अस्पताल, हजारीबाग के द्वारा रिम्स, रांची रेफर कर दिया गया था। इसकी सूचना प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए रिम्स, रांची में भर्ती घायल महिला का बयान लेने के लिए कोर्रा थाना से एक पदाधिकारी भेजा गया। फर्द बयान में उक्त महिला के द्वारा अपना नाम सुनीता देवी पति दिनेश प्रसाद,सा0-जागीर, थाना-रोह, जिला-नवादा (बिहार) बताया। उक्त घायल महिला के द्वारा बताया गया कि उनके पति के फुफेरे भाई शंकर प्रसाद पे0-स्व0 कैलाश महतो, सा0-जागीर, थाना-रोह,जिला-नवादा (बिहार) के द्वारा उनके पति को गुपचुप बेचने के लिए हजारीबाग बुलाया गया था। करीब 1-2 वर्ष तक अपने ही किराया के मकान में हमलोग को रखा। फिर मेरे पति की ज्यादा बिक्री के कारण शंकर को जलन होने लगा और हमलोग को घर से निकाल दिया। हमलोग पकाही, बाबुगांव में किराए पर रहने लगे। किंतु शंकर के द्वारा लगातार हमलोग को डराया जाने लगा और बीच-बीच मे मार-पीट किया जाने लगा। मटवारी गांधी मैदान से हमलोग के ठेले को भगा दिया, फिर हमलोग डर से मटवारी तालाब के पास ठेला लगाने लगे। फिर भी वह जब-तब मारपीट करता रहा। अपने घर के पुराने रंजिश को लेकर वह यह सब कर रहा था। इसी क्रम में दिनाँक-21-22/04/23 की रात्रि को गुपचुप बनाने के लिए हम सो कर 02:30 बजे उठ कर दरवाजा खोले तो दरवाजे पर ही शंकर खड़ा था। दरवाजे के खुलते ही वह हम पर दो गोली चला दिया। किंतु एक गोली बांह में व एक गोली पसली में लग गया। इसके बाद आस-पास के लोगों के द्वारा हमें अस्पताल ले जाया गया। रिम्स से फर्द बयान के उपरांत उक्त घटना के संबंध में कोर्रा थाना कांड सं0-73/23 दिनाँक-24/04/23 धारा-324/307 भा0द0वि0 व 27 आर्म्स एक्ट दर्ज करते हुए घटनास्थल से खोखा को बरामद कर शंकर प्रसाद पे0-स्व0 कैलाश महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## चट्टी पेटो में खंडित शिवलिंग को लेकर होगी महायज्ञ

**केरेडारी।** चट्टी पेटो के बड़े तालाब निकट स्थित शिव मंदिर के शिव लिंग खंडित हो गयी है। इसको लेकर भक्तो एव श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में असावधानी हो रही है। इस शिव मंदिर में नये रूप से रगो रोगान,नई शिव लिंग की स्थापना को लेकर लक्ष्मी मण्डप प्रांगण में ग्रामीणों की एक बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता सेवा नृवित्त शिक्षक महावीर साहू,संचालन शिक्षक शिव चरण साहू ने किया।बैठक में सर्व सम्मति से मंदिर में भगवान अनादि नाथ शंकर महादेव की शिवलिंग की स्थापना,प्राण प्रतिष्ठा,महायज्ञ कराने की निर्णय ली गयी। इसको लेकर एक महायज्ञ समिति गठित की गयी। इसमे रविन्द्र गुप्ता अध्यक्ष, अमित गुप्ता सचिव, कोषाध्यक्ष आकाश गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, उपाध्यक्ष शिव चरण साहू, सह सचिव वृज नंन्दन गुप्ता, मिडिया प्रभारी राजेश कु ठाकुर, संरक्षक महावीर साहू का नाम शामिल है। महायज्ञ की सफलता को लेकर पेटो के लोगो धर्म की प्रबलता बढ़ाने में आपार हर्ष के साथ आर्थिक रूप सहयोग राशि प्रदान किया। जिसमें नारायण साहू 5100रु, नंदनकिशोर साहू 11000 रु, मनोज गुप्ता 5100रु,विकास गुप्ता 5100रु, महावीर साहू 11000रु, सुरेन्द्र प्र गुप्ता 5100 रु, वृज नंदन गुप्ता,5100 रु, रामवृक्ष साहू 5100रु,शिव चरण साहू 5100रु,रविन्द्र गुप्ता 5100रु, लक्ष्मी साहू (संतोष गुप्ता)12000रु, राहुल गुप्ता 3100 रु, धनेश्वर साहू 5100रु, प्रमोद गुप्ता 11000रु, दिनेश प्र गुप्ता 5100 रुपया से खुल कर सहयोग किया है। महायज्ञ को सफल बनाने के लिये यज्ञ समिति अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता ने कहा की महायज्ञ में पुरे पेटो पंचायत वाशियो को भी बढ़ चढ़ कर भाग लेने एव सहयोग करने की अपील किया।इस मौके पर दीपक गुप्ता, चंदन गुप्ता, आकाश गुप्ता, सोनू गुप्ता, मोनू गुप्ता,राहुल गुप्ता, प्रकाश ठाकुर, बजरंगी यादव, सुरेश गुप्ता, झुबर साव, बुधन साव, गोविन्द साव, समेत कई उपस्तिथ थे।

## अतिक्रमण को लेकर प्रभारी चिकित्सक ने दिया आवेदन

**दारू।** प्रखंड क्षेत्र के जिनगा पंचायत के स्वास्थ्य उपकेंद्र महेशरा की सरकारी जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा चारदीवारी कर अवैध कब्जा करने के प्रयास किया जा रहा है। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अमरेश कुमार ने अंचलाधिकारी नीतू कुमारी को आवेदन देकर अवैध अतिक्रमण को रोकने की मांग की है।आवेदन में बताया गया कि 40 वर्ष पूर्व से इस जगह पर स्वस्थ उपकेंद्र संचालित है जिसमे स्वास्थ्य उपकेंद्र का भवन, चार स्टाफ का आवास,एक सौचालय और एक कुआं निर्मित है। यहां कुछ वर्ष पूर्व जर्जर भवन को तोड़कर नया स्वास्थ्य विभाग का भवन बनाया गया है। अब इस खाली पड़े जमीन को आसपास के लोगों के द्वारा अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा है जिसके खिलाफ आवेदन दिया गया है। आवेदन की प्रतिलिपि दारू थाना प्रभारी, बीडीओ और जिला में भी दिया गया है।

## मानवीय संवेदनाओं का एक दस्तावेज है बूढ़ा पीपल : डॉ. शंभु बादल

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित होटल शिवम इन में रविवार को राजेश दुबे का कविता संग्रह बूढ़ा पीपल का लोकार्पण सह ति चर्चा समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और मां शारदे के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद वीर कुंवर सिंह के जयंती के मौके पर उनके चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण किया। तत्पश्चात सभागार ने सभी अतिथियों ने बूढ़ा पीपल किताब का लोकार्पण किया। मौके पर ड नीलोत्पल रमेश ने काव्य संग्रह के विषय पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि बूढ़ा पीपल काव्य संग्रह मानवीय जीवन के सभी पहलुओं पर अपनी बात कहती है। राजेश दुबे ने ग्रामीण परिदृष्य को बखूबी चित्रण किया है। अति चर्चा पर डॉ. बलभद्र ने कहा कि यह बूढ़ा पीपल हताश, निराश और उदास पीपल है पर सुखा पीपल नही है। कथाकार रतन वर्मा ने कहा कि जहां आज हम बड़ी तेजी से शहरीकरण को आत्मसात कर रहें हैं। ऐसे में श्री दुबे ने अपनी काव्य संग्रह में ग्रामीण भाषाशैली, मुहावरा का बहुत उम्दा प्रयोग किया है। यह कवि को उनके गांव से जोड़ता है। मुख्यातिथि ड शंभु बादल ने कहा कि यह काव्य संग्रह मानवीय संवेदनाओं का दस्तावेज है। जो मानवीय जीवन के विभिन्न पहलुओं को बखूबी चित्रण करता है। अति चर्चा पर डॉ. शारदा प्रसाद, प्रो गजेंद्र सिंह, हरेंद्र कुमार ने भी अपनी बातें बखूबी रखी। आयोजन में शामिल नही होने के कारण गुरुदत्त पांडेय और डॉ. सुशील स्वतंत्र ने भी शुभसंदेश भेजा।


# टाटा स्टील के ब्लास्ट फर्नेस में रिकार्ड उच्च हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन का परीक्षण शुरू

- दुनिया की पहली स्टील कंपनी जहां हाइड्रोजन गैस को शॉफ्ट में बड़े पैमाने पर इंजेक्ट किया जा रहा है

विशेष संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अपने जमशेदपुर वर्क्स में 'ई' ब्लास्ट फर्नेस में 40% इंजेक्शन सिस्टम का उपयोग करके हाइड्रोजन गैस के इंजेक्शन का परीक्षण शुरू कर दिया है। दुनिया में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी ब्लास्ट फर्नेस में इतनी बड़ी मात्रा में हाइड्रोजन गैस लगातार डाली जा रही है। यह परीक्षण 23 अप्रैल, 2023 को शुरू हुआ और लगातार 4-5 दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। यह हरित ईंधन इंजेक्टेंट के साथ ब्लास्ट फर्नेस के संचालन में बहुमूल्य जानकारियां प्रदान करेगा, जीवाश्म ईंधन की खपत को कम करेगा और ब्लास्ट फर्नेस से होने वाले सीओ-2 उत्सर्जन को कम करेगा। यह प्रयास कंपनी के 2045 तक नेट जीरो बनने के विजन के अनुरूप है। इस परीक्षण में कोक की दर को 10% तक कम करने की क्षमता है, जो प्रति टन क्रूड स्टील के सीओ-2 उत्सर्जन में लगभग 7-10% की कमी करता है। इस परीक्षण के सफल समापन से टाटा स्टील की इंजेक्शन प्रणाली को डिजाइन, निर्माण और चालू करने, आवश्यक सामान्य और प्रक्रिया सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने और ब्लास्ट फर्नेस में शुद्ध हाइड्रोजन इंजेक्शन के लिए प्रक्रिया नियंत्रण अंतर्दृष्टि प्रदान करने की क्षमता प्रदर्शित होगी। लंबे समय से, ब्लास्ट फर्नेस में लौह अयस्क के एक महत्वपूर्ण रिडक्टेंट के रूप में हाइड्रोजन को जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में पहचाना गया है। औद्योगिक प्रक्रियाओं को हरित बनाने की अनिवार्यता को देखते हुए, हाइड्रोजन ईंधन का उपयोग बहुत अधिक हो रहा है और इसे पहले की तरह बड़े पैमाने पर अपनाया जा रहा है। डीकार्बोनाइजेशन की अपनी खोज में, टाटा स्टील ने कार्बन डायरेक्ट अवॉइडेंस (सीडीए) और सीओ-2 कैप्चर एंड यूज के दो-आयामी दृष्टिकोण को अपनाया है। हाइड्रोजन गैस का परीक्षण इंजेक्शन सीडीए दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो ब्लास्ट फर्नेस पर ध्यान केंद्रित करता है, जो दुनिया भर में सीओ-2 उत्सर्जन में सबसे भारी ज्ञात औद्योगिक योगदानकर्ताओं में से एक है। टाटा स्टील औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है और इस संबंध में पहले ही कई कदम उठा चुका है, जिसमें 2022 की शुरूआत में निरंतर कोल बेड मीथेन इंजेक्शन का परीक्षण करना, सितंबर 2021 से 5 टन प्रति दिन की स्थापना और निरंतर संचालन शामिल है। (टीपीडी) ब्लास्ट फर्नेस ऑफ-गैस से कार्बन कैप्चर और उपयोग के लिए औद्योगिक संयंत्र, ताजे पानी की खपत को कम करना, स्थायी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करना और सर्कुलर अर्थव्यवस्था को आत्मसात करना शामिल है।

### ग्रीन स्टील उत्पादन की दिशा में टाटा स्टील का बड़ा कदम



स्टील वर्क्स के ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन इंजेक्ट करने वाला उपकरण।

### शून्य उत्सर्जन की दिशा में मील का पत्थर : उत्तम सिंह

उत्तम सिंह, वाइस प्रेसिडेंट, आयरन मेकिंग, टाटा स्टील ने कहा कि जमशेदपुर वर्क्स में एक ब्लास्ट फर्नेस में हाइड्रोजन गैस इंजेक्शन का परीक्षण शुद्ध शून्य उत्सर्जन की दिशा में हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। जैसा कि हम हरित ईंधन इंजेक्टेंट्स की क्षमता का पता लगा रहे हैं, हम जीवाश्म ईंधन की खपत और सीओ-2 उत्सर्जन को कम करने पर पड़ने वाले प्रभाव को देखने के लिए उत्साहित हैं। हमें विश्वास है कि यह परीक्षण हाइड्रोजन के साथ ब्लास्ट फर्नेस के संचालन में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा और हमें कम कार्बन भविष्य के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में अगले कदमों की पहचान करने में मदद करेगा।



टाटा स्टील में स्टील मेकिंग के वीपी उत्तम सिंह।

### सस्टेनेबिलिटी में इंडस्ट्री लीडर बनने की दिशा में कदम : डॉ देबाशीष भट्टाचार्या



टाटा स्टील के वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलॉजी एंड आरएंडडी) डा देबाशीष भट्टाचार्या

डॉ देबाशीष भट्टाचार्जी, वाइस प्रेसिडेंट (टेक्नोलॉजी एंड आरएंडडी) टाटा स्टील ने कहा कि, 'डिकाबोर्नाइजेशन की दिशा में हमारे प्रयास एक सस्टेनेबल कल बनाने की हमारी प्रतिबद्धता से प्रेरित हैं। परीक्षण, डिजाइन, निर्माण और इंजेक्शन सिस्टम की कमीशनिंग में हमारी क्षमताओं का एक वसीयतनामा, ग्रीन स्टीलमेकिंग में हमारे प्रवेश को गति देगा। सस्टेनेबिलिटी में इंडस्ट्री लीडर बनने की अपनी कोशिश में टाटा स्टील टेक्नोलॉजी और नवाचार का लाभ उठाने के लिए समर्पित है।


## स्पीड न्यूज

### बन्ना गुप्ता के विकास कार्यों से घबड़ा गई है भाजपा : आनंद बिहारी



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि मंत्री बन्ना गुप्ता जी के विकास कार्यो से घबरा कर जबरदस्त तरह से भाजपा गिरकर घिनौना खेल कर रही है। मंत्री जब से मानगो फ्लाईओवर, एमजीएम अस्पताल पुनर्निर्माण, अन्तरराष्ट्रीय स्तरीय बस अड्डा के अलावे विश्व के पटल पर सोनारी दोमुहानी में स्वर्णरेखा नदी पर गंगा आरती का सफल आयोजन के तुरंत बाद ही योजनाबद्ध तरह से विपक्षी पार्टी घिनौनी योजनाए बना कर मैदान में उतरी है। राजनीति प्रतिद्विंदिता में भाजपा के वाट्ऐप युनिवर्सिटी के दक्ष लोग इतना घिनौना हरकत करेंगे, यह सोच से परे है।

### भाजपा नेता प्रयाग महतो का हाल जानने दयापुर पहुंचीं सविता महतो



**चांडिल।** कुंकड़ू प्रखंड क्षेत्र के दयापुर निवासी भाजपा नेता सह झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग चंद्र महतो विगत दिनों से बीमार है जिनका इलाज वेल्लोर में चल रहा था। ईलाज के उपरांत लौटने पर सोमवार को उनके तबीयत का हालचाल जानने विधायक सविता महतो उनके घर पहुंचे। इस दौरान विधायक ने उनके कुशल क्षेम जाना और जल्द स्वस्थ होने का कामना किया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, शक्तिपद महतो, इंद्रजीत महतो, नव किशोर हांसदा, कित्तीवास महतो, सपन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मोहरदा को जुस्को दे बिजली, तब जाने देंगे पाइपलाइन : ग्राम सभा



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मोहरदा में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। उक्त ग्रामसभा में मोहरदा, मुराकाटी, संथाल बस्ती, अर्जुन कॉलोनी, वास्तु बिहार के ग्रामवासियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जुस्को के द्वारा आस्था एटीसी मैजेस्टिक के लिए पेयजल आपूर्ति करने के लिए पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इसके लिए बस्ती के बीच स्थित सड़क को काटा जा रहा है। ग्राम सभा में इसका विरोध करने का निर्णय लिया गया। सरयू राय के पूर्वी क्षेत्र से विधायक बनने के बाद इसपर पहल हुई है और बिजली की वर्षों पुरानी माँग पूरी होने जा रही है। ग्रामवासियों ने निर्णय लिया कि पहले मोहरदा, मुराकाटी, संथाल बस्ती, अर्जुन कॉलोनी, वास्तु विहार आदि में पहले जुस्को की बिजली मिल जाए उसके बाद ही आस्था एटीसी मैजेस्टिक के लिए पेयजल का पाइपलाइन बिछाने दिया जाएगा।

### पान तांती समाज कल्याण समिति की टीम मंत्री जोबा मांझी से मिली



जमशेदपुर। कोल्हान प्रमंडल पान (तांती) समाज कल्याण समिति की नवगठित केंद्रीय कमेटी के पदाधिकारियों की टीम, केंद्रीय अध्यक्ष मोतीलाल दास की अगुवाई में मंत्री सह मनोहरपुर की विधायक जोबा मांझी जी के साथ शिष्टाचार मुलाकात की। टीम में हरीश चंद्र भंज, दिनेश कुमार दंडपाट, उमाकांत दास, जगदीश दास, राजेश कुमार दास के साथ-साथ मनोहरपुर आनंदपुर क्षेत्र से पहुंचे श्री जगदीश चंद्र भंज, सुरेश दास, मनोज दास, राकेश दास एवं सपन कुमार दास उपस्थित थे।

# डीआइजी करेंगे शास्त्रीनगर उपद्रव का पर्यवेक्षण : रघुवर

### डीजीपी से की बात, कहा- निर्दोष आरोपियों को जल्द से जल्द न्याय हो

### पूर्व सीएम रघुवर दास भाजपा जनों से मिलने पहुंचे केंद्रीय कारा



पूर्व सीएम रघुवर दास जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह, सुधांशु ओझा व अन्य हिन्दूवादी नेताओं से मिल कर लौटते हुए। साथ में पूर्व विधायक मेनका सरदार, भाजपा नेता राकेश सिंह, रामबाबू तिवारी आदि।

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह से टेलीफोन पर बातचीत की तथा उनसे कहा कि शास्त्रीनगर उपद्रव के मामले में कई निर्दोष व्यक्तियों को नामदर्ज आरोपी बनाया गया है।

अतः वरीय पुलिस पदाधिकारी से इस मामले की जांच कराकर निर्दोष लोगों का नाम हटाया जाये। दास के आग्रह को मानते हुए डीजीपी ने कोल्हान के डीआईजी से मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व दास ने शास्त्रीनगर उपद्रव के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में भेजे गये भाजपाजनों से केंद्रीय कारा, घाघीडीह में मुलाकात की। उन्होंने जानना चाहा कि किस परिस्थिति में लाया गया है? कुछ ने जहां यह बताया कि उन्हें 'जय श्री राम' का नारा लगाने पर पकड़ा गया तो विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि उपद्रव के खिलाफ अधिकारी को ज्ञापन देने गये थे तो उन्हें पकड़ कर बंद कर दिया गया। सर्वाधिक लोगों ने कहा कि उन्हें किस जुर्म में पकड़ा गया है, उन्हें पता नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने इन्हें आश्वस्त किया कि वह उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर न्यायसंगत रास्ता निकालेंगे। दास ने शास्त्रीनगर उपद्रव को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन चाहता तो यह घटना चिंगारी से आग नहीं बनती। दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन साम्प्रदायिकता के जिस रथ पर सवार होकर तुष्टीकरण की मंजिल तक पहुंचना चाहते हैं, उसमें ऐसी घटनायें होगी हीं। सत्ता के नशे में इन्हें पता ही नहीं कि ये क्या कर रहे हैं। इसी सुनियोजित साजिश का परिणाम है यह शास्त्रीनगर उपद्रव। इसके लिए पहले एक धार्मिक झंडे में प्रतिबंधित मांस बांधे गये। इस हरकत से ध्वजपुजकों के तन-बदन में आग लग गयी। आनन-फानन में बैठक बुलायी गयी। उधर कांग्रेस और झामुमो के लोगों की इफ्तार पार्टी गणेश पूजा मैदान कदमा में चल रही थी। इस पार्टी के लिए प्रशासन से कोई अनुमति नहीं ली गयी थी। इस पार्टी में शामिल लोगों को जब ध्वजपुजकों की बैठक की जानकारी मिली तो वे वहां दल बल के साथ पहुंच गये। बैठक कर रहे लोगों पर पत्थर बसाये गये। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया। बात यहीं तक नहीं रुकी वहां तैनात पुलिस वालों पर भी पथराव किया गया। और फिर क्या-क्या हुआ, सब को पता है। इस पूरे घटनाक्रम में जिला प्रशासन नींद में विभोर नजर आयी। एक छोटी सी चिंगारी जब आग बन गयी तो प्रशासन ने अपनी कमियों पर पदार्दारी शुरू की। किसी को यहां से गिरफ्तार किया गया, किसी को वहां से। दस सदस्यीय विश्व हिन्दू परिषद का एक प्रतिनिधिमंडल इस घटना के खिलाफ ज्ञापन देने गया तो उन्हें ही धर दबोचा गया। इस हैरतअंगेज घटना ने लौहनगरी को अंधेर नगरी बना दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की है कि डीआईजी अपने पर्यवेक्षण प्रतिवेदन में निदोषों को आरोप मुक्त करेंगे। दास के साथ केंद्रीय कारा पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मेनका सरदार, महानगर भाजपा अध्यक्ष गुंजन यादव, महामंत्री राकेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामबाबू तिवारी, भुपेन्दर सिंह, विभीषण सरदार, चंचल चक्रवर्ती, संदीप शर्मा बौबी व अन्य शामिल थे।

### रैयतों के मुआवजा भुगतान हेतु 25 अप्रैल से 9 मई तक लगेगा कैम्प

जमशेदपुर। पथ निर्माण परियोजना अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं में अर्जित भूमि के प्रभावित रैयतों को मुआवजा भुगतान से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त करने को लेकर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के आदेशानुसार विभिन्न स्थानों पर 25 अप्रैल से 09 मई तक कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सभी कैम्प पूर्वाह्न 10:30 से शुरू होंगे। कैम्प के सफल आयोजन एवं रैयतों से आवेदन प्राप्त करने हेतु कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है जो निम्न प्रकार है-

1. कोवाली से डुमरिया तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ कुमड़ाशोल (अंचल-डुमरिया)/ नविन पुर्ती, कानुनगो, गणेश नारायण रॉय, अमीन, विश्वनाथ साव, अमीन, बसन्त कुमार रवि, अनुसेवी/ पंचायत भवन, कुमड़ाशोल दिनांक-25.04.2023
2. पिताजुड़ी से गुडाबान्दा पथ चौड़ीकरण/सिंहपुरा (अंचल-गुड़ाबान्दा)/संतोष कुमार, प्रभारी कानुनगो, गिरीन्द्र कुमार सामल, अमीन, सुबल चन्द्र करन, अनुसेवी/मौजा- सिंहपुरा- गुरुवार को
3. कोवाली से डुमरिया तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/ रंगामाटिया (अंचल-डुमरिया) नविन पुर्ती, कानुनगो, गणेश नारायण रॉय, अमीन, विश्वनाथ साव, अमीन, बसन्त कुमार रवि, अनुसेवी/मौजा-रंगामाटिया दिनांक-29.04.2023
4. कोवाली से डुमरिया तक पथ चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण/खैरबनी (अंचल-डुमरिया)/ नविन पुर्ती, कानुनगो, गणेश नारायण रॉय, अमीन, विश्वनाथ साव, अमीन, अनुप भूई, अनुसेवी/ पंचायत भवन, खैरबनी दिनांक-03.05.2023।

## मंत्री बन्ना गुप्ता के वायरल विडियो को लेकर सक्रिय हुए सरयू राय

### युवती को विशेष सुरक्षा दे पुलिस

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** विधायक सरयू राय ने दावा किया है कि मंत्री बन्ना गुप्ता और जिस युवती के बीच 17 अप्रैल की आधी रात अश्लील बातचीत का जो कथित विडियो वायरल हुआ है, उस युवती की पहचान हो गयी है।

यह युवती भालूबासा के एक फर्नीचर दुकान में काम करती है। सरयू राय ने यह भी कहा है कि मंत्री ने एसएसपी को आवेदन देकर इस मामले की जांच करने की मांग की है, तो एसएसपी को चाहिए कि वह इस मामले में एफआइआर दर्ज कर मुख्य अभियुक्त के रूप में खुद मंत्री को इंगित करें। साथ ही वार्तालाप में शामिल महिला को तत्काल पुलिस सुरक्षा मिलनी चाहिए। उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जरुरी है। मंत्री से पुलिस पूछताछ कर पता लगाये कि वह लड़की कौन है और कितने दिनों से उसे जानते हैं। दोनों की मोबाइल जब्त की जाये। मोबाइल से डिटेल्स निकाले। साइबर पुलिस खुद से इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सकती है। जिस दिन पुलिस एफआइआर दर्ज करेगी उसी दिन में इडी से मांग करुंगा कि यह अश्लील बातचीत यूं ही नहीं है इसमें पैसे का अवैध लेन-देन भी शामिल

### साइबर पुलिस खुद प्राथमिकी दर्ज कर सकती

रहता है। ऐसे में इडी मंत्री की अवैध कमायी और उसके निवेश के बारे में मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करे। यह एक महिला की अस्मिता का भी सवाल है। इस विडियो में कहीं से छेड़छाड़ नहीं है। यह सीधे स्क्रीन शॉट है। मेरी जानकारी विडियो तीन मिनट का है जबकि इसे काट कर 21 सेंकेड का ही वायरल किया गया है। पूरी विडियो को बरामद करना चाहिए।

## राज्यपाल ने लांच किया एनएमएल का एक सप्ताह, एक प्रयोगशाला अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो



होटल रेडिसन,रांची में एनएमएल के अभियान लांच करते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन। साथ में अरविंद सिन्हा व अन्य।

**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने रांची के होटल रेडिसन ब्लू में समारोह का आवरण करके अपना एक सप्ताह एक प्रयोगशाला (ओडब्लूओएल) कार्यक्रम शुरू किया।

महामहिम सी.पी. राधाकृष्णन, झारखंड के माननीय राज्यपाल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस समारोह की शोभा बढ़ाई जबकि डॉ. एन. कलैसेल्वी, सचिव, डीएसआईआर और महानिदेशक, सीएसआईआर सम्मानित अतिथि थीं। मंचासीन गणमान्य व्यक्तियों में डॉ. अवनीश कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, सीएसआईआर-एनएमएल और डॉ. संजय कुमार, मुख्य वैज्ञानिक, सीएसआईआर-एनएमएल शामिल थे। शेष कार्यक्रम सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर में आयोजित किया जाएगा।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएसआईआर-एनएमएल को कौशल भारतर, मेक-इन-इंडिया, स्वच्छ भारत, आत्मनिर्भर भारत और अन्य जैसे सरकारी मिशनों के साथ संरेखित करने के प्रयासों के लिए बधाई देकर अपना भाषण शुरू किया।

उन्होंने महिला प्रौद्योगिकी पार्क, अपशिष्ट से धन (ई-अपशिष्ट पुनर्चक्रण) के लिए शहरी अयस्क पुनर्चक्रण केंद्र, लिथियम धातु निष्कर्षण और अन्य रेयर अर्थ निष्कर्षण जैसी प्रयोगशाला की पहल की सराहना की।

## तकनीक का उपयोग कर बन्ना गुप्ता की छवि धूमिल करने का कुत्सित प्रयास : अग्रवाल सम्मेलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राजनीति में प्रतिद्वंदिता होती है और पक्ष विपक्ष दोनों हर मुद्दे पर एक दूसरे को घेरने की ताक में रहते है। किंतु राजनैतिक मूल्यों का इतना अवमूल्यन नहीं होना चाहिये कि नैतिकता को भी शर्मसार होना पड़े। किसी राजनेता पर लांछन लगाने के लिये किसी महिला की नंगी तस्वीर का सहारा लेना एक सभ्य समाज के लिये शर्मनाक है। कंप्यूटर तकनीक के अत्याधुनिक युग में एनीमेशन की सहायता से किसी की फोटो बदल कर दूसरे की फोटो डाल देना बहुत आसान है। लोकप्रिय जनप्रतिनिधि बन्ना गुप्ता की छवि धूमिल करने का जो कुत्सित प्रयास किया गया है, पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन उसकी कड़ी भर्त्सना करता है। सम्मेलन के पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष संदीप मुरारका, महासचिव गोल्डी अग्रवाल और प्रवक्ता कमल किशोर अग्रवाल ने एक साझा बयान में कहा है कि एडीटिंग के लिये किसी महिला की अश्लील तस्वीरों का दुरुपयोग किया गया है। अग्रवाल सम्मेलन इस निंदनीय कार्य के लिये दोषियों पर कड़ी कारवाई की मांग करता है।

# नये सत्र एवं नये पाठ्यक्रमों का आगाज करने को तैयार है बहरागोड़ा पॉलीटेक्रिक

खबर मन्त्र ब्यूरो



संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते पॉलिटेक्रिक के पदाधिकारीगण।

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा स्थित बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक (झारखण्ड सरकार द्वारा स्थापित एवं एल एन जे पी द्वारा संचालित, झारखण्ड प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त) नए सत्र एवं नए पाठ्यकर्मो के आगाज के लिए पूरी तरह तैयार है। 2017 में झारखण्ड सरकार द्वारा स्थापित बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक का पीपीपी मोड के तहत शुरूआत किया गया था।

विगत कुछ ही वर्षों मे कॉलेज ने पूरे प्रदेश में अपने पठन-पाठन, प्रशिक्षित एवं अनुभवी फैक्लटीज, आधारभूत शिक्षण एवं प्रैक्टीकल ट्रेनिंग की आधुनिकतम सुविधा के बल पर आज यह कॉलेज अपने छात्रों को 95 प्रतिशत कैंपस प्लसमेंट देने में सफलता हासिल की है।

कॉलेज अपने प्रत्येक छात्रों के लिए एक जॉब की नीति के तहत कार्य करता है। इस वर्ष अब तक 85 प्रतिशत छात्रों को जॉब का ऑफर प्राप्त हो चूका है जिनमे मुख्य तौर पर टाटा मेटालिक्स, टाटा पावर, जिंदल स्टील, एल एण्ड टी, सिस्का एलईडी, सुरोज बिल्डकोने, आशियाना हॉउसिंग, सुब्रोस लिमिटेड , जे बी एम, टाटा ग्रीन एनर्जी शौल्युशन प्राइवेट लिमिटेड, सी टी सी लिमिंटेड, ब्रिजस्टोन लिमिमिटेड आदि मुख्य हैं। बाकि बचे छात्रों को भी प्लेसमेंट की सुविधा मिल रही है परन्तु वे प्लेसमेंट की ऑफर को छोड़कर आगे की पढ़ाई के लिए तत्पर हैं। ज्ञात हो की बहरागोरा पॉलिटेक्निक प्रोधोगिकी के क्षेत्र में अब तक तीन संकाय (मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं सिविल इंजीनियरिंग में पाठ्यकर्म एवं नामांकन कराता रहा है। कॉलेज के समूचित प्रदर्शन को देखते हुए तीन नए सत्र कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिस्ट्रेटिव एवं बेचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन को इस वर्ष (2023 -24 ) में जोड़ा गया है। खास तौर पर कंप्यूटर विज्ञान मे बच्चों की रूचि को देखते हुए बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक ने अभिभावकों की चिंताओं को दूर करते हुए इस संकाय की शुरूआत की है, ताकि बच्चे अपने ही राज्य मे गुणवत्ता पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति कर अच्छी जॉब प्राप्त कर जीवन मे सफल बन सकें। उक्त जानकारी बहरागोड़ा पॉलिटेक्निक के वाईस प्रिंसपल अनुराग कुमार झा ने दी एवं उक्त अवसर पर अनुराग कुमार झा के अतिरिक्त इलेक्ट्रीकल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार, मैकेनिकल डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रयाग प्रजापति, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट के मुख्य ए. नारायण महतो भी उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### कदमा हिंसा के 14 दिन बाद भी घटना के जिम्मेदार तत्वों की पहचान नहीं होना नींदनीय : भाजमो



बारीडीह कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते विधायक सरयू राय।

जमशेदपुर। भाजमो जमशेदपुर महानगर की अहम बैठक बारीडीह स्थित विधानसभा कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में भाजमो के संरक्षक सह विधायक सरयू राय उपस्थित हुए। बैठक में भाजमो जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दिनों कदमा हिंसा मामले में निर्दोष हिंदु नेताओं के जेल भेजे जाने के 14 दिन बीत जाने बाद भी प्रशासन के द्वारा से इस घटना का उद्भेदन नहीं किए जाने और घटना के पीछे के असली षडयंत्रकारियों को गिरफ्तार करने के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं करने की निंदा की। राय ने भाजमो पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया की कदमा हिंसा मामले में जेल भेज गए निर्दोष हिंदुवादी नेताओं के समर्थन में आहुत बैठक में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता अपनी उपस्थिती दर्ज कराएं। बैठक में मुख्य रूप से राम नारायण शर्मा, मुकुल मिश्रा, मनोज सिंह उज्जैन, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर राव, भास्कर मुखी, विकास गुप्ता, राजेश कुमार, सुधीर सिंह, आकाश शाह, मंजु सिंह, राजेश प्रसाद, शेषनाथ पाठक, विजय नारायण सिंह, शंकर कर्मकार, दुर्गा राव, जय प्रकाश सिंह, कन्हैया ओझा, विनोद राय, राघवेंद्र प्रताप सिंह, विकास रजक, काकोली मुखर्जी, किरण सिंह, विजय सिंह, बबलू झा सहित अन्य उपस्थित थे।

### अंबुजा सीमेंट्स को मिला आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड 2023




**जमशेदपुर/मुंबई।** अडाणी सीमेंट की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी और अडाणी समूह का हिस्सा अंबुजा सीमेंट्स ने लगातार पांचवीं बार प्रतिष्ठित आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड 2023 हासिल किया है। कंपनी को यह अवार्ड दो श्रेणियों में मिला है- रोजगार बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल और महिला अधिकारिता श्रेणी। पुरस्कार संकरेल, पश्चिम बंगाल और भाटापारा, छत्तीसगढ इकाइयों.में क्रमशः कौशल और महिला सशक्तिकरण की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किए गए हैं। अंबुजा सीमेंट्स को एक बार फिर लगातार पांचवीं बार आईसीसी सोशल इम्पैक्ट अवार्ड मिला है। अंबुजा की संकरेल टीम को बड़े प्रोजेक्ट कैटेगरी में एम्प्लॉयमेंट एनहांसिंग वोकेशनल स्किल्स की श्रेणी में आईसीसी सोशल इम्पैक्ट जूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया, जबकि कंपनी की भाटापारा टीम को महिला अधिकारिता श्रेणी में इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पुरस्कार समारोह में डॉ. शशि पांजा, मंत्री, उद्योग, वाणिज्य और उद्यम विभाग और महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार सहित कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। इनमें संजय बुधिया, पूर्व अध्यक्ष, आईसीसी और एमडी - पैटन ग्रुप, रोवन एन्सवर्थ, महावाणिज्यदूत, ऑस्ट्रेलियाई महावाणिज्य दूतावास, कोलकाता और डॉ. राजीव सिंह, महानिदेशक, आईसीसी भी शामिल हैं। अजय कपूर, सीईओ, सीमेंट बिजनेस ने कहा, हम इन पुरस्कारों को हासिल करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। ये पुरस्कार दरअसल संकरेल और भाटापारा में हमारी टीमों के समर्पण और कड़ी मेहनत को मान्यता प्रदान करते हैं। अंबुजा में हम उन समुदायों में सकारात्मक सामाजिक प्रभाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनके बीच हम काम करते हैं। ये पुरस्कार हजारों लोगों के जीवन और आजीविका को बढ़ाने की दिशा में की गई हमारी कोशिशों का एक महत्वपूर्ण प्रमाण हैं।

### आरवीएस एकेडमी में बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती संपन्न




**जमशेदपुर।** आर. वी. एस एकेडमी डिमना रोड के प्रांगण में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले बिहार के वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। बाबू वीर कुंवर सिंह जी को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में माना जाता है ,जिन्होंने 80 वर्ष की अवस्था में भी अंग्रेजों के सामने घुटने नहीं टेके।इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन श्री बिंदा सिंह ,उप प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता तिवारी शिक्षक गण एवं विद्यार्थी मौजूद थे। सर्वप्रथम विद्यालय के चेयरमैन श्री बिंदा सिंह जी ने अपने संबोधन भाषण में बाबू वीर कुंवर सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी बच्चों को उनके जैसा निडर और स्वतंत्रता प्रेमी बनने की प्रेरणा दी। उप प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता तिवारी द्वारा बच्चों को वीर कुंवर सिंह जी के जैसा बनने एवं उनसे प्रेरणा लेने की बात कही । इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भाषण ,कविता एवं बाबू कुंवर सिंह जी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका को प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक में सारी बातें जीवंत हो उठी। इस कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन विद्यालय के हिंदी क्लब द्वारा किया गया ।

### इनरव्हील क्लब ने महिलाओं को सरकारी मौद्रिक योजनाओं से अवगत कराया




**जमशेदपुर।** इनरव्हील क्लब जमशेदपुर ईष्ट मनीफीट रजक समाज महिला समिती के साथ कई वर्षो से की प्रोजेक्ट कर रहा है यहां की महिलाओ को स्थिर और आर्थिक रूप से मजबूत भविष्य बनाने के लिए एक शिविर लगाकर उन्हे सरकारी मौद्रिक योजनाओं के बारे मे जागरूक किया। बताया कि बचाया हुआ पैसा कमाया हुआ पैसा है। क्लब बिस्टुपुर पोस्ट आफिस डी पी एम कोषागार उज्जवल दास गुप्ता, सिस्टम एडमिन सुनिल कुमार दास, एल एस जी पीए उमेश कुमार, और पीए निशांत कुमार के साथ मिलकर एक शिविर लगाया। अधिकारियो ने महिलाओ और बच्चों के लिए बनाई गई कई विशेष योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। क्लब ने विशेष रूप से कालीमाटी पी ओ के अभय कुमार सिंह पोस्ट मास्टर को आमंत्रित किया,जो मनीफीट बस्ती के महिलाओ को बेहतर सेवा देने का तथा अधिकारियो ने उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड बनाने मे मदद का आश्वासन दिया। सुकन्या समृद्धी योजना के तहत जुड़वा बच्चियों रिशीकाऔर रियाशी का ऑन स्पाट रजिस्ट्रेशन किया गया। सरकार के लिए दिल से धन्यबाद, अधिकारियों का धन्यवाद जिन्होंने शिविर मे आकर वहां की महिलाओ को वित्तीय आवश्यकता के बारे मे जागरूक किया, रजक समाज महिला समीती अध्यक्ष अनुराधा और उनकी टीम के अथक प्रयास से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मौके पर क्लब अध्यक्ष अर्चना और उपाध्यक्ष संपा उपाध्याय मौजूद थी।

## कुशवाहा ने सीएम नीतीश कुमार पर कसा तंज, कहा

# जो खुद बेआधार, उसका साथ कौन दे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने सीएम नीतीश की विपक्षी एकजुटता की मुहिम पर तंज कसते हुए कहा कि उनका खुद का आधार खत्म हो चुका है। उनकी पार्टी में अब कुछ नहीं बचा है। ऐसे में कोई उन्हें समर्थन नहीं करेगा। सीएम नीतीश भी अपनी स्थिति भली भांति जानते हैं फिर भी घूम घूमकर अपना मनोरनजन कर रहे हैं। सोमवार को सीतामढ़ी में पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार सरकार पर जमकर निशाना साधा।

उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार का अब अस्तित्व समाप्त हो चुका है। वह दिखावे के लिए राजनीति कर रहे हैं मनोरंजन के लिए नीतीश कर रहे हैं राजनीति। उपेंद्र कुशवाहा ने ममता बनर्जी और अखिलेश यादव से नीतीश की मुलाकात परे कहा कि नीतीश कुमार अब यह सब सिर्फ मनोरंजन के लिए कर रहे हैं।




राजनीति में उनके लिए अब कुछ नहीं बचा है। जिस पार्टी में नीतीश कुमार हैं, उसका ही अस्तित्व खत्म हो चुका है। जिसका अपना ही आधार नहीं उनको दूसरे लोग क्या साथ देंगे? देश में एक दर्जन से ज्यादा प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं। यह सिर्फ दिखावे के लिए यहां जा रहे हैं, वहां जा रहे हैं। नीतीश कुमार को बिहार के विकास से कोई मतलब नहीं है। नीतीश कुमार अपनी कुर्सी बचाने को लेकर राजनीति कर रहे हैं। बिहार फिर से अब जंगलराज की ओर लौट आया है। लगातार अपराधिक घटनाएं घट रही हैं और सरकार और पुलिस, अपराधियों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

**आरएलजेडी विपक्षी एकजुटता की मुहिम पर कुशवाहा का हमला:** दरअसल नीतीश कुमार विपक्षी एकजुटता के प्रयास में हैं। कई नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने की तैयारी हो रही है। इसके खिलाफ बीजेपी बोल रही है। वहीं उपेंद्र कुशवाहा भी हमलावर हैं। ऐसे भी उपेंद्र कुशवाहा सीएम नीतीश पर हमला करने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं। बता दें कि सीतामढ़ी में हिन्दराइज के संस्थापक के नरेंद्र कुमार अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राष्ट्रीय लोक जनता दल की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर राष्ट्रीय लोक जनता दल के नेता माधवानंद ने कहा कि नरेंद्र कुमार की पार्टी से जुड़ने से तिरहुत प्रमंडल में पार्टी को मजबूती मिलेगी। मानव ने कहा कि नरेंद्र कुमार ने करुणा काल में भी लोगों की सेवा करने का जो काम किया है वह काबिल-ए-तारीफ है।

## बेटे और उसके दोस्त को कैंची से वार कर घायल करने का आरोपी पिता गया जेल

**दुमका।** नशे में धूत होकर बेटे और उसके दोस्त को कैंची से वार कर घायल करने के आरोपी पिता को नगर थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी पिता थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा मुहल्ले के उमा बगान निवासी मुन्ना शेख है। जानकारी के अनुसार बीते रविवार को आरोपी पिता ने शराब के नशे में धूत होकर अपने ही बेटे सोहेल अंसारी और उसके दोस्त साहिल हुसैन को कैंची से वार कर घायल कर दिया था। आनन-फानन में दोनों को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेटे सोहेल अंसारी की हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वहीं सोहेल का दोस्त साहिल हुसैन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही इलाजरत था। हलांकि सोहेल अंसारी की स्थिति भी अब समान्य है। पुलिस मामले में आरोपी पिता के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## व्यवहारिक शैक्षणिक वातावरण पर मनोविज्ञान विभाग में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी मनोविज्ञान विभाग में उच्च शिक्षा में व्यवहारिक शैक्षणिक वातावरण विषय पर एक दिवसीय विभागीय सेमिनार सोमवार को आयोजित हुई। सेमिनार की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ शर्मा ने कहा कि शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा का द्रूतगामी परिणाम के लिए उत्तम वातावरण का होना जरूरी है। जैसा व्यवहारवादी जेबी वाटसन का कहना था कि व्यक्तित्व का अच्छे या अपराधी प्रवृत्ति आदि का बनना वातावरण विशेष पर निर्भर करता है। क्योंकि उस वातावरण विशेष में वैसा ही शिक्षण व प्रशिक्षण दिया जाता है। डॉ शर्मा ने कहा कि स्कूल, कॉलेज हो या यूनिवर्सिटी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सार्थकता तभी संभव है। जब उन्हें एक अच्छे व स्ट्रेस फ्री अकादमिक माहौल में पढ़ने-लिखने का अवसर प्रदान किया जाये। क्लास रूम का भौतिक वातावरण अर्थात हवा, निरंतर बिजली, वेंटिलेटर, पानी, टॉयलेट आदि बेसिक सुविधाओं सहित अन्य जरूरी तकनीकी चीजें भी बिना समय गवाएं पूरी होती हो या उपलब्ध होती हो। साथ ही शिक्षण कार्य बिल्कुल खुशनुमा व रुचिकर वातावरण में किया जाना चाहिए। जिससे छात्रों में ध्यान, धारणा व विषय का धारण मजबूत व स्थाई होती है। स्मृति भी स्पष्ट रूप से लंबे समय तक मस्तिष्क में बने रहता है। क्लास में शिक्षक व विद्यार्थियों के बीच फ्रेंडली संबंध होना चाहिए। जिससे सवाल पूछने में नहीं कोई झिझक होगी।

## गुमला : बोलेरो के धक्के से बाइक सवार गंभीर

**गुमला।** थाना क्षेत्र के सिसई रोड चंपानगर मोड में अज्ञात बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार खोरा जामटोली के कोयला उरांव (60) व उसका भतीजा बंदे उरांव (25) घायल हो गये। कोयला का कमर फ्रैक्चर कर गया है। वहीं सर में गंभीर चोट लगी है। जबकि बंदे उरांव का चेहरे में चोट लगी है। घटना के उपरांत राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल का इलाज जारी है। जानकारी देते हुए घायल बंदे उरांव ने बताया कि घर में भाई का शादी ठीक हो गया है। जिसको लेकर न्योता देने के लिए बाइक में सवार होकर रायडीह स्थित रुकरुम जा रहे थे। तभी चंपानगर मोड में पीछे से आ रहे एक बोलेरो वाहन ने धक्का मार दिया और घटनास्थल से फरार हो गया।

## बिहार में येलो अलर्ट

## कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश और वज्रपात की आशंका



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पटना।** मौसम विज्ञान केंद्र पटना ने बिहार के जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने जिले में आंधी-तूफान के साथ बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने 24 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक बिहार के कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें कुछ जिलों को छोड़कर अन्य जिलों में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इस दौरान वज्रपात की भी आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग के अनुसार 24 से 25 अप्रैल तक बिहार के कई जिले में आंधी तूफान के साथ भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसमें पूर्वी और पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, अरवल, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, खगड़िया, कटिहार, मुंगेर, भागलपुर, बांका और जमुई के लिए विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। 25 से 26 अप्रैल तक मौसम विभाग ने बिहार के बक्सर, भोजपुर, पटना, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया, नवादा जिले के लए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं 26 से 27 अप्रैल तक मौसम विभाग ने बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, पटना, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, बांका, नवादा और गया को शामिल किया गया है। मौसम विभाग की ओर से आगामी और वर्तमान स्थिति को बताने के लिए यह अलर्ट जारी किया जाता है। येलो अलर्ट एक तरह से सावधानी की घंटी है, जो लोगों को सर्तक करने का काम करता है। येलो अलर्ट का मतबल है कि अभी कोई खतरा नहीं है, लेकिन आने वाले समय के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है।

## बस में सीट को लेकर हुए विवाद में कंडक्टर ने आदिवासी युवक की कर दी पिटाई, विरोध में जाम

### बहन को छोड़ने पहुंचा था आदिवासी युवक बस स्टैंड, कार्रवाई के आश्वासन पर 6 घंटे बाद जाम हटा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** बस में सीट को लेकर हुए विवाद में बस कंडक्टर द्वारा आदिवासी युवक को पिटाई के विरोध में आदिवासी समाज के लोगों ने बस स्टैंड के मुख्य गेट पर घंटो जाम रखा। घटना से आक्रोशित आदिवासी युवकों ने एक खास समुदाय के आरोपी कंडक्टर को सामने लाने की मांग करते हुए पुरा बस स्टैंड की दुकाने बंद कराते हुए पुरी तरह जाम कर दिया। युवकों ने आरोपी को सामने पेश करने की मांग करते हुए बस स्टैंड से वाहनों का परिचालन पूरी तरह बंद कर दिया। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय विजय कुमार और सीओ यमुना रविदास पहुंच आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाते हुए आदिवासी युवकों को समझाने के प्रयास में घंटो जुटे रहे। इस बीच युवकों का नेतृत्व कर छात्र नेताओं से एसपी अंबर लकड़ा ने दूरभाष पर समझाने का प्रयास किया। लेकिन विरोध कर रहे लोग पुलिस की सुनने को तैयार नहीं दिखे। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के पुराना दुमका जरूवाडीह निवासी मृणाल हेम्ब्रम नामक व्यक्ति बस स्टैंड अपनी बहन को छोड़ने पहुंचा था। मृणाल हेम्ब्रम अपनी बहन को पाकुड़ के लिए दुमका-पाकुड़ चलने वाली प्रिंस नामक यात्री बस में बैठाया। जहां सीट नहीं मिलने पर पीड़ित मृणाल हेम्ब्रम ने कंडक्टर से महिला होने के नाते सीट देने का आग्रह किया। लेकिन कंडक्टर सीट नहीं होने का हवाला देते रहा। बात इतनी बढ़ी की नौबत मारपीट तक पहुंच गई और आरोपी कंडक्टर से अधेड़ आदिवासी व्यक्ति की पिटाई कर दिया। मृणाल हेम्ब्रम की पिटाई की सूचना मिलते ही दर्जनों लोग बस स्टैंड पहुंच जाम कर दिया। करीब 2 बजे से आदिवासी समाज के लोगों ने जाम कर बसों का प्रवेश और निकलने पर पूरी तरह पाबंदी लगा दिया। देर शाम लोगों को समझा-बुझाकर लिखित आवेदन देने और आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के आश्वासन पर करीब 8 बजे आदिवासी युवकों ने जाम हटाया। तब जाकर रांची, कोलकोत्ता समेत अन्य लंबी एवं छोटी दूरी के वाहनों का परिचालन सुचारू हो सका। इस अवसर पर सीओ यमुना रविदास ने बताया कि विरोध कर रहे लोगों को आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने के आश्वासन पर माने और जाम हटाया। पीड़ित के लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।



युवकों को समझाते सीओ

## बाहुबली नेता आनंद मोहन रिहा, 27 अन्य कैदी छूटेंगे

### उम्रकैद की सजा काट रहे थे पूर्व सांसद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** डीएम जी कृष्णैया हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व सांसद आनंद मोहन को मुक्त करने का आदेश जारी हो गया है। आनंद मोहन के साथ एक दर्जन जेलों में बंद 27 बंदियों को मुक्त करने का आदेश दिया गया है। विधि विभाग ने सोमवार को इससे जुड़ा आदेश जारी कर दिया, जिसे तत्काल संबंधित जेल प्रशासन को भेज दिया गया है। विधि विभाग के आदेश के अनुसार, 20 अप्रैल को राज्य दंडादेश परिहार पर्षद की बैठक में 14 वर्षों तक जेल में समय गुजारने वाले आजीवन कारावास प्राप्त कैदियों को मुक्त किए जाने की अनुशंसा राज्य सरकार से की गई थी।

इसके बाद 27 कैदियों को मुक्त करने का निर्णय लिया गया है। इनमें सबसे अधिक छह कैदी विशेष केंद्रीय कारा भागलपुर में बंद हैं। इसके अलावा मुक्त कारागार बक्सर के पांच, केंद्रीय कारा गया के तीन, आदर्श केंद्रीय कारा बेउर के दो समेत मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, भागलपुर, आरा, सहरसा, अररिया, बिहारशरीफ और कटिहार जेलों में बंद कैदियों के नाम भी सूची में हैं। विधि विभाग ने अपने आदेश में संबंधित कारा अधीक्षकों को बंदियों की सूची सौंपते रिहाई से पहले पांच मानकों के तहत आश्वस्त होने को कहा है। इसमें बंदी द्वारा 14 साल की वास्तविक संसीमन अवधि और परिहार सहित 20 वर्ष की अवधि पूरी की जा चुकी हो। इसके अलावा यह भी जांच करने को कहा गया है कि आजीवन कारावास के जस वाद में रिहाई का प्रस्ताव दिया गया है, उसके अलावा बंदी किसी अन्य मामले में सजायाफ्ता न हो। अगर ऐसा है, तो उसे रिहा नहीं किया जाएगा।

## जारी के पांचों पंचायतों में मना पंचायती राज दिवस

**जारी।** प्रखंड के पांचों पंचायत सचिवालय में सोमवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मना। सभी पंचायत सचिवालय को एक बार फिर रंग पेंट कर चकाचक कर दिया गया है। जिसका पंचायत के सचिव व मुखिया ने शुभारंभ किया। वहीं सीसीकरमटोली मुखिया फुलमाईत देवी ने कहा कि अब पंचायत सचिवालय में हर तरह की सुविधा होगी। ग्रामीण पंचायत सचिवालय आकर अपना काम प्रतिदिन करा सकते है। मौके पर रजनी मिंज, विनय एक्का, माईकल कुजूर, चाजरेण मिंज सहित वार्ड तथा पंचायत समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनी वीर कुंवर सिंह जयंती

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में आज वीर कुंवर सिंह जयंती मनायी गयी। मंचासीन अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम की शुरुआत की। मौके पर विद्यालय के भैया-बहनों ने बाबू कुंवर सिंह की जीवनी पर अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य अमरकांत शुक्ला ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा कि वीर कुंवर सिंह 1857के स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 80 वर्ष की उम्र में भी उन्होंने अपने पराक्रम एवं युद्ध कौशल से अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। उनके जीवन से हमें देशभक्ति एवं पराक्रम की प्रेरणा मिलती है। मौके पर विक्की कुमार साहू, शौर्य कुमार, अर्णव राज, दिव्यम राज, नुसरत जहां, माही कुमारी, श्रेष्ठ कुमार, शौर्य कुमार, अमित उरांव एवं तन्मय गौतम ने अपना अभिभाषण प्रस्तुत किया एवं दिव्यांश वर्मा, आर्यन राणा तथा तन्मय गौतम ने चित्रकला प्रतियोगिता के अंतर्गत वीर कुंवर सिंह का चित्र बनाकर प्रस्तुत किया।

## बेटे और उसके दोस्त को कैंची से वार कर घायल करने का आरोपी पिता गया जेल

**दुमका।** नशे में धूत होकर बेटे और उसके दोस्त को कैंची से वार कर घायल करने के आरोपी पिता को नगर थाना पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी पिता थाना क्षेत्र के कुम्हारपाड़ा मुहल्ले के उमा बगान निवासी मुन्ना शेख है। जानकारी के अनुसार बीते रविवार को आरोपी पिता ने शराब के नशे में धूत होकर अपने ही बेटे सोहेल अंसारी और उसके दोस्त साहिल हुसैन को कैंची से वार कर घायल कर दिया था। आनन-फानन में दोनों को फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेटे सोहेल अंसारी की हालत गंभीर बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया। वहीं सोहेल का दोस्त साहिल हुसैन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही इलाजरत था।

## दिसोम मांझी आर जाहेर थान समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** दिसोम मांझी को लेकर हुए विवाद के निपटारे को लेकर सोमवार को दिसोम मांझी थान में दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मसुदी टुडू ने किया। बैठक में पुराने दिसोम मांझी बालेश्वर हेम्ब्रम एवं नये दिसोम मांझी विशाल मरांडी के बीच दिसोम मांझी आर जाहेर थान समिति के बीच हुए पुनर्गठन को लेकर हुए विवाद के समाधान को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में संताल परगना प्रमंडल के सभी जिलों से मांझी, परगना पराणिक, गोड़ैत, नायकी, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, ग्रामीण रैयत एवं दिसोम मांझी थान के सेवक आदि उपस्थित हुए। विवाद के समाधान के लिए बीते 9 अप्रैल, 16 अप्रैल एवं 23 अप्रैल को बैठक आहूत हुई। दोनों पक्षों की ओर से समिति की बैठक पंजी एवं अन्य दस्तावेज की मांग की गई। पांच सदस्यीय जांच समिति ने दोनों पक्षों के बैठक पंजी और अभिलेख का जांच एवं निरीक्षण किया। जांचोपरांत पाया गया कि दोनों पक्षों के द्वारा नियमों की अनदेखी कर अपने-अपने तरीके से पुनर्गठन किया गया। जांच कमेटी के निर्णय एवं उपस्थित लोगों के धवनीमत से दोनों पक्षों के द्वारा किए गए समिति के पुनर्गठन को भंग किया गया। तत्काल दिसोम मांझी थान के संचालन के लिए एक संचालन समिति का गठन किया गया। जो सदस्यता ग्रहण के लिए अभियान चलाने का कार्य करेगी और अधिक से अधिक दो माह के अंदर दिसोम मांझी थान, जाहेर थान समिति का पुनर्गठन करायेगी।

## देवगांव में अखंड हरिनाम संकीर्तन में उमड़ी भक्तों की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** देवगांव में पांच दिवसीय अखंड हरिनाम संकिर्तन का आयोजन किया गया। 21 अप्रैल को गंधाधिवास के साथ संकीर्तन की शुरूआत हुई। रविवार को लंगर का आयोजन किया गया. आयोजन समिति के अध्यक्ष सरोज प्रधान, उपाध्यक्ष जयदेव प्रमाणिक, सचिव दीनानाथ प्रधान, उप सचिव उत्तम प्रधान, कोषाध्यक्ष राहुल कोवाट ने बताया कि 25 अप्रैल को हरिनाम संकीर्तन का समापन होगा। आयोजन समिति की ओर से हर दिन आनंद बाजार का आयोजन किया गया है। आनंद बाजार में लोग पहुंच कर प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। रविवार के रात्रि में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ विजय सिंह गागराई संकीर्तन में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की। संकीर्तन को लेकर पूरे गांव को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सड़कों पर कालीन बिछा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया जा रहा है। 24 घंटे प्रभु हरिनाम का गुणगान कर रहीं सात कीर्तन मंडलियां। श्रीश्री अखंड युगल हरि संकीर्तन की ओर से बंगाल, झारखंड व ओडिशा की सात कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है।



## चैनपुर पुलिस ने जनावल, छिछवानी समेत कई स्थानों में लगाया क्यूआर कोड

**चैनपुर।** चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को प्रखंड के जनावल, छिछवानी, रामपुर, बेंदोरा कातिंग, मालमव बरवेनगर के प्रमुख स्थानों पर क्यू आर कोड स्कैनर चिपकाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड पुलिस का एक अलग एप्लीकेशन डेवलप किया गया हैं जो क्यू आर कोड स्कैनर के माध्यम से पुलिस की गतिविधि और उनके गश्ती की सच्चाई को विभाग के वरीय अधिकारी देखेंगे। साथ ही उस क्षेत्र में पुलिस की गतिविधि बढ़ेगी। क्योंकि दिन में कम से कम तीन बार खुद पुलिस पदाधिकारी जो ड्यूटी पर रहेंगे वहां जाकर मोबाइल से स्कैन करना पड़ेगा और क्यूआर कोड के साथ फोटो लेना है। जिससे पुलिस पदाधिकारी के रियल टाइम लोकेशन को मुख्यालय में देखा जायेगा कि वह ड्यूटी क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं या नहीं। क्यूआर कोड स्कैनर सिर्फ पुलिस पदाधिकारी ही करेंगे। इस स्कैनर में दूसरे किसी ग्रामीण का मोबाइल से स्कैन नहीं होगा। इससे पुलिस के कार्यों में पारदर्शिता आयेगी। मौके पर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह एस आइ आलोक कुमार सहित थाने के जवान मौजूद थे।

## जितेंद्र बने प्रेस एसोसिएशन के अध्यक्ष

**गुमला।** जिला प्रेस एसोसिएशन गुमला की बैठक सोमवार को सूचना भवन स्थित पत्रकार सुविधा केंद्र में हुई। बैठक में नये सत्र के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जितेंद्र सिंह को अध्यक्ष, अश्वनी कुमार दास को कार्यकारी अध्यक्ष, दुर्जय पासवान को महासचिव, सुशील कुमार, किशोर जायसवाल व नरेश जायसवाल को उपाध्यक्ष, मुकेश सोनी व मो .आरिफ हुसैन को सह सचिव, दीपक राम को कोषाध्यक्ष व गुड्डू चौरसिया को उप कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं उपेश कुमार पांडेय, अमरनाथ कश्यप व अजय शर्मा को संरक्षक बनाया गया। निर्मल सिंह को जिला प्रवक्ता बनाया गया। जबकि गौतम कुमार को गुमला अनुमंडल, बजरंग गुप्ता को चैनपुर अनुमंडल व हिमांशु कुमार को बसिया अनुमंडल का उपाध्यक्ष बनाया गया। बैठक में जिला प्रेस एसोसिएशन को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के लिए सदस्यों से साल में एक बार एक हजार रूपये जमा करने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन कराने, बैंक में खाता खोलने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गयी।

## साकेत सिंह का शानदार शतक, पश्चिमी सिंहभूम ने गिरिडीह को हराया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में कोडरमा में खेले जा रहे अंतर जिला अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता के सुपर डिवीजन मुकाबले में सोमवार को पश्चिमी सिंहभूम ने साकेत कुमार सिंह के शानदार शतकीय पारी एवं ऋतिक सेठ की घातक गेंदबाजी की बदौलत गिरिडीह को एकतरफा मुकाबले में 199 रनों से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। इससे पूर्व कल पश्चिमी सिंहभूम एवं धनबाद के बीच खेला जाने वाला पहला सुपर डिवीजन मैच परसों हुई भारी बारिश के कारण नहीं हो सका और प्रतियोगिता के नियमानुसार दोनों टीमों को बराबर अंक बांट दिए गए। आज की जीत के साथ पश्चिमी सिंहभूम के कुल 6 अंक हो गए हैं। मंगलवार को सुपर डिवीजन के अंतिम मैच में धनबाद का मुकाबला गिरिडीह से होगा। गिरिडीह की टीम अगर धनबाद को पराजित कर देती है तो पश्चिमी सिंहभूम का फाईनल में खेलना पक्का हो जाएगा वहीं अगर धनबाद की टीम जीतती है तो पश्चिमी सिंहभूम एवं धनबाद के बराबर अंक हो जाएंगे और फाईनल में खेलने का फैसला नेट रन रेट के आधार पर तय होगा। कोडरमा के चंदवारा स्थित पुलिस लाईन ग्राउंड में खेले गए आज के मैच में टॉस गिरिडीह के कप्तान ने जीता तथा पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया।

उनका यह निर्णय बिल्कुल गलत साबित हुआ जब पश्चिमी सिंहभूम के दोनों उद्घाटक बल्लेबाज साकेत कुमार सिंह एवं आमर्त्य चौधरी ने पहले विकेट के लिए 208 रनों की रिकार्ड साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। पश्चिमी सिंहभूम की टीम ने निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट खोकर 265 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सबसे अच्छी बल्लेबाजी कुमार सिंह ने की जिसने 102 गेंदों का सामना करते हुए ग्यारह चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 108 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में आमर्त्य चौधरी ने भी ग्यारह चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 88 रन, विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक कृष्णा ने 19 रन, ललित सिंह भोज ने 17 नाबाद एवं पियूष त्यागी ने 13 नाबाद रनों का योगदान दिया। गिरिडीह की ओर से सत्यम कुमार ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए। महेंद्र मंडल एवं फुरकान अंसारी को एक-एक विकेट मिला।

जीत के लिए निर्धारित 40 ओवर में 266 रनों के पहाड़ सा स्कोर का पीछा करने उतरी गिरिडीह की पूरी टीम ह्रितिक सेठ की गेंदबाजी के आगे 19.5 ओवर में मात्र 66 रन पर ढेर हो गई। ह्रितिक सेठ ने मात्र 21 रन देकर छह बल्लेबाजों को पैवेलियन की राह दिखाई। अर्चित अगस्तिन कुजूर ने दो तथा अनिस कुमार दास ने एक विकेट अपने नाम किए। मैच समाप्ति के बाद पश्चिमी सिंहभूम के साकेत कुमार सिंह को उसके शानदार शतकीय पारी के लिए मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार मैच पर्यवेक्षक शशि भूषण चौबे ने प्रदान की।




## पंचायती राज व्यवस्था को साकार करने के लिए धरातल को करें मजबूत: सत्यभामा

**गुमला।** गुमला सदर प्रखंड के खोरा पंचायत में सोमवार को सेवानिवृत शिक्षक मनमोहन सिंह के नेतृत्व में पंचायती राज दिवस मनाया गया। मौके पर संविधान में मिले अधिकारों की जानकारी उपस्थित लोगों को दी गई। वार्ड सदस्य सत्यभामा देवी ने कहा कि पंचायती राज्स व्यवस्था से ही गांवों की तकदीर व तस्वीर बदलेगी। महात्मा गांधी का पंचायती राज व्यवस्था को साकार करने के लिए इसे धरातल से मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत के लोगों को संविधान में मिले अधिकारों को जानना होगा और अपने हक व अधिकार को लेकर जागरूक होना पड़ेगा।




# बल्लेबाजों के फ्लॉप शो के बाद दिल्ली के गेंदबाजों का पलटवार, 144 रन को डिफेंड कर हैदराबाद को हराया



मैन ऑफ द मैच
अक्षर पटेल

## गेंदबाजों ने दिलाई दिल्ली को जीत हैदराबाद को सात विकेट से हराया

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आइपीएल 2023 में लगातार पांच मैच में मिली हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने दमदार वापसी की है। लीग के 34वें मैच में दिल्ली कैपिल्स ने अपने दमदार गेंदबाजी से सनराइजर्स हैदराबाद को उसके घर में 7 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की है। इस मैच में दिल्ली के कप्तान डेविड वॉर्नर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में सिर्फ 144 रन का ही स्कोर खड़ा पाई थी। इसके जवाब में सनराइजर्स की टीम 20 ओवरों के खेल में 6 विकेट गंवाकर सिर्फ 137 रन ही बना सकी। दिल्ली के लिए मैच में फ्लॉप बल्लेबाजी के बाद एनरिक नॉर्खिया और अक्सर पटेल ने दमदार गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। इन दोनों ने टीम के लिए दो-दो विकेट हासिल किए। नॉर्खिया ने अपने चार ओवर के स्पेल में 33 रन खर्च किए जबकि अक्सर पटेल ने 21 दिए थे। इसके अलावा इशांत शर्मा और अक्सर पटेल के खाते में भी एक-एक विकेट आया। मैच में दिल्ली कैपिटल्स की बल्लेबाजी बहुत निराशाजनक रही। पहले बैटिंग करते हुए टीम ने सनराइजर्स हैदराबाद के सामने 145 रनों का लक्ष्य रखा था। अपने घर में दिल्ली के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करने उतरी सनराइजर्स के लिए हैरी ब्रूक और मयंक अग्रवाल ने पारी की शुरूआत की। हालांकि ब्रूक एक बार फिर से अपना कमाल नहीं दिखा सके। वहीं मयंक अग्रवाल ने टीम के लिए जरूर कुछ आकर्षक शॉट लगाया। मयंक सनराइजर्स के लिए 39 गेंद पर 49 रन बनाकर आउट हुए। अपनी इस पारी में उन्होंने 7 चौके भी लगाए। मयंक अग्रवाल के आउट होने के बाद दिल्ली के गेंदबाजों को वापसी का मौका मिल गया। इसके बाद राहुल त्रिपाठी (15), अभिषेक शर्माल ।(5) और मार्करम (3) सस्ते में निपट गए। इस बीच हेनरी क्लासेन और सुंदर ने जरूर सनराइजर्स के लिए एक उम्मीद जगाई थी लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने भी अपना जोर लगाए रखा। क्लासेन बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में एनरिक नॉर्खिया की गेंद पर लपके गए जबकि सुंदर टीम के लिए 15 गेंद में 24 रन बनाकर नाबाद रहे।



## हॉकी इंडिया के साथ समझौते का विस्तार किया

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम (सीनियर और जूनियर) के प्रायोजन समझौते को 10 वर्षों तक बढ़ा दिया है। राज्य सरकार के खेल विभाग से सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, ओडिशा सरकार 2033 तक भारतीय टीमों को प्रायोजित करेगी। इस समझौते के तहत ओडिशा सरकार अगले 10 वर्षों में भारतीय टीमों पर कुल 434 .12 करोड़ का व्यय करेगा।

## खेलो इंडिया गेम की मेजबानी पंजाब को दी जाये : हेयर

**इंफाल/चंडीगढ़।** पंजाब के खेल और युवा सेवाओं संबंधी मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने इंफाल में केंद्रीय खेल मंत्रालय द्वारा राज्यों के खेल मंत्रियों की करवाई जा रही राष्ट्रीय कान्फ्रेंस (चिंतन कैंप) में बोलते हुये राष्ट्रीय खेलों/खेलो इंडिया गेमज की मेजबानी पंजाब को देने की मांग रखी। इस सैशन की अध्यक्षता केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने की। श्री हेयर ने कहा कि पंजाब ने 2001 में राष्ट्रीय खेलों के बाद कोई भी राष्ट्रीय खेल या खेलो इंडिया गेमज की मेजबानी नहीं की। उन्होंने कहा कि किसी समय पर पंजाब खेल में देश का नंबर एक राज्य था और धीरे-धीरे पिछड़ता गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब को फिर खेल में अग्रणी बनाने के लिए प्रयास कर रही है। यदि पंजाब को राष्ट्रीय स्तर का बड़ा खेल मुकाबला करवाने का मौका मिले तो राज्य में खेल संस्कृति पैदा करने की कोशिशों को और बल मिलेगा।

## खेल मंत्रालय ने कुश्ती महासंघ के चुनाव रद्द किये

**नयी दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय ने सात मई को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव सोमवार को रद्द कर दिये। मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया, 45 दिनों के भीतर डब्लूएफआई के चुनाव कराने के लिये आईओए की एक अस्थायी समिति का गठन किया जाये। इस पत्र में कुश्ती महासंघ पर लगे आरोपों की जांच के लिये गठित निगरानी समिति की रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया। निगरानी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएफआई की कोई आंतरिक शिकायत समिति नहीं थी। साथ ही शिकायत निवारण, डब्ल्यूएफआई और खिलाड़ियों के बीच पारदर्शिता, प्रभावी संचार और परामर्श के लिये भी कोई उचित व्यवस्था मौजूद नहीं थी। खेल मंत्रालय ने पहलवानों के विरोध की सनद लेते हुए महासंघ की बागडोर निगरानी समिति को सौंप दी थी और जांच के आदेश भी दिये थे। निगरानी समिति ने खेल मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट जमा कर दी है, हालांकि पहलवानों का कहना है कि उनकी समस्याओं का निवारण नहीं किया गया है।

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 7 | 5 | 2 | 10 | +0.662 |
| राजस्थान | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.844 |
| लखनऊ | 7 | 4 | 3 | 8 | +0.547 |
| गुजरात | 6 | 4 | 2 | 8 | +0.212 |
| बेंगलुरु | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.008 |
| पंजाब | 7 | 4 | 3 | 8 | -0.162 |
| मुंबई | 6 | 3 | 3 | 6 | -0.254 |
| कोलकाता | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.186 |
| हैदराबाद | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.725 |
| दिल्ली | 7 | 2 | 5 | 4 | -0.961 |

**पर्पल कैप**



मोहम्मद सिराज
बेंगलुरु
विकेट: 13

**ऑरेंज कैप**



डु प्लेसिस
बेंगलुरु
रन: 405

## गुजरात के खिलाफ मुंबई को सुलझानी होगी डेथ ओवरों की गुत्थी

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** लगातार तीन मैचों में जीत के बाद पिछले मैच में पंजाब किंग्स से हार का सामना करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम को आइपीएल में मंगलवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ यहां होने वाले मैच में अगर फिर से जीत की राह पर लौटना है तो उसे डेथ ओवरों की गेंदबाजी में सुधार करना होगा। मुंबई ने खराब शुरूआत के बाद जीत की हैट्रिक बनाई थी लेकिन शनिवार को पिछले मैच में उसे पंजाब से 13 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में मुंबई के गेंदबाजों ने अंतिम पांच ओवर में 96 रन दिए जिससे पंजाब आठ विकेट पर 214 रन बनाने में सफल रहा। गुजरात के खिलाफ मुकाबले से पहले मुंबई को अंतिम ओवरों की खराब गेंदबाजी से निपटना होगा। मुंबई के तेज गेंदबाजों अर्जुन तेंदुलकर, जेसन बेहरेनडॉर्फ, कैमरन ग्रीन और जोफ्रा आर्चर में से प्रत्येक ने उस मैच में 40 से अधिक रन लुटाए थे। अनुभवी स्पिनर पीयूष चावला और उनके युवा साथी ऋतिक शौकीन ने हालांकि अच्छी गेंदबाजी की थी। मुंबई की बल्लेबाजी हालांकि मजबूत नजर आती है। कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने जहां टीम को अच्छी शुरूआत दी है वहीं सूर्यकुमार यादव का फॉर्म में लौटना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। इनके अलावा ऑलराउंडर ग्रीन और टिम डेविड ने भी बल्लेबाजी में उपयोगी योगदान दिया है। गुजरात का गेंदबाजी आक्रमण हालांकि मजबूत है और ऐसे में मुंबई के बल्लेबाजों के लिए काम आसान नहीं होगा। गुजरात के गेंदबाजों की इस सत्र में स्कोर का बचाव नहीं करने के लिए आलोचना हो रही थी लेकिन लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ उन्होंने डेथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके अपने कम स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया था। गुजरात की इस जीत के नायक अनुभवी मोहित शर्मा रहे जिन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी ने चुना गया। इस मैच में लखनऊ ने 136 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 14 ओवर में एक विकेट पर 105 रन बनाए थे लेकिन मोहित की शानदार गेंदबाजी से गुजरात यह मैच जीतने में सफल रहा। मोहित ने अंतिम ओवर में 12 रन का सफलतापूर्वक बचाव किया।

### दोनों टीम इस प्रकार हैं

**गुजरात टाइटंस :** रिद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल, साई सुदर्शन, हार्दिक पांड्या (कप्तान), विजय शंकर, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, मोहित शर्मा ।

**मुंबई इंडियंस :** रोहित शर्मा (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), कैमरन ग्रीन, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, टिम डेविड, अर्जुन तेंदुलकर, ऋतिक शौकीन, जोफ्रा आर्चर, पीयूष चावला, रिले मेरेडिथ।

**समय : शाम 7:30 बजे से।**

## मिताली राज ने रहाणे को बताया 'ब्रांड न्यू'

**कोलकाता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर और कप्तान मिताली राज का मानना है कि चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने टी20 प्रारूप के लिये अपने खेल में बदलाव किया है और यह उनका 'ब्रांड न्यू' रूप है। मिताली ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम पर रविवार को कहा, रहाणे ने अपने खेल को नया रूप दिया है। वह टी20 प्रारूप में ढलना चाहते थे इसलिये उन्होंने अपने खेल में बदलाव किया है। उनके शॉट नहीं बदले हैं, लेकिन रवैये में काफी बदलाव आया है। यह ब्रांड न्यू रहाणे लगते हैं।

## तेंदुलकर-लारा के नाम पर गेट्स का अनावरण

**सिडनी।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) ने सोमवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के 50वें जन्मदिन पर दो गेटों का अनावरण किया, जिनका नाम तेंदुलकर और वेस्ट इंडीज के दिग्गज क्रिकेटर ब्रायन लारा के नाम पर रखा गया है। इसके साथ ये दोनों खिलाड़ी डॉन ब्रैडमैन, एलान डेविडसन और आर्थर मॉरिस जैसे दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों की सूची में शामिल हो गये हैं।

## मैं पत्नी और बेटे के साथ होता तो अच्छा होता : मलिक

**नयी दिल्ली।** पिछले कुछ महीनों से पूर्व भारतीय स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा और पाकिस्तान के ऑलराउंडर शोएब मलिक के रिश्तों के खराब होने की खबर सामने आई थी। माना जा रहा था कि दोनों एक-दूसरे से अलग हो जाएंगे। लेकिन इन सब सवालों का जवाब अब शोएब ने दे दिया है।

## एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी के लिए भारत आयेगी पाकिस्तान-चीन की हॉकी टीम

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** तमिलनाडु के चेन्नई शहर में तीन से 12 अगस्त के बीच होने वाले सातवें एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी हॉकी टूनामेंट में पाकिस्तान और चीन भी भाग लेंगे। तमिलनाडु हॉकी यूनिट (एचयूटीएन) के अध्यक्ष जे. शेखर मनोहरन ने इसकी पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि चूंकि मीडिया ने 2 टीमों (चीन और पाकिस्तान) की भागीदारी पर संदेह व्यक्त किया था, इसलिए हम अब खुशी से सूचित करते हैं कि पाकिस्तान और चीन भी इस टूनार्मेंट में भाग लेंगे और उन्होंने इस बात की पुष्टि की है। मनोहरन ने कहा कि एचयूटीएन ने अभ्यास मैदान के लिये स्थल चुन लिया है। अभ्यास मैदान एसडीएटी-मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम के प्रवेश द्वार के ठीक बगल का एक टेनिस कोर्ट होगा। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के अंदर 4 टेनिस कोर्ट का बड़े पैमाने पर उपयोग नहीं किया गया था इसलिए हम अभ्यास करने के लिए मैदान को बदलकर खुश हैं। हम मई में काम शुरू करने की उम्मीद कर रहे हैं। चेन्नई एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी की मेजबानी करने वाला पहला भारतीय शहर होगा। हाल के दिनों में भारत में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के लिए ओडिशा पहली पसंद रहा है। ओडिशा ने 2018 और 2023 में पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी के अलावा एफआईएच प्रो लीग का आयोजन भी किया है। एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, चीन और पाकिस्तान सहित 6 एशियाई देश इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे।



## बृजभूषण पर प्राथमिकी के लेकर पहलवानों ने खटखटाया कोर्ट का दरवाजा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रदर्शनकारी पहलवानों ने सोमवार को धमकी दी कि अगर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो वे उच्चतम न्यायालय की शरण में जाएंगे और इसके साथ ही उन्होंने खाप पंचायतों और कई अन्य संगठनों से समर्थन करने की अपील भी की। खेल मंत्रालय ने जिस दिन डब्ल्यूएफआई के सात मई को होने वाले चुनाव पर रोक लगाने और महासंघ के दैनिक कामकाज देखने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से तदर्थ समिति गठित करने के लिए कहा उसी दिन प्रदर्शनकारी पहलवानों ने कहा कि उनका चुनाव से कोई लेना देना नहीं है और वह सिंह के खिलाफ महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की उचित जांच की मांग के लिए दबाव बनाना जारी रखेंगे। ओलंपियन विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक की अगुवाई वाले पहलवानों ने स्वीकार किया कि तीन महीने पहले अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त करके उन्होंने गलती की थी। विनेश ने कहा, अब हम किसी की नहीं सुनेंगे। हम विरोध का चेहरा बनेंगे लेकिन अब हमारे गुरुजन और कोच खलीफा हमारा मार्ग निर्देशन करेंगे। पिछली बार प्रदर्शन समाप्त करना गलती थी। अब हम किसी मध्यस्थ को स्वीकार नहीं करेंगे। अब हम किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। उन्होंने कहा, हम सभी चाहते हैं कि पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करे और इस मामले की जांच करे। हम स्वतंत्र भारत के नागरिक हैं और न्याय पाने के कई रास्ते हैं। क्या हमें कहीं से भी न्याय नहीं मिलेगा। पहलवानों ने दावा किया कि वे डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कनॉट प्लेस पुलिस स्टेशन गए थे लेकिन पुलिस ने उनके आवेदन पर विचार करने से इंकार कर दिया। इस बीच बजरंग ने कहा कि वह चाहते हैं खाप और अन्य संगठन उनके विरोध प्रदर्शन का समर्थन करें। उन्होंने कहा,ह्यह्य पिछली बार हम प्रदर्शन को गैर राजनीतिक रखना चाहते थे लेकिन अब हम किसान संगठनों, महिला संगठनों और खाप का समर्थन चाहते हैं।



पिछली बार जनवरी में जब पहलवानों ने विरोध प्रदर्शन किया था तब पूर्व पहलवान और भाजपा नेता बबीता फोगाट ने सरकार और पहलवानों के बीच मध्यस्थता की थी। लेकिन अब लगता है कि पहलवान बबीता के तरीके से खुश नहीं हैं जो अब सरकार के निगरानी पैनल का भी हिस्सा है। विनेश ने अपनी चचेरी बहन पर कटाक्ष करते हुए कहा हो सकता है कि वह अब

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

कुश्ती से ज्यादा राजनीति से प्यार करती हो। साक्षी ने कहा कि उनकी कानूनी टीम उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, हम उच्चतम न्यायालय जाएंगे। अगर हमने गलत आरोप लगाए हैं तो फिर हमारे खिलाफ जवाबी प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। पहलवानों से पूछा गया कि क्या वे पीड़ितों की पहचान उजागर करेंगे, तो विनेश ने कहा, निगरानी समिति का रवैया शुरू से हमारे प्रति पक्षपात पूर्ण रहा। केवल उच्चतम न्यायालय को ही पीड़ितों की पहचान का पता चलेगा बृजभूषण को नहीं। विनेश ने कहा कि बृजभूषण को भाजपा सांसद होने का फायदा मिल रहा है जिसकी अभी केंद्र में सरकार है। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर इससे मदद मिलती है। हम नहीं जानते कि सरकार (पार्टी सांसद के) दबाव में है। बजरंग ने कहा, आपको सरकार से पूछना चाहिए कि वह चुप क्यों है। जब हम देश के लिए पदक जीतते हैं तो हमें सम्मानित किया जाता है और अब हम अपनी मांगों को लेकर सड़क पर हैं तो किसी को कोई चिंता नहीं है। सरकार ने डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ यौन उत्पीड़न और डराने धमकाने के मामले की जांच के लिए 23 जनवरी को छह सदस्यीय समिति गठित की थी। समिति ने पांच अप्रैल को अपनी जांच रिपोर्ट सौंप दी थी लेकिन सरकार ने अभी तक इसे सार्वजनिक नहीं किया है।

## पेज 1 का शेष

### इडी ने पूछा क्या आप आरोपियों...

**13 को छवि रंजन के ठिकानों पर छापेमारी :** गौरतलब हो कि 13 अप्रैल को इस मामले को लेकर ईडी ने रांची के पूर्व डीसी और आईएएस छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के सीओ मनोज कुमार समेत कई राजस्व कर्मचारियों और जमीन माफियाओं के ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान इडी को भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े दस्तावेज मिले थे। जिसमें खरीद-बिक्री में अनियमितता और अरबों की मनी लाउंड्रिंग के सबूत ईडी को मिले हैं। इन्हीं सब मामलों में छवि रंजन से पूछताछ हुई। इडी ने आइएएस छवि रंजन को पहला समन 17 को समन कर 21 अप्रैल को ईडी जोनल ऑफिस पहुंचने को कहा था। वे नहीं पहुंचे। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से दो हफ्ते का समय मांगा। इस पर ईडी ने उसी दिन दोबारा समन जारी कर शाम चार बजे तक ऑफिस आने को कहा था। इसके बाद भी वे हाजिर नहीं हुए, फिर इडी ने तीसरा समन जारी कर 24 अप्रैल को दफ्तर पहुंचने को कहा था।

### प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड...

इसपर बीसीसीएल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कोलियरी के क्षेत्र में कोयला खनन को लेकर ड्राई ड्रिलिंग की बजाय वेट ड्रिलिंग का सहारा लिया जा रहा है। जिससे धूल न उठे। कोयला के परिवहन के दौरान ट्रकों को ढका जाता है ताकि कम से कम प्रदूषण हो। याचिका में कहा गया है कि आज भी धनबाद का एयर क्वालिटी इंडेक्स देखा जाए तो यह स्वास्थ्य पर बुरा असर देने वाला और अत्यधिक प्रदूषित ही दिखता है। बीसीसीएल और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य सरकार द्वारा कहा जा रहा है कि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर आवश्यक कदम उठाया जा रहा है। लेकिन इनके द्वारा प्रदूषण कंट्रोल का जो दावा किया जा रहा है वह सही प्रतीत नहीं होता है। इनके पास कोई डाटा भी नहीं है जो यह बता सके कि धनबाद में प्रदूषण के स्तर में कमी आई है। प्रदूषण के रोकथाम में किसी प्रकार का सकारात्मक असर धनबाद में नहीं दिख रहा है। बता दें कि प्रार्थी की ओर से जनहित याचिका दायर कर धनबाद में प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने का आग्रह किया गया था।

### हमारा देश अब...

मोदी ने कहा कि एक जमाने में भारत फ्रेजाइल फाइव (पांच कमजोर) देशों में से एक था। हालांकि आज भारत को सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने यहां युवम 2023' सम्मेलन में कहा, यह युवाओं की वजह से देश का यह विकास हुआ, इसलिए मुझे अपने देश के युवाओं पर पूरा भरोसा है। उन पर विश्वास है। मंगलवार दोपहर को वह केरल से गुजरात रवाना होंगे। **21वीं सदी हमारी है :** पीएम ने यह उल्लेख करते हुए कि हर कोई अब कह रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी है और देश के पास युवा शक्ति का खजाना है। मोदी ने कहा कि भाजपा और देश के युवाओं की सोच समान है। उन्होंने कहा, हम सुधार लेकर आये और युवा नतीजे लेकर। विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा कि पिछली सरकारें जहां भ्रष्टाचार के लिए जानी जाती थीं, वहीं भाजपा सरकार युवाओं के लिए नये अवसर पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य आत्मनिर्भर समाज बनाना है। मोदी ने कहा कि केंद्र की सरकार युवाओं के हितों को दिमाग में रखकर काम कर रही है। इसका एक उदाहरण देते हुए, उन्होंने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में कांस्टेबल पद के लिए हिंदी और अंग्रेजी के अलावा मलयालम सहित 13 और भाषाओं में परीक्षा आयोजित करने के केंद्र सरकार के हालिया फैसले का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, पहले लोग सोचते थे कि भारत में कुछ नहीं बदलेगा, लेकिन आज हमारा देश पूरी दुनिया को बदल सकता है। मोदी ने कहा, आज का आत्मनिर्भर भारत डिजिटल भारत के बारे में बात करता है।

### भाजपा को जीरो...

**बहुत सकारात्मक चर्चा हुई :** नीतीश-ममता बनर्जी ने कहा, भाजपा पर झूठ और गुंडागर्दी जैसी आपराधिक गतिविधियों का सहारा ले रही है। हम सभी सामूहिक रूप से मिलकर काम करेंगे। यदि विचार, दृष्टि और मिशन स्पष्ट हैं, तो कोई समस्या नहीं होगी। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि तीनों नेताओं के बीच बहुत सकारात्मक चर्चा हुई और वे आने वाले चुनावों से पहले सभी तैयारियां कर लेंगे। उन्होंने जोर दिया कि केंद्र की मौजूदा सरकार के पास अपने प्रचार के अलावा कुछ नहीं है। देश के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है। आगामी आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ अधिक से अधिक विपक्षी दलों को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करने की अपनी योजना को आगे बढ़ाते हुए सुश्री बनर्जी से मुलाकात करने आज यहां पहुंचे। वह अपने मिशन-2024 के तहत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई शीर्ष विपक्षी नेताओं से पहले ही मिल चुके हैं। इससे पहले सपा प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने भी सुश्री बनर्जी से मुलाकात का देश की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की है। इसी क्रम में सुश्री बनर्जी ने कुछ दिन पहले अपने ओडिशा दौरे में बीजू जनता दल प्रमुख एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मुलाकात की थी। उन्होंने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के साथ आने वाले चुनावों में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा संख्या में विपक्षी दलों की एकजुटता सुनिश्चित करने की संभावनाओं को लेकर चर्चा की है।

स्पीड न्यूज

## बेटियां कृषि के क्षेत्रों में बढ़ रही हैं आगे : मुर्मू

**हिसार (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को हरियाणा के हिसार जिले में स्थित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के 25वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्रियां एवं मेडल प्रदान किए। इस दौरान राष्ट्रपति ने कहा कि आज जिन विद्यार्थियों ने डिग्री और मेडल प्राप्त किए हैं, उनमें से आधे से अधिक बेटियां हैं। यही नहीं, गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में भी 70 प्रतिशत से अधिक छात्राएं हैं। यह बहुत ही संतोष का विषय है कि हमारी बेटियां कृषि और संबद्ध विज्ञान सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं।

## बंगाल के आसमान में गरजे भारत-अमेरिका के लड़ाकू विमान

**कोलकाता (हि.स.)।** चीन अपने पड़ोसी ताइवान को घेर कर युद्धाभ्यास कर रहा है तो दूसरी तरफ भारत में पश्चिम बंगाल के कलाईकुंडा एयरबेस पर भारत-अमेरिका का संयुक्त युद्धाभ्यास संपन्न हुआ है। एयरफोर्स के इस सबसे पुराने एयरबेस से जब भारत और अमेरिका के लड़ाकू विमानों ने आसमान में गरजते हुए उड़ान भरी तो नजारा देखने लायक था। वायु सेना कलाइकुंडा के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) एयर कमोडोर रण सिंह ने कोप इंडिया 2023 भारत-अमेरिका संयुक्त युद्धाभ्यास के समापन समारोह में कहा कि इस तरह के अभ्यास दोनों देशों के रणनीतिक और

## ऑस्ट्रेलिया की नयी रक्षा नीति, चीन से दूरी नहीं

**कैनबरा (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को रक्षा सामरिक समीक्षा के रूप में अपनी नयी रक्षा नीति जारी की है। इसमें चीन से दूरी नहीं बनाने के साथ भारत व जापान से जुड़ाव बढ़ाने की बात भी कही गयी है। ऑस्ट्रेलिया ने रक्षा सामरिक समीक्षा का सार्वजनिक संस्करण जारी करते हुए विशेष रूप से हिंद महासागर क्षेत्र में रक्षा सहयोग कार्यक्रम को विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस ने कहा कि हमने यह सुनिश्चित करने के लिए समीक्षा शुरू की है कि ऑस्ट्रेलिया अधिक सुरक्षित रहे।

## भगवान हनुमान की मूर्ति को ऑस्ट्रेलिया से लाया गया वापस

**नई दिल्ली।** विदेशी धरती पर स्वदेशी धरोहरों को वापस लाने के मुहिम के तहत 15वीं शताब्दी की भगवान हनुमान की मूर्ति को ऑस्ट्रेलिया से वापस लाया गया है। अरियालुर जिले के पोट्टावेली वेल्लुर के वरताराजा पेरुमल के विष्णु मंदिर से हनुमान की मूर्ति चोरी हो गई थी। यह उत्तर चोल काल (14वीं-15वीं शताब्दी) से संबंधित है। यह वर्ष 1961 में श्पांडिचेरी के फ्रांसीसी संस्थानश द्वारा प्रलेखित किया गया था। पुरातत्व विभाग के अनुसार मूर्तिकला को कैनबरा में यूएस सीडीए माइकल गोल्डमैन, यूएस दूतावास द्वारा कैनबरा में भारत के उच्चायुक्त को सौंप दिया गया था। मूर्ति को फरवरी,के अंतिम सप्ताह में भारत लाया गया था।

### पंचायती राज दिवस पर प्रतिनिधियों से बोले पीएम मोदी

# पंचायती राज व्यवस्था मजबूत होगी, तभी देश विकसित बनेगा

### जन सेवा से राष्ट्र सेवा ही हम सब का हो लक्ष्य

एजेंसी

**रीवा।** पीएम मोदी ने कहा कि गांव-गरीब का जीवन आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार ने जो योजनाएं बनायी हैं, उन्हें पंचायती राज संस्थाएँ प्रभावी तरीके से जमीन पर उतार रही हैं। श्री मोदी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर देशभर की पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों के साथ-साथ विशेष ग्राम सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के इस कार्यक्रम से देश के 30 लाख से ज्यादा पंचायत प्रतिनिधि जुड़े हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर है। हम सभी जनता के प्रतिनिधि हैं और देश तथा लोकतंत्र के लिए समर्पित हैं। जन सेवा से राष्ट्र सेवा ही हम सब का लक्ष्य है। विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए समर्पित भाव से निरंतर प्रयासरत हैं। मध्य प्रदेश के



राज्यपाल मंगू भाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह की उपस्थिति में रीवा के विशेष सशस्त्र बल मैदान में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस समारोह से श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के 4 लाख 11 हजार हितग्राहियों को वर्चुअल गृह प्रवेश कराया। विकसित भारत के लिए गाँवों की सामाजिक, आर्थिक व्यवस्था में सुधार और पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करना आवश्यक है। हमारी सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। देश में वर्ष 2014 के पहले पंचायतों के लिए मात्र 70 हजार करोड़ रुपए का वित्त आयोग का अनुदान था, जो हमारी सरकार के दौरान 2 लाख करोड़ से अधिक का हुआ है। पंचायतों को सुदृढ़ करने की दिशा में पिछले 8 साल में 30 हजार से अधिक पंचायत भवनों का निर्माण किया गया है। पंचायतों तक ऑप्टिकल फायबर की कनेक्टिविटी का विस्तार करते हुए 2 लाख से अधिक गाँवों में ऑप्टिकल फायबर का जाल बिछाया गया है। स्वतंत्रता के पहले से देश में व्यवस्था का आधार रही पंचायती राज संस्थाओं पर पिछली सरकारों ने भरोसा नहीं किया। पंचायतों के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। हमारी सरकार ने वर्ष 2014 के बाद पंचायतों के सशक्तिकरण का बीड़ा उठाया और आज परिणाम सामने हैं। पंचायतें देश के विकास की प्राण-वायु बन कर उभरी हैं। उन्होंने कहा कि धरती हमारी माँ है और माँ को मारने का हक किसी को नहीं है। खेती में बढ़ते रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों के उपयोग ने धरती के लिए संकटपूर्ण स्थिति निर्मित कर दी है। सभी पंचायत प्रतिनिधियों को धरती की सेहत सुधारने के लिए कृत-संकल्पित होना होगा। हम प्राकृतिक खेती अपना कर और लोगों को यह पद्धति अपनाने के लिए प्रेरित कर अपना योगदान दे सकते हैं। पंचायतें प्राकृतिक खेती पर केन्द्रित जन-जागरण अभियान चलाएँ। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मन की बात के 100 एपिसोड पूर्ण होने के संबंध में कहा कि मध्यप्रदेश के अनेक लोगों की उपलब्धियों का उल्लेख मन की बात में आया है। उन्होंने आगामी रविवार को मन की बात के 100वें एपिसोड से अधिक से अधिक लोगों को जुड़ने की अपील की। केन्द्रीय पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के कार्यक्रम में पधार कर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी गाँव, गरीब और किसान से निकट से जुड़े हैं। उन्होंने पंचायती राज और ग्रामीण विकास की बेहतरी के लिए निरंतर प्रेरणा दी है।



**उत्तराखंड: केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले अंतिम तैयारियां जारी हैं। मंदिर को सजाने में 20 क्विंटल फूलों का इस्तेमाल किया गया है।**

## शहाबुद्दीन बने बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति


**ढाका (हि.स.)।** पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन बांग्लादेश के 22वें राष्ट्रपति बने हैं। बंग भवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में सोमवार को उन्हें स्पीकर ने राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई। इस दौरान प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों के अलावा, राजनेता, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश और सैन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। पूर्व न्यायाधीश मोहम्मद शहाबुद्दीन को बांग्लादेश का नया राष्ट्रपति फरवरी में चुन लिया गया था। 74 वर्षीय शहाबुद्दीन निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। संसद में पूर्ण बहुमत रखने वाली अवामी लीग पार्टी ने शहाबुद्दीन को शीर्ष पद के लिए नामित किया था। संसद में विपक्षी पार्टी ने देश के सर्वोच्च पद के लिए किसी को नामित नहीं किया था, ऐसे में शहाबुद्दीन के निर्विरोध चयन का रास्ता साफ हो गया था। इसके बाद बांग्लादेश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त काजी हबीबुल अवल ने फरवरी में जमा किए गए उनके नामांकन पत्र की जांच के बाद शहाबुद्दीन के निर्विरोध राष्ट्रपति चुने जाने की घोषणा की थी।



मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने नए राष्ट्रपति की नियुक्ति को लेकर गजट भी जारी कर दिया था। निवर्तमान राष्ट्रपति मोहम्मद अब्दुल हामिद का कार्यकाल रविवार को समाप्त हो गया था। इसके बाद सोमवार को स्पीकर शिरीन शर्मिन चौधरी ने मोहम्मद शहाबुद्दीन को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के बाद शहाबुद्दीन ने राष्ट्रपति पद के शपथ दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए।

## भारत- चीन सैन्य कमांडरों की बातचीत का ठोस नतीजा नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन के साथ पिछले तीन वर्षों से चले आ रहे सैन्य गतिरोध के समाधान के लिए दोनों देशों की सेनाओं के कोर कमांडरों की रविवार को बैठक हुई जिसमें दोनों ने बाकी बचे विवादास्पद मुद्दों का बातचीत के जरिये शीघ्र समाधान करने पर एक बार फिर सहमत व्यक्त की। दोनों पक्षों के बीच ताजा दौर की बातचीत में कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। बातचीत के बाद जारी वक्तव्य में कहा गया है कि चीन सीमा में चुशूल मोल्दो क्षेत्र में रविवार को दोनों पक्षों के सैन्य कमांडरों के बीच पश्चिमी सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा से लगते क्षेत्रों से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए विस्तार से बातचीत हुई। उन्होंने माना कि इन मुद्दों के समाधान से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और मैत्री का माहौल बनेगा जिससे द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति आयेगी। सैन्य कमांडरों ने गत मार्च में विदेश मंत्रियों की बातचीत के आधार और मार्गदर्शन को ध्यान में रखते हुए खुलकर विचारों का आदान प्रदान किया। दोनों पक्षों ने पश्चिमी सेक्टर में जमीन पर सुरक्षा और स्थिरता बनाये रखने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने बाकी बचे मुद्दों के शीघ्र और परस्पर स्वीकार्य समाधान के लिए सैन्य तथा राजनयिक माध्यमों से बातचीत जारी रखने पर भी सहमति व्यक्त की।

## कर्नाटक चुनाव मोदी के विकास की राजनीति बनाम कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में: शाह

एजेंसी

**गुंडलुपेट (कर्नाटक)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि कर्नाटक में 10 मई को होने वाला विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास की राजनीति बनाम कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा कर्नाटक में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी और एक बार फिर भारत के दक्षिण में पार्टी के प्रवेश को मजबूत करेगी। अमित शाह ने कहा, 'कांग्रेस आज भी तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। कांग्रेस द्वारा मुसलमानों को दिया गया चार प्रतिशत आरक्षण भाजपा ने समाप्त कर दिया है और उसने लिंगायत, वोक्कालिगा, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षण बढ़ा दिया है। चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट में



एक विशाल रोड शो करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व भाजपा प्रमुख ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा था कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो वे एक बार फिर मुसलमानों के लिए आरक्षण लाएंगे। शाह ने लोगों से पूछा क्या वे मुस्लिम आरक्षण वापस चाहते हैं? साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार से पूछना चाहता हूं, आप एक बार फिर मुस्लिम आरक्षण लाने के बारे में बोल रहे हैं, लेकिन आप किसका हिस्सा कम कम करेंगे? कर्नाटक के लोगों को जवाब दें, क्या आप वोक्कालिगा या लिंगायत या एससी/एसटी के आरक्षण को कम करेंगे? पार्टी के प्रमुख चुनावी रणनीतिकारों और प्रचारकों में से एक शाह ने कहा, 'यह चुनाव मोदी की विकास की राजनीति बनाम कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति के बारे में है।' कर्नाटक में चुनाव की घोषणा से ठीक पहले मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई के नेतृत्व में राज्य मंत्रिमंडल ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटा के तहत मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को खत्म करने और इसे प्रमुख वोक्कालिगा और लिंगायत समुदायों के बीच समान रूप से वितरित करने का फैसला किया था। कर्नाटक में भाजपा के पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने और दक्षिण भारत में पार्टी के प्रवेश को एक बार फिर मजबूत करने का विश्वास जताते हुए शाह ने कहा, 'मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनेगी।

## पाकिस्तानी लेखक तारेक फतह का निधन

### 73 साल की उम्र में उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली तारेक फतह को उनकी बेटी ने भारत का बेटा बताया



एजेंसी

**ओटावा।** मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार और लेखक तारेक फतह का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें कैंसर हो गया था और लंबे समय से बीमार थे। उनकी बेटी नताशा फतह ने उनके निधन की पुष्टि की है। इससे पहले शुक्रवार को उनके निधन की अफवाह सामने आई थी, जिसके बाद लोगों ने श्रद्धांजलि देना शुरू कर दिया था। देखते ही देखते ट्विटर पर तारेक फतह ट्रेंड करने लगा था। तारेक फतह से सीधे तौर पर जुड़े लोगों ने इसका खंडन किया था। हालांकि इस बार उनके निधन की पुष्टि सीधे तौर पर उनकी बेटी ने की है। तारेक फतह की बेटी ने अपने पिता के निधन पर ट्वीट किया, 'पंजाब का शेर। भारत का बेटा। कनाडा का प्रेमी। सच बोलने वाला। न्याय के लिए लड़ने वाला। शोषितों और वंचितों की आवाज तारेक फतह ने अपनी मुहिम आगे बढ़ा दी है। उनकी क्रांति उन सभी के साथ जारी रहेगी जो उन्हें जानते और प्यार करते थे। क्या आप इसमें जुड़ेंगे पाकिस्तानी पत्रकार आरजू काजमी ने भी उन्हें श्रद्धांजलि दी है। तारेक फतह का जन्म 20 नवंबर 1949 में पाकिस्तान के कराची में हुआ था। 1987 में वह कनाडा चले गए। उन्हें अपनी रिपोर्टिंग के लिए कई तरह के पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

## सूडान से भारतीयों को निकालने का अभियान शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने सूडान में गृह युद्ध के बीच वहां रहने वाले प्रवासी भारतीयों को आपात स्थिति में सुरक्षित निकालने के लिए सोमवार को ऑपरेशन कावेरी शुरू कर दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सूडान में फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए आपरेशन कावेरी शुरू हो चुका है और करीब 500 भारतीय पोर्ट सूडान में पहुंच गए हैं और अनेक अन्य रास्ते में हैं। हमारे नौसैनिक पोत और विमान उन्हें वापस लाने के लिए तैयार हैं। डॉ. जयशंकर ने कहा कि भारत सूडान



के हमारे भाइयों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। सूडान में बीते शुक्रवार से हिंसक घटनाएं शुरू हुई हैं। भीषण हिंसा के बाद सूडान की वायु सीमा बंद कर दी गई। सूत्रों के अनुसार खार्तूम में भारतीय दूतावास पर हमले के बाद भारतीय अधिकारी बाहर से चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। प्रवासी भारतीयों को परामर्श जारी किया गया है और दूतावास उनके संपर्क में हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूडान की स्थिति और भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की। इसके बाद भारतीय वायु सेना के दो सी 130 जे सुपर हर्क्यूलस विमानों को सऊदी अरब के जेद्दा में तैनात किया गया और नौसैनिक पोत आईएनएस सुमेधा को लाल सागर में स्थित पोर्ट सूडान बंदरगाह पर भेज दिया गया।

## छत्तीसगढ़ में गुड्डू मुस्लिम के छिपे होने के मिल रहे सुराग

एजेंसी

**महासमुंद/ रायपुर/भुवनेश्वर।** प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद से यूपी पुलिस लगातार हरकत में है. इस मर्डर कांड में नाम आने के बाद से ही गुड्डू मुस्लिम पुलिस की हिटलिस्ट में है। कर्नाटक से लेकर बिहार, बंगाल तक उसके ठिकानों की तलाश की जा रही है। खबरों के मुताबिक यूपी एसटीएफ, ओडिशा के बरगढ़ पहुंची और राजा खान नाम के एक व्यक्ति से पूछताछ की है। ओडिशा उत्तरी रेंज के आईजी दीपक कुमार ने एसटीएफ टीम के आने और एक व्यक्ति से पूछताछ होने की पुष्टि सोमवार को की है, लेकिन किसी गिरफ्तारी से इनकार किया है। राजा खान छत्तीसगढ़ के महासमुंद का रहने वाला है।

जिस पर जिले में आर्म्स और एनडीपीएस एक्ट के तहत 3 मुकदमें दर्ज हैं। इसकी पुष्टि करते हुए महासमुंद एसपी धर्मेंद्र सिंह ने, राज खान के तकरीबन 6 साल से ओडिशा के बरगढ़ में रहने की बात कही। यूपी एसटीएफ की 5 सदस्यीय टीम 18 अप्रैल को ओडिशा के बरगढ़ पहुंची थी और दो दिनों तक वहां थी।




# अपने बोल्ड लुक की वजह से ट्रोल हुईं नेहा शर्मा

बॉलीवुड एक्ट्रेसेस और उनका फैशन हमेशा चर्चा का विषय रहता है। इस वक्त बॉलीवुड में हो रहे अलग-अलग इवेंट्स और कई सिने स्टार्स के पहने हुए कपड़ों को लेकर काफी चर्चा हो रही है। बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा को हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक इवेंट के दौरान इस ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा है। नेहा शर्मा ने हाल ही में बॉम्बे टाइम्स फैशन वीक में भाग लिया और अपने हॉट और बोल्ड आउटफिट से कई लोगों का ध्यान खींचा। रैंपवॉक के लिए नेहा शर्मा ने पीले रंग का डिजाइनर लहंगा पहना था। नेटिजेंस ने नेहा को ट्रोल करना शुरू कर दिया है, क्योंकि उनके ऊपर पहना गया टॉप काफी बोल्ड है। नेहा इस आउटफिट में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं। नेहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया है। कुछ ने नेहा के फैशन की तारीफ की है तो कई लोगों ने नेहा की आलोचना की है। नेहा के रिवीलिंग



आउटफिट को देखकर नेटिजन्स ने कमेंट किया है कि वह उर्फी जावेद की कॉपी हैं। एक यूजर ने लिखा, क्या अच्छा दिखने के लिए ऐसे कपड़े

> नेहा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है और लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया है। कुछ ने नेहा के फैशन की तारीफ की है तो कई लोगों ने नेहा की आलोचना की है।

पहनना अनिवार्य है? एक दूसरे यूजर ने लिखा, अश्लीलता का ट्रेंड चल रहा है। तीसरे ने लिखा, मुझे लगता है अब सबको पता है कि अगर लाइमलाइट में आना है तो बस एक काम करो कपड़े कम पहनो और दांत ज्यादा दिखाओ। नेहा शर्मा और उनकी बहन आयशा शर्मा दोनों ही सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। उनके जिम लुक की तस्वीरें भी काफी वायरल होती रही हैं। नेहा शर्मा अब नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ फिल्म "जोगीरा सारा" में नजर आएंगी।

